# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

VPL

वर्ष 10 अंक 199
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
28 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 पिछले दो दिन में 272 पाकिस्तानी नागरिकों ने अटारी के रास्ते भारत छोड़ा | 06 दुनिया के बाज़ार में भारत ! : ऋषभदेव शर्मा | 11 बुमराह के चार विकेट, रिकलटन और सूर्यकुमार के अर्धशतक, मुंबई ...







"मेहनत वो सुनहरी चाबी है, जो बंद भविष्य के दरवाजे, भी खोल देती है !"

Saurabh Shivhare






# भारत दुनिया में सबसे किफायती, सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है : प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक किफायती एवं सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति बन गया है और वह भविष्य में नयी ऊंचाइयों को छुएगा।

मोदी ने कहा कि कई युवा अंतरिक्ष स्टार्टअप के क्षेत्र में नयी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले केवल एक कंपनी थी लेकिन आज देश में 325 से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. कस्तूरीरंगन को भी श्रद्धांजलि दी।

इसरो की करीब एक दशक तक बागडोर संभालने वाले के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।

मोदी ने कहा, ''हमने दो दिन पहले देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को खो दिया। मेरी कस्तूरीरंगन जी से जब भी मुलाकात होती थी, हम भारत के युवाओं की प्रतिभा, आधुनिक शिक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान जैसे विषयों पर काफी चर्चा करते थे। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नयी ऊंचाई देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में इसरो को एक नयी पहचान मिली।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि कस्तूरीरंगन के मार्गदर्शन में जो अंतरिक्ष कार्यक्रम आगे बढ़े, उनसे भारत के प्रयासों को वैश्विक मान्यता मिली। उन्होंने कहा कि आज भारत जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में ही प्रक्षेपित किए गए थे।

उन्होंने कहा, ''उनके व्यक्तित्व की एक और बात बहुत खास थी, जिससे युवा-पीढ़ी उनसे सीख सकती है। उन्होंने नवोन्मेष को हमेशा महत्व दिया। कुछ नया सीखने, जानने और नया करने का दृष्टिकोण बहुत प्रेरित करने वाला है।''

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कस्तूरीरंगन ने देश की नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि कस्तूरीरंगन ने 21वीं सदी की आधुनिक जरूरतों के मुताबिक ''भविष्योन्मुखी शिक्षा'' का विचार पेश किया था।

मोदी ने कहा, ''देश की निःस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मैं डॉ. के. कस्तूरीरंगन को विनम्र भाव से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।''

मोदी ने कहा कि अप्रैल में आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण के 50 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा, ''आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, 50 वर्ष की इस यात्रा को याद करते हैं तो लगता है कि हमने कितनी लंबी दूरी तय की है। अंतरिक्ष में भारत के सपनों की ये उड़ान एक समय केवल हौसलों से शुरू हुई थी। राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा पाले कुछ युवा वैज्ञानिकों के पास न तो आज जैसे आधुनिक संसाधन थे, न ही दुनिया की प्रौद्योगिकी तक वैसी पहुंच थी, अगर कुछ था तो वह था- प्रतिभा, लगन, मेहनत और देश के लिए कुछ करने का जज्बा।''

मोदी ने कहा, ''अहम उपकरणों को बैलगाड़ियों और साइकिल पर रखकर खुद लेकर जाते हमारे वैज्ञानिकों की तस्वीरों को आपने भी देखा होगा। उसी लगन और राष्ट्र सेवा की भावना का नतीजा है कि आज इतना कुछ बदल गया है।''उन्होंने कहा कि आज अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत एक वैश्विक शक्ति बन चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमने एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के



दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बने हैं। भारत ने 'मार्स ऑर्बिटर मिशन' (मंगलयान) का प्रक्षेपण किया और हम आदित्य – एल1 मिशन के जरिए सूरज के काफी करीब तक पहुंचे हैं।''

मोदी ने कहा कि आज भारत पूरी दुनिया में सर्वाधिक किफायती तथा सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देश अपने उपग्रहों और अंतरिक्ष मिशन के लिए इसरो की मदद लेते हैं।

मोदी ने कहा, ''हम जब इसरो द्वारा किसी उपग्रह का प्रक्षेपण देखते हैं तो हम गर्व से भर जाते हैं। ऐसी ही अनुभूति मुझे तब हुई जब मैं 2014 में पीएसएलवी-सी-23 के प्रक्षेपण का साक्षी बना था। मैं 2019 में चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण के दौरान भी बेंगलुरु के इसरो केंद्र में मौजूद था। उस समय चंद्रयान को अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी, तब वैज्ञानिकों के लिए बहुत मुश्किल घड़ी थी लेकिन मैं अपनी आंखों से वैज्ञानिकों के धैर्य और कुछ कर गुजरने का जज्बा भी देख रहा था।''उन्होंने कहा कि कुछ साल बाद पूरी दुनिया ने भी देखा कि कैसे उन्हीं वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 को सफल करके दिखाया।

मोदी ने कहा कि भारत ने अपने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया है और आज बहुत से युवा अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप में नए झंडे लहरा रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''आने वाला समय अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत सारी नयी संभावनाएं लेकर आ रहा है। भारत नयी ऊंचाइयों को छूने वाला है। देश गगनयान, स्पैडेक्स और चंद्रयान-4 जैसे कई अहम मिशन की तैयारियों में जुटा है। हम शुक्र ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर मिशन पर भी काम कर रहे हैं।''

मोदी ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक अपने नवोन्मेषों से देशवासियों को गौरवान्वित करते रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने 1917 के चंपारण सत्याग्रह को याद करते हुए कहा कि यह भारत में महात्मा गांधी का पहला बड़ा प्रयोग था।

मोदी ने कहा, ''बापू के सत्याग्रह से पूरी अंग्रेज हुकूमत हिल गई। अंग्रेजों को नील की खेती के लिए किसानों को मजबूर करने वाले कानून को स्थगित करना पड़ा। ये एक ऐसी जीत थी जिसने आजादी की लड़ाई में नया विश्वास फूंका। आप सब जानते होंगे कि इस सत्याग्रह में बड़ा योगदान बिहार के एक और सपूत का भी था जो आजादी के बाद देश के पहले राष्ट्रपति बने। वह महान विभूति थे -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद। उन्होंने 'चंपारण सत्याग्रह' पर एक किताब भी लिखी।'' उन्होंने कहा कि अप्रैल में ही स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई के कई और अमिट अध्याय जुड़े हुए हैं।

मोदी ने कहा, ''अप्रैल की छह तारीख को ही गांधी जी की 'दांडी यात्रा' संपन्न हुई थी। बारह मार्च से शुरू होकर 24 दिन तक चली इस यात्रा ने अंग्रेजों को झकझोर कर रख दिया था। अप्रैल में ही जलियांवाला बाग नरसंहार हुआ था। पंजाब की धरती पर इस रक्तरंजित इतिहास के निशान आज भी मौजूद हैं।''

उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में 10 मई को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वर्षगांठ भी आने वाली है।

मोदी ने कहा कि आजादी की उस पहली लड़ाई में जो चिंगारी उठी थी, वह आगे चलकर लाखों सेनानियों के लिए मशाल बन गई।

उन्होंने कहा, ''अभी 26 अप्रैल को हमने 1857 की क्रांति के महान नायक बाबू वीर कुंवर सिंह की पुण्यतिथि भी मनाई। बिहार के महान सेनानी से पूरे देश को प्रेरणा मिलती है। हमें ऐसे ही लाखों स्वतंत्रता सेनानियों की अमर प्रेरणाओं को जीवित रखना है।''

मोदी ने कहा, ''हमें उनसे जो ऊर्जा मिलती है, वह अमृतकाल के हमारे संकल्पों को नयी मजबूती देती है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत उसके 140 करोड़ नागरिक, उनका सामर्थ्य एवं उनकी इच्छा शक्ति है और जब करोड़ों लोग किसी अभियान से एक-साथ जुड़ जाते हैं तो उसका प्रभाव बहुत बड़ा होता है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उदाहरण देते हुए कहा कि पांच जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर इस अभियान को एक वर्ष पूरा हो रहा है।

मोदी ने कहा, ''इस एक साल में इस अभियान के तहत देश-भर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए। भारत की इस पहल को देखते हुए देश के बाहर भी लोगों ने अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए हैं।'' मोदी ने इस बात की भी सराहना की कि केरल के वायनाड में कैसे केसर किसी खेत या मिट्टी में नहीं, बल्कि 'एरोपोनिक्स' (मिट्टी के बिना पौधे उगाने की ऐसी विधि जिसमें जड़ें हवा में लटकी रहती हैं) तकनीक की मदद से उगाया जा रहा है।

## दिल्ली के रोहिणी में झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत, 800 झुग्गियां जलकर खाक

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के रोहिणी के सेक्टर-17 में रविवार सुबह झुग्गियों में लगी भीषण आग में झुलसकर दो बच्चों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों ने तीन घंटे की अथक मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, लेकिन घटनास्थल पर शीतलन अभियान अभी जारी है।

रोहिणी के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि घटनास्थल से दो बच्चों के जले हुए शव बरामद किए गए, जिनकी उम्र क्रमशः ढाई साल और तीन साल है।

डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें पूर्वाह्न करीब 11:55 बजे घटना की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया, ''हमें सेक्टर 17 में श्रीनिकेतन अपार्टमेंट के पास आग लगने की सूचना मिली। हमने तुरंत दमकल की 17 गाड़ियों को भेजा। हमने अपराह्न 12.40 बजे पाया कि बहुत भीषण आग लगी हुई है, जिसके बाद अधिक गाड़ियों और कर्मियों को बुलाया गया।'' अधिकारी ने बताया कि आग



लगने से करीब पांच एकड़ में फैली 800 से ज़्यादा झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। जब अग्निशमन कर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे तो आसमान में धुएं का घना गुबार उठ रहा था। डीएफएस के अधिकारी ने कहा, ''आग पर पूरी तरह से काबू पाने में तीन घंटे से अधिक का समय लगा। शीतलन अभियान अब भी जारी है। दो बच्चों के शव बरामद कर लिए गए हैं और उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''आग अब पूरी तरह से काबू में है। शीतलन अभियान जारी है।''घटनास्थल पर अग्निशमन विभाग के साथ-साथ पुलिस की कई टीम भी तैनात की गई हैं।

डीएफएस के अनुसार, सबसे पहले एक झुग्गी में आग लगी थी और इसने तुरंत पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया।

अधिकारी ने बताया कि स्थान के कारण अग्निशमन कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''प्रभावित क्षेत्र के सामने चारदीवारी वाला एक आवासीय परिसर है, जिससे वहां पहुंचना बेहद मुश्किल है। दमकल गाड़ियों को एक के पीछे एक खड़ा करना पड़ा, जिससे अभियान में देरी हुई।'' अधिकारी ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा कि पुलिस आग लगने के वास्तविक कारण की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला कि आग संभवतः इलाके के भीतर ही लगी होगी।

## आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई: जम्मू-कश्मीर में तीन और आतंकवादियों के घर ध्वस्त किए

श्रीनगर, (भाषा) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद आतंकवादी तंत्र के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए प्राधिकारियों ने बांदीपोरा, पुलवामा और शोपियां जिलों में तीन कथित सक्रिय आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

इसके साथ ही, 22 अप्रैल को पहलगाम में बैसरन घाटी में हुए हमले के बाद से अब तक संदिग्ध आतंकवादियों के नौ घरों को ध्वस्त कर दिया गया है।

पहलगाम में हुए हमले के बाद आतंकवाद विरोधी अभियान में तेजी आई है, जिसके तहत सुरक्षा बलों ने सिर्फ पांच दिन में घाटी में 500 से अधिक स्थानों पर छापे मारे हैं और सैकड़ों संदिग्धों से पूछताछ की है।

राजनीतिक दलों ने केंद्र से आग्रह किया है कि वह यह सुनिश्चित करे कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करते समय निर्दोष लोगों को निशाना न बनाया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात शोपियां जिले के वंडिना में आतंकवादी अदनान शफी का घर ध्वस्त कर दिया गया जो पिछले साल आतंकवादियों के समूह में शामिल हुआ था। उन्होंने बताया कि पुलवामा जिले में एक अन्य संदिग्ध सक्रिय आतंकवादी आमिर नजीर का घर भी ढहा दिया गया।

बांदीपुरा जिले में लश्कर-ए-तैयबा के संदिग्ध आतंकवादी जमील अहमद शेरगोजरी का घर जमींदोज कर दिया। शेरगोजरी 2016 से सक्रिय आतंकवादी है। इसके साथ ही पहलगाम हमले के बाद से अब तक आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के नौ घरों को ध्वस्त किया जा चुका है।


दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों की गोलीबारी में कम से कम 26 लोग मारे गए हैं, जिनमें अधिकतर पर्यटक शामिल थे।

जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादी तंत्र के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों द्वारा बड़े पैमाने पर अभियान शुरू करने के बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि केंद्र को सावधानी से कदम उठाना चाहिए ताकि निर्दोष लोगों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े।

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने टीटीपी के 54 आतंकवादियों को मार गिराया

**पेशावर,** (भाषा) प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कम से कम 54 आतंकवादियों को अफगानिस्तान से पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में घुसने की कोशिश के दौरान मार गिराया गया।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई ने यह जानकारी दी। 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के एक बयान के अनुसार, 25 और 26 अप्रैल तथा 26 और 27 अप्रैल की दरमियानी रात सुरक्षा बलों को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के हसन खेल में आतंकवादियों के एक बड़े समूह की गतिविधियों का पता चला। बयान के अनुसार, सैनिकों ने 54 आतंकवादियों को मार गिराया। मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गए।



## पहलगाम हमला सरकार की विफलता का नतीजा: अखिलेश

**लखनऊ**, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए रविवार को ''खुफिया विफलता'' को जिम्मेदार ठहराया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान की बजाय ''प्रोपेगेंडा'' को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने आतंकवादी हमले के प्रत्येक पीड़ित के परिवार को 10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता और एक सरकारी नौकरी देने की मांग की। उन्होंने कहा, ''यह (पहलगाम हमला) सरकार की विफलता है। यह खुफिया विफलता का नतीजा है। वहां उचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी और सेना वहां नहीं पहुंच सकी। अब लोग पहलगाम के साथ पुलवामा की भी बात कर रहे हैं।'' इस मुद्दे पर हुई सर्वदलीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा, ''पार्टी ने बैठक में जो कहना था, कह दिया है। मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। आप मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) से पूछ सकते हैं कि वे इस मामले पर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।''

यादव ने सपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''हमारे मुद्दे आज भी बेरोजगारी के हैं- नौकरियां घट रही हैं, नौकरियों के अवसर खत्म हो रहे हैं, योग्यता के अनुसार काम नहीं मिल रहा है और सरकार सम्मानजनक रोजगार नहीं दे पा रही है।'' उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिनके पास डिग्रियां हैं, उन्हें इस सरकार ने 'डिलीवरी ब्वाय' बना दिया है।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाते हुए



कहा कि सरकार के लोग मिलकर संवैधानिक अधिकार नहीं दे रहे हैं, आरक्षण के साथ खिलवाड़ हो रहा है तथा नौकरी न देने का मकसद सीधा-सीधा आरक्षण न देना है। उन्होंने दावा किया, ''शिक्षा में राजनीतिक हस्तक्षेप बहुत बढ़ गया है।''

यादव ने कहा कि युवतियों के लिए सबसे ज्यादा असुरक्षित माहौल उत्तर प्रदेश में है और यह सरकार के आंकड़े ही बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह शिक्षा का निजीकरण हुआ है, उसको लेकर पार्टी और यूथ ब्रिगेड के लोग जनता को समझाएंगे।

यादव ने सरकार पर पक्षपात करने का आरोप लगाया और कहा कि अगर समाजवादी पार्टी का व्यक्ति सोशल मीडिया पर कुछ लिख दे तो पुलिस प्रशासन उसके पीछे पड़ जाता है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने रविवार को पार्टी की युवा शाखा समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं की बैठक के बारे में कहा कि पार्टी ने ''पीडीए संकल्प'' तैयार किया है जिसे गांवों में बांटा जाएगा। उनके मुताबिक, इसमें पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) से जुड़े मुद्दे हैं और संविधान बचाने के लिए उन्हें जागरूक करने का प्रयास है।

शनिवार को कुशीनगर हवाई अड्डे पर उनके विमान को उतरने की अनुमति न दिए जाने के पार्टी के आरोपों के बारे में यादव ने कहा कि उन्हें बताया गया कि दृश्यता कम है। उन्होंने कहा, ''जब पांच किलोमीटर तक स्पष्टता थी तो हमें बताया गया कि दृश्यता कम है।''

# गंगा एक्सप्रेसवे पर पहली बार नाइट लैंडिंग की सुविधा, तैयार हुई देश की सबसे लंबी हवाई पट्टी

## शाहजहांपुर में तैयार हुई 3.5 किमी लंबी नाइट लैंडिंग स्ट्रिप, अब दिन-रात उतर सकेंगे फाइटर जेट

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शाहजहांपुर के जलालाबाद क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से तैयार की गई 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का जायजा लिया, जो देश की पहली नाइट लैंडिंग-सक्षम एक्सप्रेसवे एयरस्ट्रिप है। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर देश की पहली नाइट लैंडिंग हवाई पट्टी तैयार हो गई है। 3.5 किलोमीटर लंबी यह हवाई पट्टी भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट्स को दिन के साथ-साथ रात में भी सुरक्षित लैंडिंग की सुविधा देगी। यह देश में अपनी तरह की पहली व्यवस्था है जो सैन्य दृष्टिकोण से बेहद अहम मानी जा रही है। सुरक्षा के लिए हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर 250 हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह न केवल वायुसेना के संचालन को सुगम बनाएगा बल्कि किसी भी संभावित खतरे की निगरानी में मददगार होगा।

गंगा एक्सप्रेसवे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह करीब 600 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक फैला हुआ है, जिसे अब गाजीपुर तक बढ़ाया जाएगा। साथ ही इसे हरिद्वार और बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों से लिंक कर मल्टी-रीजनल कनेक्टिविटी दी जा रही है।

योगी सरकार का यह कदम उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। यह एक्सप्रेसवे न केवल प्रदेश के आर्थिक विकास को रफ्तार देगा, बल्कि रक्षा के लिहाज से भी रणनीतिक रूप से बेहद अहम साबित होगा।

# यूके, यूएस, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के अतिथियों ने ऐतिहासिक धरोहरों का किया भ्रमण, स्थानीय व्यंजन का लिया आनंद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा 22 से 30 अप्रैल तक यूके, अमेरिका, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख टूर ऑपरेटर्स की विशेष फैमिलियरा-इजेशन ट्रिप (फैम ट्रिप) आयोजित की जा रही है। इसमें एक दल ने रविवार को लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहरों- रेजीडेंसी, बड़ा इमामबाड़ा और ला मार्टिनियर कॉलेज का दौरा किया। जबकि दूसरे दल ने दुधवा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया। आगंतुक दोनों स्थलों की भव्यता देख अभिभूत हुए।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म की असीमित संभावनाएं हैं, जिन्हें धरातल पर उतारने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड राज्य के नैसर्गिक सौंदर्य को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में विभिन्न देशों की फैम ट्रिप कराई जा रही है। इन दलों में टूर ऑपरेटर्स के साथ पत्रकारों और

**■ ईको टूरिज्म बोर्ड प्रदेश के प्राकृतिक धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध : जयवीर सिंह**

ट्रैवल राइटर्स को भी शामिल किया गया है।

श्री सिंह बताया कि ये टूर ऑपरेटरर्स का दल उत्तर प्रदेश के प्रमुख ईको टूरिज्म स्थलों का भ्रमण कर रहे हैं और अपनी रिपोर्ट्स, लेखों और सोशल मीडिया पोस्ट्स के माध्यम से प्रदेश के प्राकृतिक आकर्षणों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित कर रहे हैं। इस पहल से उत्तर प्रदेश के पर्यटन उद्योग को एक नया आयाम मिलेगा और राज्य में रोजगार तथा आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बुद्धिजीवियों ने मुख्यमंत्री रेड्डी से केंद्र को शांति वार्ता के लिए राजी करने का आग्रह किया



हैदराबाद (भाषा) बुद्धिजीवियों और अन्य लोगों के एक समूह ने रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से आग्रह किया कि वे केंद्र को संघर्ष विराम की घोषणा करने और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादियों) के साथ शांति वार्ता करने के लिए राजी करें।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि समूह में सेवानिवृत्त प्रोफेसर हरगोपाल, सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्र कुमार और अन्य शामिल हैं, जिन्होंने इस संबंध में रेड्डी को एक ज्ञापन सौंपा।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद को सामाजिक दृष्टिकोण से देखती है, न कि केवल कानून और व्यवस्था के मुद्दे के रूप में।

यह याद करते हुए कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता के जना रेड्डी ने 2004 में अविभाजित आंध्र प्रदेश के गृह मंत्री के रूप में माओवादियों के साथ शांति वार्ता की थी, मुख्यमंत्री ने समूह से कहा कि सरकार इस मामले पर उनकी सलाह लेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि कैबिनेट मंत्रियों के साथ चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

यह घटनाक्रम छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे गहन माओवाद रोधी अभियानों की पृष्ठभूमि में सामने आया है।

### सेंथिल बालाजी और पोनमुडी ने तमिलनाडु के मंत्री पद से इस्तीफा दिया, मनो थंगराज की वापसी

चेन्नई (भाषा) तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी और के. पोनमुडी ने एम के स्टालिन की प्रदेश सरकार से इस्तीफा दे दिया है और राज्यपाल ने इसे स्वीकार कर लिया है। राजभवन ने रविवार को यह जानकारी दी। राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर एन रवि ने मुख्यमंत्री स्टालिन के सिफारिश को मंजूरी दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना कर रहे सेंथिल बालाजी को बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने पद और स्वतंत्रता के बीच चुनाव करने के लिए कहा था और चेतावनी दी थी कि अगर वह मंत्री पद से इस्तीफा नहीं देते हैं तो उनकी जमानत रद्द कर दी जाएगी।

वहीं पोनमुडी ने हाल में अपनी शैव-वैष्णव टिप्पणी से बड़ा विवाद पैदा कर दिया था, जिसकी व्यापक आलोचना हुई थी, यहां तक कि मद्रास उच्च न्यायालय ने बाद में इस मामले पर कार्यवाही शुरू की थी। हालांकि उन्हें पार्टी के एक प्रमुख पद से हटा दिया गया था लेकिन विपक्षी दलों और अन्य हलकों से उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग की जा रही थी। परिवहन मंत्री एस एस शिवशंकर को बिजली विभाग दिया गया है, जो सेंथिल बालाजी के पास था। इसके अलावा, आवास मंत्री एस मुथुसामी को आबकारी और निषेध विभाग दिया गया है, जो सेंथिल बालाजी के पास था।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि आर एस राजकन्नप्पन को उनके मौजूदा दूध और डेयरी विकास विभाग के अलावा पोनमुडी का वन एवं खादी विभाग भी दिया गया है।

# प्रयागराज शिक्षा निदेशालय में भीषण आग, महत्वपूर्ण फाइलें जलकर राख

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

प्रयागराज/ लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा निदेशालय के दो महत्वपूर्ण अनुभागों में आज तड़के भीषण आग लग गई। सूत्रों के अनुसार आग ने उन सेक्शनों को निशाना बनाया, जहां एडेड स्कूलों से जुड़ी अत्यंत संवेदनशील फाइलें रखी गई थीं। सभी फाइलें जलकर पूरी तरह राख हो गई हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि आग किन परिस्थितियों में लगी, इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कई जानकार इसे संदेहास्पद घटना बता रहे हैं, खासतौर पर ऐसे समय में जब कई एडेड स्कूलों की जांच प्रक्रियाएं चल रही थीं। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और फायर ब्रिगेड की कई टीमें मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रयागराज स्थित शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के मुख्य भवन में रविवार को सुबह लगभग 8:00 बजे आग लगने की घटना हुई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, घटना के हर पहलू की विस्तार से जांच करने के लिए सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया है। इस समिति में एडीएम सिटी और सीएफओ को भी शामिल किया गया है। घटना की गहराई से जांच करने और आवश्यक कदम उठाने के लिए पुलिस विभाग को भी औपचारिक रूप से अनुरोध किया गया है।

# यूपी परिवहन आयुक्त श्री बी.एन. सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



गौतमबुद्ध नगरः उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त श्री बी.एन. सिंह की उपस्थिति में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में मिशन कर्मयोगी और सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सड़क सुरक्षा में तकनीक की भूमिका को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री एल. वेंकटेश्वर लू, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी, आरटीओ गाजियाबाद श्री पी.के. सिंह, एआरटीओ सियाराम वर्मा, एआरटीओ डॉ. उदित नारायण पाण्डेय सहित विभिन्न अधिकारी, एनजीओ, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा में तकनीक की भूमिका

परिवहन आयुक्त श्री बी.एन. सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए जागरूकता, शिक्षा और तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और इसके लिए नवीन तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

### तकनीकी पहल और उनके प्रभाव

कार्यशाला में कई तकनीकी पहलों पर चर्चा की गई, जैसे कि इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (कळ्ळफ), ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (अळर), इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (क्ळटर), और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक)। श्री सिंह ने बताया कि इन तकनीकों से सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, और दुर्घटनाओं को कम करने में मदद मिलेगी।

### समाज की भागीदारी

अपर मुख्य सचिव श्री एल. वेंकटेश्वर लू ने सड़क सुरक्षा को एक सामुदायिक प्रयास के रूप में देखने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी ने तकनीक और जागरूकता के संयोजन से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की बात कही।

### समापन और संकल्प

कार्यशाला के समापन पर श्री बी.एन. सिंह ने सभी से सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इस कार्यशाला ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और तकनीक के माध्यम से प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए ।

# उत्तराखंड के विकास के लिए काम करें दायित्वधारी : सीएम

## मुख्यमंत्री ने मुख्य सेवक सदन में दायितवधारियों से किया संवाद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के दायित्वधारियों से संवाद के दौरान कहा कि हमें मिलकर राज्य के समग्र विकास के लिए कार्य करना है। कहा कि दायित्वधारी सरकार की योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अपने दायित्व से सबंधित योजनाओं की मॉनिटरिंग करने और क्षेत्र भ्रमण में फीडबैक भी लें।

शनिवार को सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री ने दायित्वधारियों के साथ संवाद किया। कहा कि दायित्व के साथ जनसेवा की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कहा कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले इसके लिए अपने विभागों के साथ बैठक की जाए, योजनाओं का व्यापक प्रचार किया जाए।

जन आकांक्षाओं के अनुरूप सबको अपने कार्य क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

उन्होंने दायित्वधारियों से कहा कि वे जनहित के कार्यों को और बेहतर योजनाएं बनाने के लिए अपने सुझाव अवश्य दें। समाज के कमजोर वर्ग को योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इस दिशा में विशेष प्रयास किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दायित्वधारी विभाग स्तर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों और नवाचारों की प्रगति रिपोर्ट विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय में भी दें।

कहा कि उनके विभागों से संबंधित सुझावों को मुख्यमंत्री और मंत्री स्तर की बैठकों में शामिल किया जायेगा।

मौके पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट समेत सभी दायित्वधारी मौजूद रहे।

# श्रावस्ती में अवैध रूप से संचालित 10 मदरसे बंद, नेपाल सीमा से लगे क्षेत्र में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में प्रशासन ने अवैध और बिना मान्यता के संचालित 10 मदरसों को बंद करा दिया है। यह कार्रवाई नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में शनिवार को की गई। जिले के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी देवेंद्र राम ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती जिले में कुल 297 मदरसे पंजीकृत हैं, जिनमें से 192 मदरसे बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इन मदरसों की स्थिति की जांच के दौरान कई तरह की अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते कार्रवाई की गई।


### किराए के मकानों और अधबने भवनों में चल रहे थे मदरसे

जांच में यह सामने आया कि इनमें से अधिकांश मदरसे चोरी-छिपे संचालित किए जा रहे थे। कुछ अवैध रूप से किराए के मकानों, निजी घरों और कुछ अर्धनिर्मित भवनों में चल रहे थे। प्रशासन ने इन्हें बंद कराते हुए संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया है। जिलाधिकारी कार्यालय (सूचना विभाग) से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जिले में सभी गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच की जा रही है, और अनियमितताओं की पुष्टि होने पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# नगर विकास मंत्री ने निकाय कार्यों की वर्चुअल समीक्षा कर दिए जरूरी निर्देश

## बरसात से पहले सभी छोटे-बड़े नाले नालियों की सफाई पूरी जिम्मेदारी के साथ 30 मई से पहले पूर्ण कराएं : एके शर्मा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी नगर आयुक्तों और अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि 30 मई 2025 से पहले नगर क्षेत्रों के सभी नाले-नालियों की सफाई पूरी जिम्मेदारी और व्यक्तिगत निगरानी में कराई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जहां भी अतिक्रमण हुआ है, उसे तत्काल हटाया जाए, ताकि बरसात के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति न बने।

मंत्री ने कहा कि सभी पंपिंग स्टेशन पूरी तरह क्रियाशील स्थिति में रहें, इसकी पूर्व जांच की जाए। उनका कहना था कि नगरीय क्षेत्र हमारे सामाजिक और आर्थिक विकास के केंद्र हैं, इसलिए उनकी स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को और सुदृढ़ किया जाए। कूड़े के ढेर न दिखाई दें, इसके लिए पोर्टेबल कॉम्पैक्टर स्टेशन और मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। गंदगी फैलाने वालों पर जुमार्ना लगाया जाए। गौशालाओं में गर्मी में चारा-पानी की व्यवस्था की जाए।

पौधरोपण के बाद उचित देखभाल की जाए ताकि पौधों का जीवन बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि नगरों में डिजिटल प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जाए और अवैध होर्डिंग व बैनर तत्काल हटाए जाएं।

प्रमुख नगरों के लिए विशेष निर्देश

एके शर्मा ने लखनऊ, वाराणसी, अलीगढ़, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर नगर, मथुरा सहित कई नगरों के नगर आयुक्तों से सीधे संवाद करते हुए विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, बुलंदशहर, शामली, सिद्धार्थनगर, रायबरेली, अमेठी, महाराजगंज, बलिया, बस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव, भदोही, पीलीभीत के अधिशासी अधिकारियों को भी सतर्क रहने और समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# पिछले दो दिन में 272 पाकिस्तानी नागरिकों ने अटारी के रास्ते भारत छोड़ा

नयी दिल्ली, (भाषा) पिछले दो दिन में लगभग 272 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा चौकी के रास्ते भारत छोड़ पाकिस्तान जा चुके हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि रविवार को पाकिस्तान के 12 श्रेणियों के अल्पकालिक वीजा धारकों के लिए भारत में रहने की समय सीमा समाप्त होने के मद्देनजर सैकड़ों और पाकिस्तानियों के स्वदेश लौटने की संभावना है।

अधिकारी के मुताबिक, पंजाब स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते 13 राजनयिकों और अधिकारियों समेत कुल 629 भारतीय नागरिक पिछले दो दिन में पाकिस्तान से भारत वापस आ चुके हैं।

भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़कर जाने का निर्देश दिया था।

दक्षेस वीजा धारकों के लिए भारत स्वदेश लौटने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गई थी। वहीं, चिकित्सा वीजा रखने वालों को 29 अप्रैल तक देश से जाने का निर्देश दिया गया था।

जिन 12 श्रेणियों का अल्पकालिक वीजा रखने वाले लोगों को रविवार तक वापस जाना है, उनमें आगमन पर वीजा, व्यवसाय, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, सामूहिक पर्यटन, तीर्थयात्रा और सामूहिक तीर्थयात्रा वीजा धारी लोग शामिल हैं।



हालांकि, दीर्घकालिक और राजनयिक या आधिकारिक वीजा रखने वालों को अभी भारत छोड़ने का निर्देश नहीं दिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, 25 अप्रैल को 191, जबकि 26 अप्रैल को 81 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के रास्ते स्वदेश चले गए। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को 287 भारतीय नागरिक अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान से भारत आए, जबकि 26 अप्रैल को 13 राजनयिकों और अधिकारियों सहित कुल 342 भारतीयों ने इस मार्ग से स्वदेश वापसी की।

अधिकारियों के मुताबिक, कुछ पाकिस्तानी संभवतः हवाई मार्ग से भी भारत छोड़कर चले गए होंगे। उन्होंने बताया कि चूंकि, भारत का पाकिस्तान के साथ सीधा हवाई संपर्क नहीं है, इसलिए वे संभवतः अन्य देशों के लिए रवाना हो गए होंगे।

अधिकारियों ने कहा कि भारत में अल्पकालिक वीजा धारी सबसे अधिक (लगभग एक हजार) पाकिस्तानी महाराष्ट्र में रह रहे थे। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री योगेश कदम ने शनिवार को कहा था कि अल्पकालिक वीजा रखने वाले 1,000 पाकिस्तानी नागरिकों से भारत छोड़ने के लिए कहा गया है।

अधिकारियों के अनुसार, महाराष्ट्र में लगभग 5,050 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं और उनमें से ज्यादातर के पास लंबी अवधि का वीजा है। उन्होंने बताया कि करीब 2,450 पाकिस्तानी नागपुर में, 1,100 ठाणे में, 390 जलगांव में, 290 नवी मुंबई में, 290 पिंपरी चिंचवाड़ में, 120 अमरावती में और 15 मुंबई में रह रहे हैं।

अधिकारियों ने कहा कि महाराष्ट्र में रह रहे 107 पाकिस्तानी नागरिकों के मौजूदा ठिकाने का पता नहीं लगाया जा सका है।

तेलंगाना के पुलिस प्रमुख जितेंद्र ने आधिकारिक रिकॉर्ड के हवाले से बताया कि राज्य में कम से कम 208 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर हैदराबाद में हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से 156 के पास दीर्घकालिक वीजा, 13 के पास अल्पकालिक वीजा और 39 के पास चिकित्सा एवं व्यावसायिक वीजा था।

अधिकारियों के अनुसार, केरल में 104 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं, जिनमें से 99 दीर्घकालिक वीजा पर हैं, जबकि पांच अन्य के पास पर्यटक या चिकित्सा वीजा था और वे देश छोड़ चुके हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश में करीब 228 पाकिस्तानी नागरिक विभिन्न उद्देश्यों के लिए आए हुए थे, जिनमें से कई पहले ही वापस जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा में कम से कम 12 पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं, जिनसे निर्धारित समय में भारत छोड़ने के लिए कहा गया है।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि अल्पकालिक वीजा पर राज्य में आए तीन पाकिस्तानी नागरिकों को छोड़कर जाने का निर्देश दिया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक, सात पाकिस्तानी नागरिक अल्पकालिक वीजा पर गुजरात आए हुए थे, जिनमें से पांच अहमदाबाद में और एक-एक भरूच और वडोदरा में थे। उन्होंने बताया कि ये सातों या तो भारत छोड़ चुके हैं या फिर रविवार को वापस चले जाएंगे।

अधिकारियों के अनुसार, 438 पाकिस्तानी नागरिक दीर्घकालिक वीजा पर गुजरात में हैं और इनमें वे हिंदू भी शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया है।

वहीं, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य में आए उन सभी श्रेणी के पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिन्हें भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक पाकिस्तानी नागरिक अभी भी राज्य में है और वह 30 अप्रैल को पाकिस्तान के लिए रवाना होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया था और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा था कि कोई भी पाकिस्तानी देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा के बाद भारत में न रहे।

# अदालती आदेशों पर समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर अवमानना कार्यवाही से बचें: कानून मंत्रालय

नयी दिल्ली, (भाषा) कानून मंत्रालय ने अवमानना कार्यवाही से बचने के लिए केंद्रीय मंत्रालयों के अदालती आदेशों पर "समय पर पर्याप्त प्रतिक्रिया" देने पर जोर दिया है।

मंत्रालय ने विभिन्न अदालतों में केंद्र सरकार से जुड़े लगभग 1.50 लाख अवमानना मामले लंबित होने के मद्देनजर यह बात कही है।

उसने इस बात को रेखांकित किया कि मंत्रालयों या उनके विभागों में मुकदमेबाजी का प्रबंधन करने वाले कई अधिकारियों के पास कानून के क्षेत्र में योग्यता नहीं होती, जिसके चलते कानूनी निहितार्थों की समझ का अभाव होता है और न्यायिक निर्देशों पर प्रतिक्रिया में देरी के कारण अवमानना का मामला दर्ज हो सकता है।

कानून मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग ने 'भारत सरकार से जुड़े मुकदमों के कुशल एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए जारी दिशा-निर्देश' में कहा है कि संसाधनों की कमी के कारण मुकदमेबाजी के प्रबंधन की मंत्रालयों की क्षमता सीमित है।

विभाग ने कहा कि ज्यादातर मंत्रालयों एवं विभागों के पास कोई समर्पित कानूनी प्रकोष्ठ नहीं है और मामलों को आमतौर पर संबंधित मुद्दे संभालने वाले प्रशासनिक या तकनीकी प्रभाग निपटाते हैं।

विभाग ने इस बात पर जोर दिया, "कभी-कभी निर्णयों और आदेशों का पालन न करने पर सरकारी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाती है। निर्णयों और आदेशों पर तय समय में पर्याप्त प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए निगरानी एवं समन्वय तंत्र में सुधार करके इन कार्यवाहियों को रोका जा सकता है।"

उसने कहा कि ऐसे अदालती मामलों की संख्या में कमी लाने के लिए, जिनमें केंद्र सरकार एक पक्ष है, न्यायालय ने मंत्रालयों को एक नोडल अधिकारी को नामित करने का निर्देश दिया है, जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का न हो और जिसे मुकदमों के प्रबंधन की निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# न्यायाधीशों की अत्यधिक कमी के कारण मामलों की नहीं हो पाती सुनवाई: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबादी के अनुपात में मुकदमों की संख्या के मद्देनजर ''न्यायाधीशों की अत्यधिक कमी'' का उल्लेख किया, जिसके चलते कई मामले अनसुने रह जाते हैं।

उच्च न्यायालय ने कहा कि ज्यादा संख्या में लंबित मामलों के कारण वह उचित समय के भीतर अपीलों पर निर्णय लेने में असमर्थ है और जब कुछ मामले अनसुने रह जाते हैं, तो यह न्यायाधीश के लिए ''बेहद पीड़ादायक'' होता है।

अदालत ने धोखाधड़ी और जालसाजी मामले के एक दोषी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। व्यक्ति ने अपने सामाजिक संबंधों और व्यवसाय के विकास के लिए अल्माटी, कजाकिस्तान और जॉर्जिया में रोटरी क्लब की क्लब असेंबली में भाग लेने के लिए विदेश यात्रा की अनुमति देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने कहा, ''मेरे विचार से,



चूंकि लंबित मामलों की संख्या अधिक होने के कारण यह न्यायालय उचित समयावधि में अपीलों पर निर्णय करने में असमर्थ है, इसलिए कुछ हद तक यात्रा के अधिकार से भी इनकार नहीं किया जाना चाहिए।''

अदालत ने व्यक्ति को पांच लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर एक मई से 11 मई तक विदेश यात्रा की अनुमति दे दी। अदालत ने कहा कि रोटेरी क्लब असेंबली जैसे कार्यक्रम में सामाजिक और व्यावसायिक संबंध विकसित होते हैं। अदालत ने कहा, ''जनसंख्या की तुलना में न्यायाधीशों की भारी कमी और मुकदमों की संख्या के कारण, लंबे समय तक नियमित मामलों पर सुनवाई नहीं हो पाती है।''

न्यायमूर्ति कठपालिया ने कहा, ''कई बार तो शाम पांच बजे के बाद भी जब अदालतें खुली रहती हैं, तब भी कुछ मामलों की सुनवाई नहीं हो पाती, जो न्यायाधीश के लिए अत्यंत पीड़ादायक होता है। ऐसे अनिश्चित माहौल में याचिकाकर्ता को स्वतंत्र आवागमन से वंचित करना, भले ही वह यात्रा का आनंद लेने के लिए ही क्यों न हो, उचित नहीं ठहराया जा सकता।''

अदालत ने उल्लेख किया कि धोखाधड़ी और जालसाजी मामले में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली व्यक्ति की अपील 2019 में उच्च न्यायालय में दायर की गई थी और पिछले न्यायाधीश ने इसे स्वीकार कर लिया था, तथा अब इस पर नियमित मामले के रूप में सुनवाई होगी।

व्यक्ति के वकील ने दलील दी कि उसे पहले भी विदेश जाने की अनुमति दी गई थी और 67 वर्ष की आयु होने के कारण उसके भागने की कोई गुंजाइश नहीं है।

## हरियाणा का वांछित अपराधी दिल्ली के द्वारका में गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) हरियाणा के एक वांछित अपराधी को दिल्ली के द्वारका से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा में झज्जर के गुभाना गांव निवासी आरोपी हरीश उर्फ मोनू (27) इस महीने की शुरुआत में गोलीबारी की घटना के बाद से फरार था। इसने बताया कि घटना के बाद गिरफ्तार आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ झज्जर में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने बताया कि 17 अप्रैल को एक गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस दल ने हरीश को ककरोला नाला के निकट रोका। पुलिस ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल, चार कारतूस और झज्जर में हुई गोलीबारी की घटना में इस्तेमाल की गई एक काली थार बरामद की गई। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह के एक बयान के अनुसार हरीश के खिलाफ पहले से ही डकैती, हत्या का प्रयास और अवैध हथियार रखने समेत कई मामले दर्ज हैं।

# कांग्रेस अब भी आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षण दे रही: अय्यर पर भाजपा का पलटवार

**नयी दिल्ली,** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को पहलगाम त्रासदी पर वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया और उस पर 'आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र' को बचाने और 'पाकिस्तान के प्रति प्रेम' दिखाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने शनिवार को यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह के दौरान आश्चर्य जताते हुए कहा था कि क्या 22 अप्रैल को बैसरन के हरे-भरे पर्यटक स्थल पर हुआ आतंकवादी हमला 'विभाजन के अनसुलझे सवालों' का नतीजा था। भाजपा ने इसे कांग्रेस नेताओं और उनके परिजनों द्वारा की गई निंदनीय और अपमानजनक टिप्पणियों की श्रृंखला में नवीनतम माना।

भाजपा की तीखी टिप्पणियों पर कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

अय्यर की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस का तुष्टीकरण पहलगाम आतंकी हमले पर भी जारी है! रॉबर्ट वाड्रा और सिद्धरमैया के बाद अब मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान और आतंकवादियों को दोष देने से इनकार कर रहे हैं!'' उन्होंने कहा, ''26/11 के हमले के बाद से कांग्रेस में कुछ भी नहीं बदला है, वह अब भी आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा कर रही है, अब भी पाकिस्तान के प्रति प्रेम दिखा रही है।''



इससे पहले सिद्धरमैया ने 'युद्ध के पक्ष में नहीं' होने का बयान दिया था और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने यह राय जाहिर की थी कि पहलगाम में गैर-मुसलमानों पर हमला किया गया क्योंकि आतंकवादियों को लगता है कि देश में मुसलमानों के साथ 'दुर्व्यवहार' किया जा रहा है।

हालांकि, रॉबर्ट वाड्रा ने आतंकी हमले की निंदा की थी, लेकिन उन्हें सभी तरफ से आलोचना का सामना करना पड़ा। भाजपा ने वाड्रा पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर आतंकवादियों की भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और उनसे माफी की मांग की।

अय्यर ने अपनी हालिया टिप्पणी में कहा था कि देश के सामने जो प्रश्न पहले था आज भी वही प्रश्न है कि क्या भारत में मुसलमान महसूस करते हैं कि उन्हें स्वीकार कर लिया गया है और उनका सम्मान किया जाता है?

उन्होंने कहा, ''कई लोगों ने विभाजन को लगभग रोक दिया था, लेकिन ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि गांधीजी, पंडित नेहरू, जिन्ना और जिन्ना से असहमत कई अन्य मुसलमानों के बीच भारत की राष्ट्रीयता और इसकी सभ्यतागत विरासत की प्रकृति की मूल्य प्रणालियों और आकलन को लेकर मतभेद थे।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन सच्चाई यह है कि विभाजन हुआ और आज तक हम उस बंटवारे के परिणामों के साथ जी रहे हैं। क्या हमें इसी तरह जीना चाहिए? क्या बंटवारे के अनसुलझे सवाल ही 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई भयानक त्रासदी में प्रतिबिंबित हुए हैं।''

अय्यर ने कहा कि उपमहाद्वीप में मुसलमानों का मसीहा बनने का पाकिस्तान का सपना 1971 के युद्ध के बाद खत्म हो गया, जब बांग्लादेश एक अलग देश बन गया।

भंडारी ने शुक्रवार को हरियाणा का दौरा किया और लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से मुलाकात की। पहलगाम के खूबसूरत पर्यटन स्थल बैसरन में जमीन पर पड़े नौसेना अधिकारी के शव और बगल में बैठी उनकी नवविवाहिता पत्नी की खाली निगाहों वाली तस्वीर इस भयावह हमले का भयावह प्रतीक बन गई है।

# केंद्र ने पिछले वित्त वर्ष में जल संसाधन निधि का 98 प्रतिशत से अधिक उपयोग किया, आधिकारिक आंकड़ा

नयी दिल्ली, (भाषा) जल शक्ति मंत्रालय ने पिछले वित्त वर्ष में जल संसाधन योजनाओं के लिए लगभग संपूर्ण केंद्रीय आवंटन का उपयोग कर लिया है और मार्च के अंत तक 98.39 प्रतिशत धनराशि खर्च की जा चुकी है। एक आधिकारिक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई।

'वर्ष 2024-2025 के लिए मार्च 2025 तक योजना निधि की उपलब्धता और उपयोग पर रिपोर्ट' शीर्षक वाले दस्तावेज में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की केंद्र प्रायोजित योजनाओं और केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के अंतर्गत व्यय का विवरण दिया गया है।

केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) को मुख्य रूप से केंद्र सरकार वित्तपोषित करती है। लेकिन इनका क्रियान्वयन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है, जिसके लिए अक्सर राज्यों से भी समान योगदान की आवश्यकता होती है।

दस्तावेज के अनुसार, केंद्र



प्रायोजित योजनाओं के लिए 13,431.48 करोड़ रुपये के केंद्रीय बजट अनुमान के मुकाबले वास्तविक व्यय 13,216.34 करोड़ रुपये रहा।

केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं में थोड़ा कम उपयोग किया गया। यह 81.79 प्रतिशत रहा। आवंटित किये गए 6,573.73 करोड़ रुपये में से 5,376.73 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए।

रिपोर्ट में, पिछले वित्त वर्ष की तुलना में निधि की उपलब्धता और उपयोग, दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए आवंटन का केवल 49.45 प्रतिशत ही उपयोग किया गया था।

## अभिनेता अतुल कुलकर्णी पहलगाम पहुंचे, लोगों से जम्मू-कश्मीर की यात्रा करने की अपील की

नयी दिल्ली, (भाषा) पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के कारण पर्यटन के बुरी तरह से प्रभावित होने के बीच अभिनेता अतुल कुलकर्णी जम्मू-कश्मीर पहुंचे हैं और उन्होंने नागरिकों से बड़ी संख्या में केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा करने की अपील की है।

कुलकर्णी रविवार की सुबह श्रीनगर पहुंचे और सीधे पहलगाम पहुंचे, जहां इस सप्ताह के शुरू में आतंकवादियों ने कम से कम 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद पर्यटक जम्मू कश्मीर में अपनी छुट्टियां मनाने के कार्यक्रम को रद्द कर रहे हैं और जो केंद्र शासित प्रदेश में आए हैं, वे भी लौट रहे हैं। अभिनेता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''आतंकवादी हमले का उद्देश्य पर्यटकों को यह संदेश देना था कि वे कश्मीर न आएं। यदि हम कश्मीर जाने की अपनी योजना रद्द कर देते हैं, तो हम एक तरह से आतंकवादियों के इरादों को सफल होने दे रहे हैं।''

# दिल्ली सरकार गौशालाओं के सुचारू संचालन के लिए वित्तीय सहायता देगी

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर आवारा गोवंश की समस्या से निपटने की दिशा में कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार गौशालाओं का सर्वेक्षण कराएगी और ऐसी सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए वित्तीय सहायता देगी।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बवाना स्थित ग्रामीण गौशाला में एक सार्वजनिक सभा में यह घोषणा की और कहा कि वह, उनके मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक गायों को 'गौ माता' मानते हैं। उन्होंने कहा, ''सड़कों पर घूमती गायों की दुर्दशा और उन्हें कभी-कभी दुर्घटनाओं का शिकार होते देखना हमारे लिए बहुत दुख की बात है। इसके लिए वे लोग जिम्मेदार हैं, जो दूध दुहने के बाद उन्हें भोजन की तलाश में इधर-उधर भटकने के लिए छोड़ देते हैं।''

गुप्ता ने कहा, ''सड़कों पर एक भी गाय को भटकते देखना अस्वीकार्य है। सरकार के साथ-साथ समाज के परोपकारी लोग गायों के वास्ते चारा और आश्रय जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मौजूद हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली में सभी गौशालाओं का सर्वेक्षण कराएगी और गायों की पूरी तरह से देखभाल सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के वास्ते एक योजना तैयार की जाएगी। गुप्ता ने कहा कि सड़कों पर बेसहारा घूम रही बूढ़ी और बीमार गायों की देखभाल करना सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली की सत्ता में आने के बाद पिछले महीने अपने पहले बजट में भाजपा सरकार ने शहर में आवारा गायों की सुरक्षा के लिए एक कानून लाने की घोषणा की थी। प्रस्तावित कानून में गायों के शोषण, अवैध पशु व्यापार और मालिकों की लापरवाही पर अंकुश लगाने के लिए सख्त प्रवर्तन उपायों को शामिल किया जाएगा।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 1.91 करोड़ रु की सोने की तस्करी के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर करीब 1.91 करोड़ रुपये मूल्य की सोने की तस्करी करने के आरोप में राजस्थान के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी।

विभाग ने बताया कि आरोपी को शुक्रवार को दुबई से आने पर रोका गया था। सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मशीन में यात्री के सामान की जांच करने पर संदिग्ध तस्वीरें देखी गईं। डीएफएमडी (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) से यात्री की जांच करने पर बीप बीप जैसी कोई आवाज नहीं सुनाई दी। हालांकि, उसके सामान की विस्तृत जांच करने पर उसमें से दो किलोग्राम सोने की छड़ें बरामद हुईं।''

इसमें कहा गया कि यात्री की उम्र 40 वर्ष है और वह राजस्थान के जयपुर का निवासी है। विभाग ने बताया कि यात्री को गिरफ्तार करने के साथ ही सोना जब्त कर लिया गया है।--

# भारत छोड़ने में विफल रहने वाले पाकिस्तानियों को हो सकती है तीन साल की जेल

नयी दिल्ली, (भाषा) कोई भी पाकिस्तानी, जो सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर भारत छोड़ने में विफल रहता है, उसे गिरफ्तार किया जाएगा, मुकदमा चलाया जाएगा और उसे तीन साल तक की जेल की सजा या अधिकतम तीन लाख रुपये का जुर्माना या दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 'भारत छोड़ो' नोटिस तब जारी किया था, जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

दक्षेस वीजा धारकों के लिए भारत से बाहर जाने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल थी। मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए यह अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। जिन 12 श्रेणियों के वीजा धारकों को रविवार तक भारत छोड़ना होगा, वे हैं - आगमन पर वीजा, व्यापार, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक, तीर्थयात्री और समूह तीर्थयात्री।

चार अप्रैल को लागू हुए आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम 2025 के अनुसार, निर्धारित समय से अधिक समय तक रुकना, वीजा शर्तों का उल्लंघन करना या प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनाधिकार प्रवेश करने पर तीन साल की जेल और तीन लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी देश छोड़ने की निर्धारित समय सीमा से अधिक भारत में न रहे।

मुख्यमंत्रियों के साथ शाह की टेलीफोन पर बातचीत के बाद केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मुख्य सचिवों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिन पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं, वे तय समय सीमा तक भारत छोड़ दें।

# फिल्म '3 इडियट्स' से चर्चा में आए लद्दाख के स्कूल को स्थापना के दो दशक बाद सीबीएसई से मान्यता मिली

नयी दिल्ली, (भाषा) लद्दाख के पहाड़ों में स्थित और 'रैंचो स्कूल' के नाम से मशहूर ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल को आखिरकार अपनी स्थापना के दो दशक से भी ज्यादा समय बाद सीबीएसई से मान्यता मिल गई है। कई वर्षों के विलंब और अस्वीकृतियों के बाद यह मान्यता दी गई।

वर्ष 2009 में आमिर खान अभिनीत फिल्म '3 इडियट्स' से प्रसिद्धि पाने वाला यह स्कूल अब तक जम्मू-कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड (जेकेबीओएसई) से संबद्ध था।

नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में पारंपरिक ''रटंत शिक्षा'' से हटकर नवीन शिक्षण तरीकों से पढ़ाई पर जोर देने के लिए सुधारों का प्रस्ताव किए जाने से बहुत पहले ही अपने नवीन शिक्षण तरीकों के लिए मशहूर यह स्कूल अब कक्षा 12 तक विस्तार करने की योजना बना रहा है।

स्कूल की प्रधानाचार्य मिंगुर आंगमो ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''कई वर्षों




की देरी के बाद हमें आखिरकार सीबीएसई से मान्यता मिल गई है और कक्षा 10 के हमारे पहले बैच के छात्र अब अपने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारे पास सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट परिणाम रिकॉर्ड और शिक्षण एवं सीखने के अभिनव तरीके होने के बावजूद इन वर्षों में कई प्रयासों के बाद भी हमें जेकेबीओएसई से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं मिली।'' केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के संबद्धता मानदंडों के अनुसार, स्कूलों को संबंधित राज्य बोर्ड से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' की आवश्यकता होती है। लद्दाख को केंद्र-शासित प्रदेश का दर्जा मिलने से पहले से ही स्कूल मंजूरी पाने की कोशिश कर रहा था।

आंगमो ने कहा, ''बुनियादी ढांचे का पहले से ही विस्तार किया जा रहा है और हम 2028 तक कक्षा 11 और 12 शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम अपने शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण भी आयोजित कर रहे हैं, ताकि छात्रों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के हिसाब से पढ़ाने में सुविधा हो सके। हमारे पढ़ाने के तरीके पारंपरिक कक्षा शिक्षण से अलग थे और सीबीएसई ने एनईपी के बाद अपनी शिक्षा पद्धति में भी सुधार किया है, इसलिए हमारे लिए दोनों को मिलाना आसान होगा।''







# सऊदी में नौकरी का सपना दिखाकर दिया ठगी को अंजाम

## साढ़े 81 हजार रुपये लेकर थमाया फर्जी नौकरी पत्र, पीड़ित ने लगाई कप्तान से न्याय की गुहार मुकदमा दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर एक युवक से साढ़े 81 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जब वीजा नहीं मिला और रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। रामपुर के मोहल्ला उमर फारूक मस्जिद बरेली गेट निवासी मोहसिन ने बताया कि उसके जानने वाले कैंट के कैसर अली ने भरोसा दिलाया था कि उसका सऊदी अरब के वीजा कम्पनी में अच्छे अधिकारियों से संपर्क है। वहां 50 हजार रुपये महीना की नौकरी दिलाने का वादा किया। खर्चा बताया गया कुल 1.40 लाख रुपये। भरोसा कर पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में कैसर को साढ़े 81 हजार रुपये दे दिए। जिसके बाद उसे वीजा के नाम पर एक फर्जी पत्र भी थमा दिया गया। वीजा न आने पर जब मोहसिन ने रुपए वापस मांगे तो पहले टालमटोल की गई और अब धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित ने इस मामले में एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। जिसके बाद आरोपी कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है, जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पटाखा फैक्ट्री में भड़की भीषण आग, धमाकों से थर्राया इलाका

## चौकीदार गंभीर रूप से झुलसा, गनीमत रही समीप स्थित पेट्रोल पंप तक नहीं पहुंची धमाके की चिंगारी, वरना हादसा और भी गंभीर रूप ले सकता था

**नेशनल एक्सप्रेस**





बरेली। फरीदपुर थाना क्षेत्र के हरियाली पेट्रोल पंप के समीप स्थित पटाखा फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग भड़क उठी। तेज धमाकों के साथ उठती आग की लपटों ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। घबराए लोग घरों और दुकानों से निकलकर इधर-उधर भागने लगे।हादसे में फैक्ट्री का चौकीदार गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।धुआं उठते ही मची भगदड़, धमाकों से कांपा इलाका प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार दोपहर फैक्ट्री से पहले धुएं का गुबार उठा। कुछ ही मिनटों में फैक्ट्री आग की तेज लपटों से घिर गई और एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। धमाकों की गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। अफरा-तफरी के बीच स्थानीय लोग जान बचाकर भागने लगे।

सूचना मिलते ही फरीदपुर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड की आठ से ज्यादा गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी।

**शॉर्ट सर्किट से आग की आशंका, फैक्ट्री की वैधता की जांच शुरू:** आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या ज्वलनशील सामग्री के कारण हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर भीड़ को नियंत्रित किया और फैक्ट्री के दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। फैक्ट्री की लाइसेंसिंग, सुरक्षा मानकों और भंडारण नियमों की भी पड़ताल की जा रही है।

### अधिकारियों ने दिए उच्चस्तरीय जांच के निर्देश

हादसे के बाद जिला प्रशासन ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। यदि लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है। इलाके में दहशत का माहौल बरकरार ,हादसे के कई घंटे बाद भी क्षेत्र में भय का माहौल है। पुलिस ने लोगों से संयम बरतने और अफवाहों से बचने की अपील की है। वहीं, अग्निशमन विभाग ने फैक्ट्री समेत आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण शुरू कर दिया है।

# शांति सुरक्षा की दृष्टि से बरेली के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च

**नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी ब्यूरो**



बरेली/पुलिस अधीक्षक नगर बरेली महोदय द्वारा शहर में शांति व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराधों पर अंकुश लगाने तथा जनता में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च/पैदल गस्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक नगर, बरेली द्वारा शहर के थाना कोतवाली, थाना बारादरी एवं थाना किला क्षेत्रांतर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च/पैदल गस्त की गई।

पैदल गस्त के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया। पुलिस अधीक्षक नगर महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में सतर्कता बरतने, अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने एवं जनता के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चोरों ने चोरी किया ट्रांसफार्मर का तेल, बत्ती गुल

## ट्रांसफार्मर से चोरी हुआ तेल, बिजली आपूर्ति ठप अंधेरे में डूबा क्षेत्र, चारों तरफ चोरों के चोरी की चर्चा

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली । थाना इज्जतनगर क्षेत्र के शहदाना रोड स्थित रघुवर दयाल चक्की के सामने लगे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों ने तेल चोरी कर लिया। ट्रांसफार्मर से तेल गायब होने के कारण इलाके में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली विभाग की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार रात करीब 7:17 बजे बिजली विभाग के टीजी-2 कर्मचारी विपिन कुमार ने विभागीय अधिकारियों को सूचना दी कि 11 केवी क्श्फक्र फीडर पर लगे ट्रांसफार्मर का तेल चोरी हो गया है। सूचना पर लाइन कुली रामकिशन मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण में ट्रांसफार्मर के वाल्व से तेल चोरी की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में तेल न होने के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है और फीडर से जुड़े क्षेत्रों में अंधेरा छा गया है।

बिजली विभाग की ओर से मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ इज्जतनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर,पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार जल्द ही ट्रांसफार्मर में तेल भरवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।

# भारतीय खाद्य निगम में टेंडर दिलाने के नाम पर 4 करोड़ की ठगी

- एफसीआई अधिकारी बनकर 140 करोड़ का टेंडर दिलाने के नाम पर चार करोड़ की ठगी करने वाला दिल्ली से दबोचा
- पहले भी कर चुका है ठगी, महाराष्ट्र में दर्ज है केस

**नेशनल एक्सप्रेस**





बरेली। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 140 करोड़ रुपये का टेंडर दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले नटवरलाल नजाहिर हुसैन को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने लखनऊ के गोमतीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से फर्जी दस्तावेज, मोबाइल फोन और नकदी बरामद हुई है। एसटीएफ के मुताबिक, नजाहिर हुसैन मूलरूप से बरेली जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के अभयराजपुर गांव का निवासी है और दक्षिणी दिल्ली के पूर्वी कैलाश में रह रहा था। आरोपी ने ठगी के लिए अरविंद चौहान और सागर खंडेलवाल के नाम से फर्जी आधार कार्ड बनवा रखे थे। खुद को एफसीआई का वरिष्ठ अधिकारी बताकर वह व्यापारियों को टेंडर दिलाने का लालच देता था। पुलिस जांच में सामने आया कि नजाहिर ने सितंबर 2024 में एफसीआई के एम-वैल्यू जंक्शन पोर्टल पर पंजीकरण कराने और चावल व अनाज उठान का 140 करोड़ रुपये का टेंडर दिलाने का वादा किया था। पीड़ित खुर्रमनगर निवासी कारोबारी रफत मुईन और जियाउद्दीन से कई किश्तों में चार करोड़ रुपये वसूल लिए। इस दौरान आरोपी ने एफसीआई निदेशक के फर्जी हस्ताक्षर वाले दस्तावेज, फर्जी बैंक ड्राफ्ट और पहचान पत्र भी पेश किए थे ताकि पीड़ितों को विश्वास दिलाया जा सके।एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि नजाहिर हुसैन और उसके साथियों ने वर्ष 2023 में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के काशीमीरा थाना क्षेत्र में 40 लाख रुपये की ठगी की थी। उस मामले में आरोपी दो माह जेल में भी रहा है। सूत्रों के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एफसीआई में टेंडर दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला आरोपी विनीतखंड स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल के पास किसी से मिलने आने वाला है। एसटीएफ ने घेराबंदी कर उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के एडिशनल एसपी विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि नजाहिर के खिलाफ गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसके सहयोगी अरविंद चौहान, अभिषेक ठाकुर, विशाल गर्ग, अभिषेक जैन और प्रकाश की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि आरोपी बकाया एक करोड़ रुपये के लिए भी पीड़ितों पर दबाव बना रहा था और सौदा पूरे पांच करोड़ में तय हुआ था।

# संजय नगर सपा नेता व उसके परिवार पर जानलेवा हमला

**पत्नी और भाभी को बुरी तरह पीटा, जान से मारने की धमकी**

**13 नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली।थाना बारादरी क्षेत्र के संजय नगर में बीती रात को उस समय हड़कंप मच गया जब सपा नेता और असिस्टेंट प्रोफेसर मोहित भारद्वाज के घर पर दबंगों ने धावा बोल दिया। आरोप है कि निमार्णाधीन मकान की दीवार तोड़ने से रोकने पर दर्जनों दबंगों ने मोहित भारद्वाज के परिवार पर हमला कर दिया। हमले में उनकी पत्नी और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गईं। आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय नगर निवासी मोहित भारद्वाज पुत्र विनोद भारद्वाज अपने मकान का निर्माण करवा रहे थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली पूनम शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा मौके पर आकर उनकी दीवार तोड़ने लगी। मना करने पर पूनम ने फोन कर अपने रिश्तेदारों और अन्य लोगों को बुला लिया। कुछ ही देर में राजबाला, सरिता, राखी, संझुन, पिंकी, गौरव शर्मा, राहुल शमी, शोभित शमी, सनी कश्यप, गुड्डू कबाड़ी, राजू शर्मा समेत करीब 50 अज्ञात लोग वहां पहुंच गए। सभी के हाथों में लाठी, डंडे और तलवारें थीं।

आरोप है कि भीड़ ने मोहित भारद्वाज के पूरे परिवार को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। हमले में मोहित की पत्नी कीर्ति के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी सुनने की क्षमता प्रभावित हो गई है। वहीं उनकी भाभी अर्चना के साथ गौरव पुत्र महावीर ने पुलिस के सामने ही अभद्रता व छेड़छाड़ की। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा।

असिस्टेंट प्रोफेसर मोहित भारद्वाज ने थाना बारादरी में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक कुशल पाल सिंह को सौंपी गई है।

मोहित भारद्वाज का कहना है कि वे समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं और पूर्व में भी क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हमला राजनीतिक रंजिश के चलते भी किया गया हो सकता है।पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राजेश सिंघल के समर्थन में उतरा अग्रवाल समाज



**बाजार बंद की दी चेतावनी, बीजेपी का आगामी चुनावों होगा बहिष्कार**

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

हसनपुर। शनिवार की देर रात अग्रवाल सभा द्वारा अग्रवाल समाज की एक आकस्मिक बैठक का आयोजन व्यापारी उमेश अग्रवाल के आवास पर किया गया। जिसमें संभल के व्यापारी एवं भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के परिवार का संभल प्रशासन द्वारा उत्पीड़न किए जाने को लेकर रोष व्यक्त किया गया। बैठक का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ तो भाजपा बनियों की पार्टी कहलाती है दूसरी तरफ सबसे ज्यादा बनियों का ही उत्पीड़न हो रहा है, डॉ शिवचरण दास ने कहा कि राजेश सिंघल एक स्वच्छ साफ छवि के इंसान है जिनके परिवार को संभल प्रशासन द्वारा झूठे मुकदमों में फसाया जा रहा है। और उनकी छवि को खराब किया जा रहा है यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा, बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया, कि यदि राजेश सिंघल के परिवार का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो अग्रवाल सभा व्यापारियों के सहयोग से बाजार बंद करायेगी, वही अग्रवाल समाज आगामी चुनाव में भाजपा का बहिष्कार करेगा, इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर शिवचरण दास अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल,रविंदर जिंदल, आदेश अग्रवाल, रमेश चंद गोयल, आशुतोष अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, लवकेश अग्रवाल(लव्वू), अमित अग्रवाल (निक्कू), आकाश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, मोहित सुशील अग्रवाल, डॉक्टर अनुज अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राहुल मित्तल आदि सहित भारी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे।

# 198 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 198वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

उक्त मेला सत्रों पर 35 चिकित्सकों एवं 112 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2604 रोगियों (पुरुष रोगी- 1056; महिला रोगी- 970 एवं 578 बच्चों) का निःशुल्क उपचार किया गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 119 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 87 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 234, चर्म रोग के 628, दमा के 269, मधुमेह रोग के 66, नेत्र रोग से सम्बन्धित 15, उच्च रक्तचाप के 54 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 13 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक (ठीं३५ी) रही।जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये।जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 236 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श घी दिया गया। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० तरूण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

# सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने किया भूमि पूजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



सम्भल बहजोई। डॉ0 पी0 के0 सरोज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन संभल ने बताया कि उत्तर प्रदेश संभागीय परिवहन कार्यालय संभल के कार्यालय भवन एवं सारथी हॉल का भूमि पूजन एवं शिलान्यास दयाशंकर परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक -27.04.025 को प्रातः 10:00 बजे ग्राम किसौली तहसील व जनपद संभल में किया जाना प्रस्तावित था किंतु अपरिहार्य कारणों से उनके आने का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। मंत्री का कार्यक्रम निरस्त होने के कारण रवि वार 27.04.2025 को डॉ0 पी0 के0 सरोज ,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा ग्राम किसौली में चयनित स्थल पर भूमि पूजन कर औपचारिक रूप से कार्यालय निर्माण का कार्य आरंभ कराया गया। इस दौरान उक्त कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं परिवहन से जुड़े विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी व परिवहन व्यवसायी एवं ग्राम किसौली के सम्मानित ग्रामवासी एवं सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहे।

# एएमयू की ग्यारहवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई संपन्न

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा (विज्ञान स्ट्रीम) और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, और ग्यारहवीं कक्षा (वाणिज्य और कला व मानविकी स्ट्रीम) के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज अलीगढ़ के 35 केंद्रों सहित श्रीनगर, लखनऊ, मेरठ, बरेली, पटना, कोलकाता, किशनगंज और दिल्ली केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। ग्यारहवीं कक्षा के विज्ञान व डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग स्ट्रीम के लिए कुल 30592 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया था और 26327 उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। ग्यारहवीं कक्षा (मानविकी और वाणिज्य स्ट्रीम) में प्रवेश के लिए 7797 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त, एसएसएससी ब्रिज कोर्स के लिए 195 छात्रों ने आवेदन किया था। कुलपति प्रोफेसर नइमा खातून ने सहकुलपति प्रो. एम मोहसिन खान, प्रॉक्टर प्रोफेसर एम. वसीम अली व उनकी टीम के सदस्यों के साथ एसटीएस स्कूल, आर्ट्स फैकल्टी, सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल (ब्वायज), आरएमपीएस सिटी स्कूल समेत कई परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और परीक्षा के लिए किए गए प्रबंधों का निरीक्षण किया। प्रोफेसर नईमा खातून ने प्रवेश परीक्षा के बारे में जानकारी ली और केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रियाओं और जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उम्मीदवारों के माता-पिता और अभिभावकों से भी बातचीत की। परीक्षा नियंत्रक डॉ0 मुजीब उल्लाह जुबेरी ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से परीक्षा आयोजित करने में शिक्षकों और अन्य अधिकारियों की भूमिका की सराहना की। एएमयू ने स्थानीय केंद्रों पर पर्यवेक्षक के रूप में वरिष्ठ शिक्षकों को तैनात किया था। जबकि अलीगढ़ के बाहर स्थित केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा के सुचारू संचालन की निगरानी के लिए कुछ वरिष्ठ शिक्षकों को समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया था। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के माता-पिता व अभिभावकों को पीने का पानी और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), गैर सरकारी संगठनों, छात्रों और गैर-शिक्षण समुदाय के स्वयंसेवकों द्वारा विशेष सहायता केंद्र आयोजित किए गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों की जान बचाने वालों को धम्म भूमि कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर सम्भल। धंम्म भूमि श्रेष्ठ जीवन के लिए एक आंदोलन खड़ी कर में लगी आग तारीख करने आए लोगों ने बच्ची की बचाई जान बच्चों की जान बचाने वालों को धंम्म भूमि कार्यकताओं ने किया सम्मानित जनपद संभल की तहसील गुन्नौर के गांव केवलपुर तिपेड़ा थाना रजपुरा के सुनील बाबू अपनी अर्टिका कार से बीती 24 अप्रैल को अपनी चार वर्ष की पुत्री सौम्या के साथ गुन्नौर कोर्ट में आए हुए थे और अर्टिगा कार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर के सामने बने चबूतरे पर खड़ी करके कोर्ट चले गए तथा अपनी पुत्री को कार में छोड़ कर चले गए अचानक किसी तरह से कार में आग लग गई। कार में धुआं उठता देख गांव कहरोला गर्वी के सरदार अमर सिंह सूरजपाल हरजीत ने कार में धुआ उठता देख वह जैसे ही कार पास पहुंचे तो कार चार वर्षीय सौम्या दिखाई दी तीनों लोगों ने कार के शीशे तोड़कर पहले बच्ची को सुरक्षित निकाला तथा उसके बाद पहुंची स्थानीय पुलिस ने उन तीनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आज धंम्म भूमि कार्यकर्ता सत्यवीर आनंद बौद्ध एडवोकेट, मोतीलाल बौद्ध एडवोकेट ने गांव कारोला गर्वी जाकर सरदार अमर सिंह, सूरजपाल, हरजीत को पंचशील की पट्टी पहनकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तथा प्रशंसी पत्र देकर सम्मानित किया। इस समय गांव के रोहित बौद्ध श्यौराज सिंह छोटेलाल आदि गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र मामले में सचिव व प्रधान गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी चंदौसी आलोक सिद्धू के कुशल नेतृत्व मे जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु थाना बनियाठेर पुलिस टीम द्वारा फर्जी बीमा पॉलिसी में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो वांछित अभियुक्तगण अशोक कुमार यादव, निवासी ग्राम बनियाठेर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद राजीव कुमार, निवासी ग्राम हन्डालपुर थाना हजरतनगर गढी जिला सम्भल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने बाली टीम मे निरीक्षक अजीत कुमार सिंह,उपनिरीक्षक रमन कुमार सिंह, कांस्टेबल दिनेश, के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय के समझ भेजा गया।

### वैश्य एकता मंच ने पाकिस्तान मुदार्बाद के लगाए नारे

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह/चंदौसी मे रविवार को वैश्य एकता मंच, चंदौसी के तत्वाधान में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. इस हमले में 28 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे इस हमले का सीधे तौर पर पाकिस्तान देश गुनहगार है रविवार को वैश्य एकता मंच, चंदौसी के तत्वाधान में नगर के फुव्वारा चौक पर आतंकवाद के खिलाफ ₹पाकिस्तान मुदार्बाद₹ पाकिस्तान हाय हाय₹ करते हुए हमले में शहीद लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व लवित वार्ष्णेय और आकाश वार्ष्णेय द्वारा किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, इशांक गोयल, अमर वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, बृजेश वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, आकाश आहूजा, हर्षित वार्ष्णेय, लव कुमार, विक्की रस्तोगी व अन्य लोग उपस्थित रहे।



# चोरी के दो फोन के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह

संभल। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल के कुशल निर्देशन में व क्षेत्र अधिकारी चंदौसी के कुशल नेतृत्व में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में रवि वार को चोरी के 02 मोबाइल व रुपयों के साथ 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार किया गया। जिसमे बताया की थाना चन्दौसी पर दिनांक 03.04.2025 को थाना चन्दौसी पर पीड़िता निवासी ग्राम असालतपुर जारई थाना चन्दौसी जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना अज्ञात अभियुक्त द्वारा पीड़िता के घर के कमरे में रखे पैसे चोरी कर ले जाना के सम्बन्ध में थाना चन्दौसी पर मु0 पंजीकृत किया गया व दिनांक 26.04.2025 को थाना चन्दौसी पर पीड़िता निवासी मौ० वैष्णो विहार कालोनी कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना अज्ञात अभियुक्त द्वारा पीड़िता के घर से मोबाइल फोन चोरी कर ले जाना के सम्बन्ध में थाना चन्दौसी पर मु0 पंजीकृत किया गया। जिसमे रविवार को थाना चन्दौसी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विपुल व अभियुक्त कंगना को आईटी आई के बराबर वाली गली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से उपरोक्त मुकदमों से सम्बन्धित चोरी गये 02 मोबाइल फोन व 500/- रुपये भी बरामद किये गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमों में धारा बीएनएस की वृद्धि की गयी विवरण पछताछ अभियुक्तों ने पूछने पर बताया कि हमारे द्वारा दिन में घूम फिर कर घरों को तलाश कर नोटिस किया जाता है व मौका मिलने पर चोरी कर ली जाती है व चोरी के सामान को हम लोग राहगीरों को बेच देते हैं 'उ0नि0 अजीत सिंह थाना चन्दौसी जनपद सम्भल,का0 दीपान्शु,का0अंकुश कुमार सिंह,म0का0 सुमन के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया।




### आज 9:00 से 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

नेशनल एक्सप्रेस /चंदौसी। उपखंड अधिकारी प्रथम चंदौसी ने बताया कि सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.04.2025 दिन सोमवार को विद्युत आपूर्ति प्रात 09:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक 33/11 ड्श उपकेंद्र *हनुमानगढ़ी* पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत आर डी एस एस योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा* जिसमें पोल लागने का कार्य होगा इसलिये ताकि भविष्य में *विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा भी दी जा सके* इसके चलते विद्युत आपूर्ति 11 ड्श बड़ा महादेव, गोपाल मोहल्ला,सेमर टोला, बाल्मीकि बस्ती,डेहरिया मोहल्ला, ब्रह्माम बाजार,हाथी खाना,बारासैनी धर्मशाला, बिधुत आपूर्ति बाधित रहेगी ।

## ट्रेन की छत पर चढ़ा युवक 25000 की लाइन से झुलसा



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी मे रविवार को चंदौसी रेलवे स्टेशन परिसर के प्लेटफार्म नंबर 3 में एक हादसा हो गया। प्लेटफॉर्म में खड़ी पेट्रोल के टैंकों से भरी मालगाड़ी के एक टैंकर के ऊपर एक मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति ट्रेन की छत पर चढ़ गया और 25000 हाई वोल्टेज की लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (फ्द्धत्र्) मौके पर पहुंची और बिना देर किए घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के 108 के द्वारा चंदौसी सीएससी मे भर्ती कराया गया।

आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर में खड़ी मालगाड़ियों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाते हैं, फिर भी यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है और संबंधित उच्चाधिकारियों को भी मामले की सूचना दे दी गई है रेलवे प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि रेलवे संपत्ति के आसपास सतर्कता बरतें और किसी भी असामान्य गतिविधि की तत्काल सूचना दें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। वहीं दूसरी ओर जनता रेलवे पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठा रही है की इतनी सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद भी यह व्यक्ति कैसे ट्रेन के ऊपर चढ़ गया। खबर लिखे जाने तक की जानकारी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार

चंदौसी। बनिया ठेर कुआं खेड़ा हाल्ट के नजदीक रेल ट्रैक पर अज्ञात शव पड़ा मिला जहां पर गांव वालों ने सूचना थाना बनिया ठेर पुलिस को दी जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रविवार सुबह 6:00 बजे के करीब क्षेत्रीय लोग ट्रेन से जाने के लिए कुआं खेड़ा हाल्ट पर पहुंचे तभी कुछ लोगों की नजर रेल ट्रैक के पास में पड़े एक अज्ञात शव पर पड़ी जिसकी सूचना रेल पुलिस व थाना बनिया ठेर पुलिस को दी गई जहां मौके पर थाना बनिया ठेर के थाना प्रभारी मेघपाल सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे वही अज्ञात शव के फोटो इंटरनेट के जरिए तथा मौके पर क्षेत्रीय लोगों से शिनाख्त करने का प्रयास किया तो पता चला कि जयवीर पुत्र बाबूराम उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम बनिया खेड़ा थाना बनियाठेर से पहचान हुई जहां सूचना पर पत्नी प्रवेश रोती बिलखती अपने पांच बच्चों के साथ मौके पर पहुंची जानकारी में बताया कि मृतक युवक पर पांच बच्चे हैं जिसमें से बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है वही चार बच्चे अभी और शादी को शेष रह गए हैं जबकि ग्रामीणों के मुताबिक मृतक युवक का बरेली मानसिक रूप से इलाज चल रहा था और रात्रि 2:00 बजे के करीब घर से निकलकर रेल ट्रैक की तरफ आ गया और ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई हालांकि परिजनों का रो-रोकर के बुरा हाल है जबकि थाना बनिया ठेर थाना प्रभारी मेघपाल सिंह एव एस आई देवेंद्र कुमार तथा एस आई रामसेवक एवं पुलिस बल के साथ शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जलाया पुतला

नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार

नगर पंचायत नरौली में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी द्वारा मारे गये लोगो को लेकर पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान का पुतला जलाया विश्व हिंदू परिषद व बजरंग के सब कार्यकर्त्ता धीमर वाली पुलिया पर एकत्रित हुए ये सब मौहल्ला धीमर वाली पुलिया से शुरू होकर पीपल वाला जामा मस्जिद तिराहा मैंन मार्केट सरार्फा मार्केट के रास्ते सब्जी मंडी पहुंचे सब्जी मंडी पहुंच कर पहले पाकिस्तान मुदार्बाद हिंदुओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाये और पुतले पर सबने जमकर चप्पल व डंडे मारे उसके बाद पुतले को जलाया गया सब कार्यकताओं में इतना गुस्सा था कि जलते हुए पुतले को भी जमकर डंडे से पीटा मौके पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। इस दौरान राजेश गुप्ता नितिन शर्मा दीपक कश्यप बाँबी जाटव वीरेंद्र सैनी संजीव राघव अनुज गुप्ता रामबाबू शर्मा माघवेंद्र राघव अंकुर राघव कमल दिवाकर विपुल ठाकुर विनोद माली सत्येंद्र शर्मा कमल प्रजापति सोनी राघव विपुल ठाकुर दिनेश श्रीमाली रामेश्वर शर्मा कृष्ण शर्मा सौरभ शर्मा विनीत कश्यप मुकुल शर्मा अजय कश्यप विशाल शर्मा शिवम श्रीमाली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ऑपरेशन जागृति... महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी।

पिछले चरणों में ऑपरेशन जागृति के तहत चार प्रमुख मुददों पर चर्चा की गई थी जिसके अंतर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा व उनको मोहरा बनाकर झूठी शिकायत, प्रेम संबंधों में किशोर व किशोरियों का घर से पलायन व साइबर हिंसा व उससे बचाव से संबंधित विषयों को चुना गया था। इस बार ऑपरेशन जागृति के तहत महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने द्द अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये।

## आईएसजीएफ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने राहुल भाटी व रईस पाल सिंह

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। रविवार को राज्य स्काउट एवं गाइड फैलोशिप का राज्य स्तरीय सम्मेलन गाजियाबाद के ऑलिव क्लब में हुआ, जिसमें राज्य के लिए नई टीम का गठन किया गया। इसमें अलीगढ़ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राहुल भाटी और टप्पल ब्लॉक के संकट मोचन उ०मा०विद्यालय के सहायक अध्यापक रईस पाल सिंह को उत्तर प्रदेश स्काउट एवं गाइड फैलोशिप की राज्य कार्यकारिणी में शामिल किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व इंडियन स्काउट एंड गाइड फैलोशिप के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एम०ए०के मैकी और मलेशिया स्काउट गाइड फेलोशिप के संरक्षक गूना सर ने संयुक्त रूप से राहुल भाटी व रईस पाल सिंह को आई०एस०जी०एफ की स्कार्फ पहनकर और बैज व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



इंडियन स्काउट एंड गाइड फैलोशिप की सेक्रेट्री जनरल सीमा राठी ने राहुल भाटी और रईस पाल सिंह के नाम पर महौर लगाकर के दोनों के नामों की घोषणा की। वहीं राज्य कार्यकारिणी के नवागत सदस्य बनें राहुल भाटी ने बताया कि भारतीय स्काउट और गाइड फेलोशिप नामक अपने राष्ट्रीय निकाय के माध्यम से वयस्क स्काउटिंग-गाइडिंग की सर्वोच्च संस्था है।

आई०एस०जी०एफ स्काउटिंग और गाइडिंग के समर्थन में वयस्कों के लिए एक विश्वव्यापी संगठन है और जो दुनिया भर में समुदाय-उन्मुख परियोजनाओं के माध्यम से समुदायों के बीच संवाद को मजबूत करना चाहते है। राज्य स्काउट और गाइड फेलोशिप का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत विकास जारी रखते हुए समुदाय में सेवा करते हुए वोजम और वेग्स को सक्रिय रूप से समर्थन देते हुए अपने प्रत्येक सदस्य के दैनिक जीवन में स्काउट और गाइड वादे और कानून की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर राहुल भाटी व रईस पाल सिंह को ईश्वर दास वर्मा, रिंकू दीक्षित, राजेश गुप्ता सहित उनके परिवारजनों और शुभचिंतकों ने अपनी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## अलीगढ़ के युवक की झज्जर में हत्या, शव पार्क में पड़ा मिला

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। झज्जर शहर में अलीगढ़ के एक युवक की हत्या कर दी युवक का शव पार्क में पड़ी मिला, जिसके सिर और गले पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सामान्य अस्पताल में अंत्य परीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

अलीगढ़ निवासी जसवीर जो कि फिलहाल झज्जर शहर में अपने परिवार के साथ रह रहा था। जसवीर देर शाम घर से बाहर गया था। जिसकी लाश देर रात शहर के बल्लू वाली कुई के पास पार्क में पड़ी मिली। मृतक की पत्नी को पता चलने पर अपने जेठ को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए। मृतक के भाई चुन्नी लाल ने पुलिस को बताया कि देर रात तक जब जसबीर घर नहीं लौटा, तो उसे ढूंढ़ने में लगे। देर रात को जसबीर के बारे में पता चला कि पार्क में बेसुध हालत में पड़ा है। वहीं मौके पर पहुंच देखा तो उसके सिर में चोट के निशान थे और गले पर भी निशान मिले हैं। उसने पुलिस को कहा कि उसके भाई के शरीर पर जो निशान हैं। उनसे लगता है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि रात को पार्क में शव पड़े होने की सूचना मिली थी।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की महानगर इकाई का किया गया गठन

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हितेन्द्र उपाध्याय एवं मण्डल अध्यक्ष जयशंकर पाराशर की गरिमामयी उपस्थिति में महानगर अध्यक्ष डॉ0 मुकेश शर्मा द्वारा महानगर इकाई का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद हेतु राजेन्द्र मोहन शर्मा, माघवेन्द्र उपाध्याय, अनुज उपाध्याय, देवेन्द्र शर्मा, हर्षित शर्मा, महामंत्री पद हेतु प्रहलाद पचौरी, मनोज भारद्वाज, संगठन मंत्री अश्वनी शर्मा, सहसंगठन मंत्री पवन शर्मा, मंत्री पद हेतु अरूण शर्मा, संजीव अवस्थी, मेघावी शर्मा, सुशील तिवारी, आशू पचौरी विनय गौड, मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता मुकेश भारद्वाज, प्रचार मंत्री, विवेक तिवारी, सांस्कृतिक मंत्री, मृदुल शांडिल्य, आय-व्यय निरीक्षक विनोद गौड, जनसम्पर्क अधिकारी ए0के0 शर्मा एडवोकेट, कार्यकारिणी सदस्य आशीष पाठक, श्याम सुंदर मिश्र, प्रकाशचन्द्र शर्मा, शशीकांत शांडिल्य, प्रदीप गौड (सीमेंट), सीताराम शर्मा, अवधेश शर्मा, रविकांत उपाध्याय, उमेशचन्द्र गौतम, नितिन शर्मा, कुशलेष शर्मा, राकेश सारस्वत इशांत शर्मा। डॉ0 मुकेश शर्मा ने अवगत कराया है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर महासभा द्वारा श्री परशुराम जी की भव्य दिव्य सनातन महाआरती का आयोजन आरती घाट अचल सरोवर निकट गिलहराज जी मन्दिर पर 30 अप्रैल 2025 को सॉय पॉच बजे होगा जिसमें शामिल होकर पुण्यता प्राप्त करें। कार्यक्रम में पवन उपाध्याय, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, शोभा उपाध्याय, आरती संयोजक सुमित शर्मा (शिब्बो), एडवोकेट भुवेन्द्र शर्मा, चुनमुन पण्डित आदि उपस्थित रहे।

# रामजीलाल सुमन के काफिले पर युवकों का हमला

- स्थानीय चौकी प्रभारी व बीट आरक्षी को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित
- थाना प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले के साथ आगरा से बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ के खेरेश्वर चौराहे पर क्षत्रिय समाज के युवाओं ने हमला कर दिया। हमले से बचने के लिए गाड़ियां तेजी से भागने लगीं। इसके चलते करीब 500 मीटर आगे जाकर काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गभाना टोल प्लाजा से पहले क्षत्रिय समाज के युवक अचानक हाईवे पर आ गए। काफिले पर टायर और पत्थर फेंकने लगे। एसपी सिटी

सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले में 20 से ज्यादा गाड़ियां थीं। हमले से बचने के लिए गाड़ियां तेजी से भागने लगी। इससे थोड़ी दूर जाकर काफिले की 5 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 5-6 लोग चोटिल हो गए। हमले के बाद समर्थक और पुलिसकर्मियों ने रामजीलाल सुमन को सुरक्षा घेरे में ले लिया। बाद में उन्हें बुलंदशहर की ओर रवाना किया। सांसद बुलंदशहर में एक दलित परिवार से मिलने जा रहे थे।

हमले के बाद घबराए रामजीलाल सुमन ने कहा-हमारे काफिले पर पथराव हुआ। उस समय पुलिस की आंखें पता नहीं कहां लगी थीं? यूपी में कुछ वर्ग के लोगों पर सरकार मेहरबान है। उन्होने कहा कि दलित अत्याचार से परेशान हैं। उन्होने कहा कि प्रशासन कहता है कि इन मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। लेकिन हम इन कार्रवाई को सख्त नहीं मानते, क्योंकि पुलिसिया एक्शन के बाद भी लगातार दलितों पर अत्याचार हो रहे। हमारे डेलिगेशन में सपा लोहिया वाहिनी अध्यक्ष, अनुसूचित प्रकोष्ठ अध्यक्ष भी बुलंदशहर जा रहे थे। लेकिन, पुलिस-प्रशासन ने रोक दिया। प्रशासन नहीं चाहता कि हकीकत सभी के सामने आए। सांसद ने कहा कि सीएम योगी यूपी में कानून व्यवस्था बेहतर होने की बात कहते हैं, लेकिन सपा कहती है कि यूपी में कानून व्यवस्था ठप है। जनता के अनुसार, यूपी में जंगलराज कायम है। उ.प्र. में जगह-जगह बाबा साहेब की मूर्तियां खंडित की जा रही हैं। इस बीच मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद युवाओं को समझाया और काफिले को आगे रवाना किया। इस पूरे घटनाक्रम के चलते सांसद का काफिला 20 मिनट तक रुका रहा। बाद में बुलंदशहर पहुंचे सांसद रामजीलाल सुमन को शहर के अंदर जाने से प्रशासन ने मना कर दिया। घटना में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कार सवार पिता-पुत्र गांव में तेज रफ्तार से आ रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र के सुनहेरा गांव में घर के बाहर बैठे दलित समाज के लोगों ने कहा-भइया गाड़ी धीरे चलाइए। पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर कुछ लोगों द्वारा टायर फेके जाने के सम्बन्ध में थाना गभाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है, जिसके उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। प्रकरण में शिथिलता बरतने के लिए स्थानीय चौकी प्रभारी, बीट आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर थाना प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रचलित की गई।

## संपादकीय

# शहरी वजूद में खुली सांस

**शहरी** स्वच्छता के पैमानों में दम भरते हुए हिमाचल ने अपने नगरीय जीवन की नब्ज टटोली है। सूची के शिखर पर सोलन, तो अंतिम आठवें स्थान पर हमीरपुर रहा। आश्चर्य यह कि शिमला की स्वच्छता के अलंकार भी केवल सांतवां स्थान अर्जित कर पाए, जबकि धर्मशाला दूसरे स्थान पर रहा। स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर की परिकल्पना में नगर निगमों की जमीन पर, शहरों की यह व्याख्या बता रही है कि इस सफर की कहानी कठिन है। यही सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल के शहरीकरण को कमजोर मानता है। यहां राजधानी शिमला अगर निचली पायदान पर नजर आ रही है, तो यह चिंता का विषय है। यह इसलिए भी कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शिमला की स्वच्छता के आदर्श परिमार्जित होने चाहिएं, जबकि राजधानी का रुतबा लुढक़ गया। पर्वतीय शहरों की जरूरतें नागरिकों की बदलती जीवन शैली के कारण तीव्रता से बढ़ रही हैं और इसी परिप्रेक्ष्य में कचरा भी बढ़ रहा है। शहरों के वजूद को खुली सांस लेने में तकलीफ है। गलियां तंग हैं, गलियां बंद हैं, जबकि भविष्य की नाकेबंदी पर नागरिक असहमति का राज है। स्वच्छता के दर्पण में टीसीपी कानून और टीसीपी महकमा कहीं छटपटा रहा है। इन आठ शहरों की नगर विकास योजना या तो मुकम्मल नहीं या आज तक सक्षम नहीं। स्वच्छ शहर की अहर्ताओं को पहचाने बिना शहर न तो सक्षम और न ही समृद्ध होंगे। सोलन जिसे मूल्यांकन में टॉप पोजिशन मिली है, उसे भी नागरिक जरूरतों से जूझना पड़ रहा है। पिछले दशक में बेशक नागरिक समाज और समृद्ध तथा शुमारी में शहर आगे हो गया, लेकिन पूरे शहर में एंबुलेंस पहुंचानी हो तो शीर्षासन करना पड़ेगा। सडक़ों के किनारे खड़े वाहनों को हटाना हो, तो नियमावली बदलनी पड़ेगी।

सार्वजनिक परिवहन की नई परिभाषा में इलेक्ट्रिक वाहन और रज्जु मार्गों का जाल बिछाना पड़ेगा। शहर में पार्किंग सुविधाओं और पार्कों में खुली सांस के लिए अतिरिक्त जमीन चाहिए। यह आज से सोचना पड़ेगा कि सोलन को कहां तक बढ़ाएं और कहां रोक दें। एक दिन इस सोलन में नया सोलन चाहिए। बेशक निजी व्यापारी पहाड़ खोद कर जमीन बेच रहे, लेकिन पर्वतीय शहर की आबरू बची कहां। शिमला का भविष्य 'राज्य राजधानी क्षेत्र' में बांटना होगा। शिमला अपने परिसर में कई सेटेलाइट टाउन की विरासत में खुद को बचा व संवार सकता है। इसके लिए वाकनाघाट में एक कर्मचारी नगर बसाकर वहां कुछ दफ्तर व सरकारी आवासीय व्यवस्था करनी होगी। धर्मशाला की स्मार्ट सिटी परियोजना 2109 करोड़ से सिमट कर 631 करोड़ की रह गई। यहां केंद्र ने 581 करोड़, जबकि राज्य ने मात्र 50 करोड़ दिए। आश्चर्य यह कि इस परियोजना को समझाने या आगे बढ़ाने के लिए सीमेंट-सरिया और ठेकेदारों के बीच एक जरिया ही समझा गया। कई योजनाओं के तिलक विभाग ले गए। एचआरटीसी को पंद्रह इलेक्ट्रिक बसें और एक वर्कशाप के लिए धन देकर भी शहर को सार्वजनिक परिवहन नहीं मिला। यह दीगर है कि स्वच्छता के नाम पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स पर मेहनत हुई है। मंडी शहर हो, पालमपुर हो, हमीरपुर-ऊना हो या बद्दी, ये अपनी-अपनी मौलिकता, क्षमता और नागरिक स्वभाव की वजह से अलग-अलग चरित्र व पैमाने रखते हैं। केवल दायरे बड़े करने से कोई शहर बड़ा नजर नहीं आता, बल्कि इन सभी शहरों के लिए आगामी तीस सालों के खाके बनने चाहिएं। शहरी जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने से पहले नगर निकायों की आर्थिक स्थिति सुधारने को दृढ़ प्रतिज्ञ होना पड़ेगा। बीबीएन के आर्थिक पहलू को उभारने के लिए हमारे प्रयास केवल औद्योगिक पैकेज तक ही सीमित रहे, जबकि यह शहर चंडीगढ़ की समीपता में कई रोशनदान खोल सकता था। बीबीएन को हिमाचल की आर्थिक और मंडी को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित करना है तो इन शहरों की कवायद में नए संकल्प जोडऩे होंगे। धर्मशाला को ग्रीष्मकालीन राजधानी, पालमपुर को चाय नगर तथा हमीरपुर को शिक्षा हब के नजरिए से आगे बढ़ाने के ख्वाब तो चाहिएं। हिमाचल के शहरी परिदृश्य को मुकम्मल करने के लिए ऊना में एक बड़ा उपग्रह शहर बसाना होगा। दो-तीन लाख की आबादी का शहर अगर ऊना में विकसित होता है, तो हिमाचल के कई वर्तमान शहरों का दबाव कम होगा तथा नागरिक मांग का समाधान विकसित हो सकता है।

# पाकिस्तान ने भारत को कमजोर आंकने की बड़ी गलती



संजीव ठाकुर

पहलगाम में पाक समर्थित आतंक वादियों ने भारतीयों की विनम्रता और सज्जनता को कमजोरी समझ 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी पर उन्हें इस बात का कतई भान नही है कि अब भारत इतना ताकतवर और सशक्त है कि आंतंकवादियों और उनके आकाओं को आकाश से पाताल तक खोज कर पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखता है इसके अलावा उसे अमेरिका, रूस, इजरायल, फ्रांस, कनाडा, ब्रिटेन, सऊदी अरब तथा खाड़ी के अधिकांश देशों के साथ पूरी दुनिया का आतंकवाद के खिलाफ खुला समर्थन प्राप्त है को सिर्फ चीन तुर्क का भी पूरा समर्थन प्राप्त नही है, आज भारत आर्थिक रूप से पाकिस्तान से कई गुना शक्तिशाली होकर विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ तीसरी बड़ी सामरिक ताकत भी है। ताजा जानकारियों के अनुसार पहलगाम हत्याकांड में शामिल आतंकवादी लश्कर का कश्मीर का लोकल लीडर आसिफ शेख और उसके साथी का घर सेना द्वारा बम से उड़ा दिया गया है भारत देश की सेना अब आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर तत्पर है आगे भारतीय सेना आतंकियों के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है जिसमें आतंकवादी और उनकी आतंकवादी सोच के लिए उनके पीछे खड़े तथाकथित ताकतवर आकाओं को के ठिकानों को समूल नष्ट कर दिया जाएगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान आईएसआई समर्थित लश्कर ए तैयबा, जैस ए मोहम्मद और दी रेसिस्टेंट फ्रंट जैसे आतंकवादी संगठन को पाकिस्तान में घुसकर तहस-नहस कर दिया जाएगा। पाकिस्तान और उसके समर्थित आतंकवादी संगठनों ने भारत की विनम्रता को कमजोरी समझने की जो भूल की है इसका खामियाजा न सिर्फ आतंकवादी संगठनों को भुगतना पड़ेगा बल्कि पाकिस्तान भी भारत और भारतीय सेवा का निशान बनेगा। कूटनीतिक तौर पर भी भारत में चार बड़े फैसले करके पाकिस्तान को अधमरा कर दिया है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण 1964 में हुये सिंधु जल समझौते के करार को रद्द कर दिया गया है सिंधु नदी का 80% जल का उपयोग पाकिस्तान अपने लिए करता है अब पाकिस्तान एक-एक बूंद पानी के लिए तरसेगा और उसका उत्पादन एवं आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी इसके अलावा पाकिस्तान दूतावास को भी भारत में बंद कर दिया गया है साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं एवं भविष्य में पाकिस्तानियों के लिए भारत का वीजा अमान्य कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर के रास्ते को भी बंद कर दिया गया जिससे पाकिस्तान को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है और पाकिस्तान का आर्थिक ढांचा पूरी तरह से चरमरा जाएगा।



भारत के इस कड़े फैसले से पाकिस्तान का मनोबल वैसे ही आधा टूट चुका है अब यदि भारतीय सेना पाकिस्तान पर सामरिक हमला करती है तो पाकिस्तान दर-दर का भिखारी होकर पूरी तरह टूटने की कगार पर आकर खड़ा हो जाएगा। वैसे भी भारत को इस तरह के कदम पहले ही उठा लेने चाहिए थे क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता, सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए।

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा, सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है, या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम, सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही -

*''बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,*
*पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर''*


यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फ़ल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता, सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। विनम्र व्यक्ति सदा सुखी एवं संतुष्ट रहता है क्योंकि उसकी ना तो महत्वाकांक्षा होती है, ना प्रतिस्पर्धा, ना द्वेष, ईर्ष्या ना लोभ ही होता है। सभी सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति न सिर्फ अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी बहुत उपयोगी होता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में एक बड़ा ही अनुकरणीय प्रसंग है कि जब वह ज्ञान प्राप्ति के लिए देशाटन में इधर-उधर वितरण कर रहे थे, तब लोगों ने उन पर पत्थर बरसाए उन्हें गालियां दी एवं उनको प्रताड़ित भी किया किंतु महात्मा बुद्ध इससे बिना विचलित हुए अपने कार्य तथा साधना की ओर अग्रसर होते हुए उन्होंने अंततः मां निर्वाण प्राप्त किया। और उनका ज्ञान का भंडार आज भी करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। विनम्रता और सदाशयता वह महान गुण है एवं क्षमता है जो किसी भी व्यक्ति या समाज का हृदय परिवर्तन कर सकती और जीवन को सार्थकता की ओर ले जा सकती जिस मार्ग पर चलकर व्यक्ति बहुत बड़ा एवं महान हो जाता है विनय शीलता ही मोक्ष है अर्थात विनम्र व्यक्ति जीवन में सार्थकता और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। विनम्रता तो व्यक्ति को धरातल से लेकर उठाकर हवा की तरह गगन के उस क्षेत्र में ले जाती है जहां वह सर्वोच्च कहे जाने वाले पर्वत से भी ऊंचा पहुंच जाता है। समाज का कुछ वर्ग विनम्रता को व्यक्ति की कमजोरी समझने का मुगालता पाल लेता है और इसी विनम्रता से ओतप्रोत व्यक्ति का आकार से दमन करने का प्रयास करता है किंतु यह एक सत्य बात है कि सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता ना ही प्राप्त किया जा सकता है, उसी तरह विनम्रता की शक्ति इतनी व्यापक होती है के पर्वत के समान कठोर बाधा भी दूर किसके सामने हो जाती है हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने विनम्रता के साथ ब्रिटिश बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया था। विनम्रता और सहिष्णुता ही है जिसने हमारी भारतीय संस्कृति को हजारों वर्षों से शास्वत बना के रखा है। किसी व्यक्ति समाज और किसी राष्ट्र के लिए विनम्रता सहिष्णुता और विचार शीलता ऐसे महान गुण उसे विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर कर सकते हैं।

## 28 अप्रैल : इतिहास की अहम घटनाएं

- 1949 फिलीपींस की पूर्व प्रथम महिला अरोरा क्यूज़ोन, उनके पोते, और दस बायस्टैंडरों की हत्या फिलीपीन कम्युनिस्ट पार्टी के सैन्य दल ने की थी।
- 1952 जापान और चीन गणराज्य ने ताईपे की संधि पर हस्ताक्षर किए तात्कालिक रूप से द्वितीय चीन-जापानी युद्ध को समाप्त करने के लिए, लड़ने के सात साल बाद द्वितीय विश्व युद्ध के कारण संघर्ष समाप्त हो गया।
- 1952 जापान और चीन ने द्वितीय चीन-जापानी युद्ध को आधिकारिक रूप से समाप्त करने के लिए ताइपे की संधि पर हस्ताक्षर किए, द्वितीय विश्व युद्ध के कारण उस संघर्ष में लड़ने के सात साल बाद।
- 1965 डोमिनिकन गृह युद्ध शुरू होने के चार दिन बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने देश पर आक्रमण किया, जिसका लक्ष्य लिंडन जॉनसन ने संभावित दूसरी क्यूबाई क्रांति के रूप में देखा।
- 1975 दक्षिण वियतनामी सेना के प्रमुख काओ वान विओक, साइगॉन में उत्तरी वियतनामी बंद होने के कारण भाग गए।
- 1993 कार्लो चैंपियन पूर्व कम्युनिस्टों के साथ इतालवी सरकार बनाती है।
- 1993 लैम्बविले, गैबॉन में ज़ाम्बियन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है, 30 फुटबॉल खिलाड़ी मर जाते हैं।
- 1994 CIA के पूर्व खुफिया अधिकारी और विश्लेषक AldrichAmes ने सोवियत संघ और बाद में रुसिया को अमेरिकी रहस्य बताने के लिए दोषी ठहराया।
- 1994 पूर्व सीआईए प्रतिवाद अधिकारी और विश्लेषक एलड्रिच एम्सलेड ने सोवियत संघ और बाद में रूस को अमेरिकी रहस्य बताने के लिए दोषी ठहराया।
- 1995 दक्षिण कोरिया में मेट्रो में गैस विस्फोट होने से 103 लोगों की मौत।
- 1995 दक्षिण कोरियाई मेट्रो में गैस विस्फोट, 103 की मौत
- 1995 श्रीलंका के BAE748 पलेली में दुर्घटनाग्रस्त, 52 की मौत
- 2001 अमेरिकी बिजनेसमैन डेनिस एंथनी पहले अंतरिक्ष पर्यटक बने।
- 2001 डेनिस टीटो दुनिया का पहला शुल्क देने वाला अंतरिक्ष पर्यटक बन गया, जिसने रूसी सोयूज टीएम -32 अंतरिक्ष यान को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यान में सवारी की।
- 2002 बुकर पुरस्कार का नया नाम मैन प्राइज फार फिक्शन रखा गया।
- 2007 श्रीलंका का हराकर ऑस्ट्रेलिया चौथी बार विश्व चैंपियन बना।
- 2012 लोकतांत्रिक सुधारों की मान्यता में, यूरोपीय संघ बर्मा में एक कार्यालय खोलता है।
- 2012 सीरिया ने संयुक्त राष्ट्र के सचिव बान किन-मून पर 'सरकार पर उत्साहजनक हमले' का आरोप लगाया।
- 2013 पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के राजदूत को जापान की सरकार द्वारा विवादित सेनकाकू द्वीपों के पास चीनी जहाजों के एक फ्लोटिला के बाद बुलाया जाता है।
- 2014 Microsoft इंटरनेट एक्सप्लोरर में एक सुरक्षा मुद्दे की पहचान करता है जो हैकर्स को ब्राउज़र का उपयोग करके व्यक्तिगत कंप्यूटरों का नियंत्रण लेने की अनुमति दे सकता है; दोष सॉफ्टवेयर के 6 से 11 संस्करणों को प्रभावित करता है।
- 2014 दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे को इस वर्ष की पहली तिमाही में दुनिया के सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में हराया; विस्तार परियोजनाओं की एक श्रृंखला के पूरा होने के बाद दुबई हवाई अड्डे को इस स्थिति को बनाए रखने की उम्मीद है।
- 2014 फेसबुक ने $ 642 मिलियन की पहली तिमाही के मुनाफे की घोषणा की, 2013 में पहली तिमाही में लगभग 3 से अधिक मुनाफे का एक कारक, जिसके परिणामस्वरूप वॉल स्ट्रीट द्वारा अपेक्षित प्रति शेयर 17 सेंट प्रति शेयर 25 सेंट की कमाई हुई।

## समसामयिक

# दुनिया के बाज़ार में भारत !



ऋषभदेव शर्मा

**अपने** अप्रैल 2025 के विश्व आर्थिक आउटलुक में, आईएमएफ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत के जीडीपी विकास पूर्वानुमान को, जनवरी 2025 में अनुमानित 6.5% से घटाकर, 6.2% कर दिया। बेशक, यह संशोधन भारत के आर्थिक विस्तार के लिए अपेक्षाओं में थोड़ी कमी का संकेत देता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि इस समायोजन के बावजूद, 6.2% की मजबूत विकास दर भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाए रखने के लिए काफी है। यह पूर्वानुमान भारत की घरेलू ताकत के बारे में आशावाद और वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बारे में सावधानी के बीच संतुलन को दर्शाता है। इसे थोड़ी धीमी लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण विकास दर कहना उचित होगा।

सयाने बता रहे हैं कि इस संशोधन की मुख्य वजह है अमेरिकी शुल्क नीतियों से पैदा हुए वैश्विक व्यापार तनाव। फरवरी और अप्रैल 2025 के बीच की गई राष्ट्रपति ट्रंप की शुल्क घोषणाओं ने बहुत बड़ी अनिश्चितताएँ पैदा की हैं। भारत के लिए (जो कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और आईटी सेवाओं का एक प्रमुख निर्यातक है) ये शुल्क अहम बाजारों में माँग को कम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आईएमएफ द्वारा अनुमानित विकसित अर्थव्यवस्थाओं और उभरते बाजारों में धीमी वृद्धि भी भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की वैश्विक माँग को कम कर सकती है। घरेलू स्तर पर, मुद्रास्फीति और राजकोषीय नीति की बाधाएँ भी एक हद तक इसके लिए ज़िम्मेदार हैं, भले इस संशोधन में बाहरी तत्व ज़्यादा हावी हैं। महामारी से दबी हुई माँग के समाप्त होने का भी विकास में अपेक्षित नरमी में योगदान है। लेकिन आईएमएफ ने यह भी माना है कि मजबूत खपत और संरचनात्मक सुधारों से प्रेरित भारत का लचीलापन, इनमें से कुछ चुनौतियों को कम करने में समर्थ है।

कहना न होगा कि इन हालात में भारत सरकार को व्यापार व्यवधानों के प्रभाव को कम करने वाली नीतियों की ओर रुख करने की ज़रूरत है। इस वक़्त भारत का दक्षिण पूर्व एशिया या अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में निर्यात बाजारों में विविधता लाना, प्रोत्साहन के माध्यम से घरेलू खपत को बढ़ावा देना, और मैन्युफैक्चर और डिजिटल बुनियादी ढाँचे में सुधारों में तेजी लाना सहायक हो सकता है। 'मेक इन इंडिया' और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से आत्मनिर्भरता बढ़ाने में सहायता मिल सकती है। यह ठीक है कि कम विकास पूर्वानुमान के कारण संभावित रूप से निवेश धीमा हो सकता है। लेकिन, भारत का मजबूत घरेलू बाजार, बढ़ता मध्यम वर्ग और व्यापार करने में आसानी के लिए किए गए सुधार निवेशकों की रुचि बनाए रखने में बड़ा योगदान कर सकते हैं। सेवा क्षेत्र (विशेष रूप से आईटी) संभावित रूप से निर्यात से संबंधित चुनौतियों की भरपाई कर सकता है।

रोजगार और सामाजिक प्रभाव की बात करें तो, 6.2% की सतत वृद्धि खासकर युवा कार्यबल के लिए रोजगार सृजन के लिहाज से काफी अहम है। सरकार को कपड़ा और निर्माण जैसे क्षेत्रों के साथ-साथ 'स्किल इंडिया' जैसे कौशल विकास कार्यक्रमों को समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता देनी चाहिए। कहने का अभिप्राय यह है कि यह विकास दर, थोड़ी कम होने के बावजूद, अभी भी गरीबी में कमी और जीवन स्तर में सुधार का समर्थन करती है। साथ ही, संतोष की बात यह है कि संशोधन के बावजूद, भारत की वृद्धि अधिकांश प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से आगे है, जो वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में हमारी स्थिति को मजबूत करती है। रणनीतिक व्यापार समझौते और राजनयिक प्रयास इस बढ़त को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। दरअसल, आईएमएफ का पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहा है।

बढ़ते संरक्षणवाद, भू-राजनीतिक तनाव और तकनीकी बदलाव व्यापार और निवेश प्रवाह को नया आकार दे रहे हैं। भारत, अपने जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल कौशल के साथ, इन परिवर्तनों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। अंततः यह भी कि पहलगाम हमले के बाद बदलते हालात का असर अभी देखा जाना बाकी है !

# प्रसंगवश: यदि दुश्मन की कमर तोड़नी है तो...



डॉ. घनश्याम बादल

पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रेल को जिस तरह आतंकवादियों ने पर्यटकों की हत्या की वह निसंदेह एक वीभत्स ,निंदनीय एवं क्रूर कृत्य था । वैसे ऐसा पहली बार नहीं हुआ है । आतंकवाद का जब-जब और जहां-जहां बस चला है उसने ऐसे नृशंस हत्याकांड किए हैं । उसने न साधन संपन्न अमेरिका को बख्शा न ही सीरिया, अफगानिस्तान, इराक, ईरान, रूस या भारत जैसे देशों पर दया दिखाई। 26 नवंबर 2011 को मुंबई में ऐसा ही हमला हुआ था उसके बाद पुलवामा उड़ी जैसी जगहों पर समय-समय पर हमले व हत्याकांड होते रहे और हर बार हम आतंकवादियों और उनके सर परस्तों को नेस्तानाबूद करने के बयान देते रहे मगर ऐसा हो नहीं पाया ।अब एक बार फिर से आतंकवाद और उसे प्रश्रय दे रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश उभर कर सामने आया है ।हमले के बाद कुछ कूटनीतिक निर्णय भी लिए गए हैं जिनमें सिंधु का जल रोकना, पाकिस्तान के दूतावास के सदस्यों की संख्या कम करना, पाकिस्तानियों के यू एन वीजा के माध्यम से भारत आने पर रोक लगाना एवं देश में आए हुए सभी पाकिस्तानियों को एक में से पहले देश छोड़ने का आदेश देना । उधर पाकिस्तान ने भी लगभग ऐसे ही निर्णय लेकर इनका जवाब दिया है। इन निर्णयों का कितना असर पड़ता है यह समय के गर्भ में है और इस पर आलोचना प्रत्यालोचना का भी दौर चल रहा है ।

यदि शत्रु की सचमुच कमर तोड़नी हो तो कुछ सिद्धांत बहुत पहले से मौजूद हैं और कुछ उनमें जोड़े गए हैं यदि भारत सचमुच में आतंकवाद एवं अपने शत्रुओं की कमर तोड़ना चाहता है तो इन बिंदुओं पर काम करने से काफी हद तक सफलता मिल सकती है। चलिए, एक नज़र डालते हैं ऐसे ही कुछ बिंदुओं पर। जिस शत्रु की कमर तोड़नी हो उसके आय के स्रोत बंद कर दो, उसके अपनों को उससे अलग कर दो, उसका हुक्का पानी, बंद कर दो यानी उसे इतना अकेला कर दो कि वह कहीं का ना रहे। शत्रु को यदि जड़ से समाप्त करना हो तो आमने-सामने का युद्ध उतना कामयाब नहीं होता । उसके घर में चुपचाप घुसकर वहां के जयचंदों से मिल जाओ उसके अपनों को उसके विरुद्ध भड़का दो और उसके रहस्य जानकर उसके ऊपर अंतिम प्रहार करने से पहले उसे इतना बेजान कर दो कि वह अपने पैरों पर खड़ा ही न हो पाए।



यदि शत्रु को पूरी तरह काबू करना हो तो उसके लिए काम करने वाले वफादार लोगों की कमज़ोरी पता करो उसके आधार पर उन्हें काबू करो और उनका इस कदर ब्रेन वॉश करो कि उन्हें यह लगने लगे कि वे जिसके साथ खड़े हैं वह उनका दुश्मन है और उनका केवल उपयोग कर रहा है। यदि शत्रु को समूल नष्ट करना हो तो उनके घर / देश की स्त्रियों को उनके कुकृत्यों ,अवैध संबंधों, ा नाजायज़ औलादों के बारे में बताओ । उन्हें बार-बार उनके अधिकारों की याद दिलाते हुए एहसास कराओ कि उनका शोषण किया जा रहा है उन्हें इतना उकसाओ कि वे जिनके साथ रह रही हैं उन्हीं के खाने और जीवन में इतना ज़हर घोल दें कि वे जिंदा रहकर भी मुर्दे के बराबर हो जाएं।

यदि शत्रु किसी भी तरह काबू में न आ रहा हो तो उसकी औलादों / नागरिकों को नशे का आदी बना दो, कुसंगति में फंसा दो और उन्हें अपने मां-बाप / देश के खिलाफ खड़ा कर दो इससे शत्रु की ताकत आधे से भी काम रह जाएगी। शत्रु पर विजय प्राप्त करने के लिए उसके गहरे मित्रों को अपना मित्र बना लो और उन्हें एहसास कराओ कि वे जिनके साथ लगे हैं उनके साथ न उनकी खैर है और न उनके मित्रों का भविष्य उज्ज्वल है। दुश्मन को हराने का एक तरीका उसे थका कर मारना भी है । उसे इतना उकसाओ कि वह आप पर स्वयं हमला कर दे और ऐसे क्षेत्र या पक्ष पर हमला करे जिसमें आपका नुकसान न के बराबर हो और वह और उसके सिपाही, हितेषी अथवा सेना उसमें किसी पिंजरे की तरह कैद होकर रह जाए।

यदि शत्रु के समक्ष आपकी ताकत बहुत ज़्यादा नहीं है तो शत्रु के शत्रु को भी अपनी और मिला लो यदि उन्हें अपने हिस्से में से भी कुछ देना पड़े तो दे दो लेकिन उन्हें अपने राज़ मत जानने दो। शत्रु को हराने के लिए अपने हथियारों सेनाओं, गुप्तचरों, स्लीपिंग सेल एवं रणनीति को सदैव तैयार रखें और केवल एक योजना के आधार पर काम न करें अपितु प्लान ए, प्लान बी, प्लान सी जिसकी जहां जरूरत हो उसे वहां लागू करें। अपनी सेना को अत्याधुनिक हथियारों, तकनीकी, प्रशिक्षण एवं नियमित व्यायाम, सक्रियता, उचित खान-पान, कसरत और उमंग एवं उत्साह तथा जुनून के माध्यम से इतना सशक्त बनाएं कि कोई उसके बराबर न आ पाए। समय-समय पर उसे छद्म युद्ध के माध्यम से अभ्यास कराएं। एक एक सैनिक को यह विश्वास दिलाएं कि वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ सैनिक है और उसकी सेना का कोई मुकाबला नहीं है। छोटी-छोटी जीत हासिल करने पर भी अपने सैनिकों को प्रोत्साहन राशि, पुरस्कार मेडल एवं सम्मान देकर उनको उत्साह से लबरेज रखें ।जो युद्ध के मैदान में, बाहर या अंदर, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शहीद हों उनके परिवारों का पूरा ख़्याल रखा जाए ताकि जो जीवित है उन्हें इससे प्रेरणा एवं निश्चिंतता मिले। इन सबसे बढ़कर अपने सैनिकों को समर्पित, निस्वार्थ, उच्च नैतिक मूल्य वाले एवं मातृभूमि की रक्षा हेतु सदैव तत्पर तथा प्राण उत्सर्ग करने हेतु उद्यत रखने की नीति उन्हें अपना सर्वस्व लुटाकर भी राष्ट्र की रक्षा करने हेतु सदैव प्रेरित रखती है।

शत्रु को खत्म करने का आखिरी हथियार है आमने-सामने का युद्ध लेकिन इस युद्ध में अपनी हार की भी बराबर संभावना होती है किसी देश को आमने-सामने के युद्ध में आर पार या अंतिम रूप से हराना आज के युग में बहुत मुश्किल है उदाहरण के रूप में वियतनाम, यूक्रेन जैसे युद्ध सामने हैं। अतः क्रोध, आवेग, उकसावे, अति उत्साह या स्वार्थवश प्रत्यक्ष युद्ध से बचा जाए तो बेहतर होता है । धैर्य, रणनीति एवं निर्ममता पूर्वक शत्रु पर प्रहार ही विजय का असली सूत्र है। यदि शत्रु पर वार करें तो पहले सुनिश्चित कर लें कि किसी भी कीमत पर उसे ज़िंदा या अधमरा करके नहीं छोड़ना । उसके रोने गिड़गिड़ाने, पुनः ऐसी ग़लती न करने की शपथ लेने आदि जैसे छलावे में कदापि न आएं और उसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दें तभी आप शांति प्राप्त कर सकते हैं।

## खबरें फटाफट

### अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष अभियान ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत रोका जाए बाल विवाह

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला प्रोवेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि जनपद कानपुर देहात में दिनांक 30.04.2025 को अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष अभियान ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह रोकने के लिये जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद स्तरीय अधिकारीयो एवं पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश के क्रम में समस्त थानों को अपने-अपने क्षेत्र में बाल विवाह रोकने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किये जा चुके हैं। जहां एक ओर जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाप सेन्टर, हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन, को बाल विवाह रोकने हेतु जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों, आंगनवाड़ी, ए०एन०एम, आशा वर्कर से संर्पक कर इसे प्रभावी रूप से रोकने हेतु निर्देशित किया गया है वही दूसरी ओर जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी से संर्पक करने एवं सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस की सहायता से बाल विवाह को रूकवाने के लिये जिलाधिकारी महोदय की तरफ से आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत बालक की उम्र 21 वर्ष से कम व बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर बाल विवाह कराने वाले लड़की एवं लड़के के माता-पिता तथा शादी में सहयोग देने वालों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही (दो वर्ष की सजा एवं एक लाख तक के जुर्मान) का प्रावधान है।

### जेसीआई के सहयोग से टीएसएच के ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों ने ब्लूवर्ड का उठाया लुत्फ : प्रणीत अग्रवाल

कानपुर, । द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में प्रशिक्षण ले रहे अल्प आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के 288 बच्चों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा रहा। जेसीआई के सहयोग से इन बच्चों को बिठूर स्थित भव्य ब्लू वर्ड थीम वाटर पार्क की सैर कराई गई। पूरे आयोजन के दौरान टीएसएच के कोचिंग स्टाफ ने बच्चों की सुरक्षा और प्रबंधन का बेहतरीन जिम्मा निभाया, जिससे बच्चे निश्चिंत होकर हर पल का भरपूर आनंद ले सके। यह जानकारी रविवार को टीएसएच के निदेशक प्रणीत अग्रवाल ने दी। टीएसएच निदेशक ने बताया कि ब्लू वर्ड वाटर पार्क में बच्चों ने विभिन्न झूलों, वाटर स्लाइड्स और थ्रिलिंग राइड्स का अनुभव किया। ठंडी फुहारों के बीच मस्ती करते हुए बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान थी, वह देखकर हर कोई अभिभूत हो उठा। पानी की लहरों के संग नाचते-गाते बच्चों ने बेफिक्री और आनंद से भरा यह दिन अपने जीवन के सबसे खूबसूरत पलों में शुमार कर लिया। टीएसएच प्रबंधन और जेसीआई की इस सराहनीय पहल ने बच्चों को न केवल मनोरंजन का अवसर दिया, बल्कि उन्हें आपसी सहयोग, सामूहिकता और जीवन में खुश रहने का महत्व भी सिखाया। आयोजन की व्यापक सराहना अभिभावकों, कोचिंग स्टाफ और समाज के अन्य वर्गों द्वारा भी की गई।



# गजनेर पुलिस ने गोदरेज एग्रो फर्टिलाइजर के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। कानपुर देहात की गजनेर पुलिस ने गोदरेज एग्रो फर्टिलाइजर के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने उन्नाव जिले के चार आरोपियों सुनील यादव, संदीप प्रताप सिंह, विवेक सिंह और दिलीप प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 10 लाख 4 हजार रुपये नकद, फर्जी आईडी कार्ड, 12 मोबाइल और दो बाइक बरामद हुई हैं।

आरोपी खुद को कंपनी का अधिकारी बताकर गांव-गांव जाते थे। वे सड़क किनारे जमीन रखने वाले ग्रामीणों व खासतौर पर रिटायर्ड अध्यापकों और कर्मचारियों को फ्रेंचाइजी देने का लालच देते थे। आरोपी किराए के नाम पर एक हजार रुपये का चेक लेते थे। इसके बाद चेक में लाखों की रकम भरकर बैंक से पैसा निकाल लेते थे।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह ने कई गांवों में ठगी की है। लुहारी में 1.91 लाख, नहोली में 2.91 लाख, भरतपुर प्यासी में 1.91 लाख, नसीरपुर में 1.81 लाख और न्यूरिया में 1.91 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। इनकी गतिविधियां इटावा, रायबरेली, फैजाबाद, देवरिया और बाराबंकी में भी पाई गई हैं।

## हिंदी भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। देहात के हिंदी भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी एवं व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष रामतीर्थ सिंघल ने व्यापारियों को संबोधित किया। सिंघल ने बताया कि भारत में 1951-52 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अलग-अलग समय पर होने वाले चुनावों से सरकारी खर्च बढ़ता है। साथ ही सुरक्षा बल और निर्वाचन अधिकारी अपने मूल कार्यों से दूर रहते हैं। आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से व्यापारियों को बार-बार चंदा देने से राहत मिलेगी।

## पूर्व सैनिकों के साथ भाजपाइयों ने पीएम मोदी के 'मन की बात' सुनी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। भाजपा दक्षिण जिले में भाजपा नेताओं ने रविवार को अपने अपने बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 121वें संस्करण को कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने श्याम नगर मंडल में पूर्व सैनिकों के साथ मोदी के ' मन की बात' सुनी। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का निर्णय लिया।

₹मन की बात ₹ में पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर देशवासियों को एक बार फिर आश्वस्त किया कि न्याय किया जाएगा और इस हमले के पीछे किसी भी आतंकी को नहीं छोड़ा जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस घटना ने हर किसी का दिल दुखी किया है। दुश्मनों को विकास रास नहीं आया। यह एक कायराना हरकत थी, जिसके किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि 'मन की बात' न केवल एक संवाद है, बल्कि यह जन-जन से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में सभी को सक्रिय भागीदार बनाने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों को पहुँचाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री के विचारों का स्वागत किया और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया।

## कौमी एकता दिवस के रूप में अंतर जातिय के युगलों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




कानपुर। गाँधी शांति प्रतिष्ठान कानपुर केंद्र के तत्वाधान में शास्त्री भवन, खलासी लाइन कानपुर में कौमी एकता दिवस के रूप में अंतर जातिय के युगलों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ कार्यक्रम में 30 से अधिक वैवाहिक जोड़ों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता सईद नकवी ने कहा की भारत में अंतरजातिय जोड़ों की खुशहाल पूर्ण, सह अस्तित्व का सफल जीवन इतने वर्षों के बाद यहाँ प्रतिबद्धता जताने एकत्र हुआ, यही भारत की अनेकता में एकता एवं इंसानियत हमारा पहला धर्म है कार्यक्रम के संयोजक छोटे भाई नरौना ने कहा- यह कार्यक्रम यह बताता है कि " यदि अपने में है आपसी प्यार,तो सारी समस्याएँ होती है पार ₹ नफरत के तपिश के बीच में वैवाहिक जोड़ें हमारे समाज में मोहब्बत की सौगात है प्रतिष्ठान के अध्यक्ष दीपक मालवीय ने नारा लगवाया .₹ जाति - पाति के बंधन छोड़ों, भारत जोड़ों भारत जोड़ों ₹₹प्रान्त भाषा भेद छोड़ों भारत जोड़ों भारत जोड़ों ₹उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सदभाव एवं राष्ट्रीय एकता का संगम दिखा कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ गाँधीवादी जगदम्बा भाई, मदनलाल भाटिया, बिन्दा भाई, कृष्णकांत अवस्थी, सुरेश गुप्ता,शिव किशोर, मनोज सेंगर आदि है। जिन 30 युगलों को सम्मानित किया गया 29 अंतरजाति शादियाँ है इसमें सैन्य अधिकारी प्रोफेसर, समाजसेवी,वकील आदि थे प्रमुख युगल जोड़ों के सम्मान में युग दधिची अभियान के मनोज सेंगर, माधवी सेंगर, प्रमुख मजदूर नेता मोना सुर - मीनू सूर, शिवा किशोर आदि प्रमुख लोग रहे कार्यक्रम का संचालन मदन लाल भाटिया ने किया।

## राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त शशांक शेखर हटाए गए

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश सरकार ने कानपुर के अपर आयुक्त (ग्रेड-वन) राज्य कर शशांक शेखर द्विवेदी को हटा दिया है। उनकी जगह केस्को के प्रबंध निदेशक आईएएस सैमुअल पाल एन को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। राज्य कर विभाग में पहली बार इस पद पर किसी आईएएस अधिकारी की तैनाती मिली है। प्रमुख सचिव राज्य कर एम देवराज ने रविवार को यह आदेश जारी किया है। राज्य कर विभाग को कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा समेत कई जिलों से टैक्स चोरी की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त ग्रेड वन ने विभाग में तैनात एक अधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे।

## स्कूटी और बाइक की टक्कर को लेकर झगड़े के दौरान किशोर की हत्या



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। तेज रफ्तार ने पहले स्कूटी और बाइक में टक्कर कराई और फिर इसी बहाने झगड़ा ,जिसके चलते एक किशोर की पीट - पीट कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस

पोस्टमार्टम के लिए भेज फरार आरोपी की तलाश में भी जुटी हुई है। पूरा मामला कल्याणपुर थानाक्षेत्र का है जहां नानकारी बगिया के रहने वाले सुमित वाल्मीकि (17) छात्र था। घटना के समय वह स्कूटी से किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही पड़ोसी गुड्डे के साले रवि की बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों में विवाद हो गया। इस दौरान रवि ने सुमित की पिटाई कर दी। घटना के बाद सुमित ने अपने घर पहुंचकर पूरी बात परिजनों को बताई। सुमित की मां मंजू रवि के घर पर शिकायत करने गई। इस दौरान गुड्डू की पत्नी ने शिकायत करने पर देख लेने की धमकी दी।

इसी के बाद सुमित को रास्ते में गुड्डू के साले रवि, आनंद, गुन्नू व आठ से दस अज्ञात साथियों ने घेर लिया। दबंगों ने गाली-गलौज करने के बाद सुमित की लात-घूसे, लाठी-डंडे व हॉकी से बेरहमी से पिटाई कर दी।

इसके बाद मौके से फरार हो गये। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सुमित को इलाज के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।




मेष - सुख-आनंद कारक समय है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृष - शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम।

मिथुन - नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में वृद्घि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

कर्क - आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे।

सिंह - प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

कन्या - आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

तुला - स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

वृश्चिक - आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

धनु - धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

मकर - अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

कुम्भ - आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

मीन - ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफ

## राम रोटी नि:शुल्क भोजन सेवा प्रकल्प ने मनाई दसवीं वर्षगांठ

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। समन्वय सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा जे. के. कैंसर संस्थान रावतपुर में वर्ष 2015 से संचालित "राम रोटी" इस 27अप्रैल 2025 में अपनी यात्रा के दस साल पूरे कर अपनी दसवीं वर्षगांठ मना रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में भूखे को भोजन कराने से पवित्र और कोई कार्य नहीं है इसीलिए अन्नदान को महादान कहा जाता है। उन्होंने अपने हाथों से मरीजों और तीमारदारों को भोजन वितरित किया। समिति के सह संयोजक मनोज सेंगर ने बताया कि स्व. सन्तोष अग्रवाल एडवोकेट के अथक प्रयासों से वर्ष 2015 में अक्षय तृतीया के दिन ही इस भोजनालय का प्रारम्भ भारत माता मन्दिर हरिद्वार के संस्थापक बृह्मलीन पू.स्वामी सत्य मित्रा नन्द गिरिजी महाराज के हाथो हुआ था। कैंसर मरीजो की परेशानी को समझ कर स्वामी जी ने ही यह प्रेरणा प्रदान की थीं अब स्व. सन्तोष अग्रवाल के पुत्र मनोज अग्रवाल समिति के सहयोग से सम्पूर्ण व्यवस्था की देखरेख करते हैं।

यहां पर भोजन की गुणवत्ता उच्च स्तरीय रखी जाती हैं दाल, चावल, रोटी, सब्जी, मिष्ठान्न और फल के अतिरिक्त दूध, मट्ठा, सत्तू, दलिया दोनों समय निःशुल्क है। मरीजो के तीमारदार भी भोजन करते हैं। औसत चार सौ लोग रोज भोजन करते है। कोरोना काल में तो रोज हजार थालियां भी वितरित की जाती रही हैं। समिति के महामंत्री सुरेन्द्र गुप्ता गोल्डी मसाले ने बताया कि रामरोटी प्रकल्प ब्रह्मलीन पद्मभूषण स्वामी सत्य मित्रा नन्द गिरि जी महराज के आशीर्वाद से एवम जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज एवं वेदाचार्य स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज की गरिमापूर्ण उपस्थिति में वर्ष 2015 की अक्षय तृतीया को प्रारम्भ हुआ था यह हमारा सौभाग्य है कि हम अब तक सोलह लाख भोजन थालियां निशुल्क वितरित कर सके हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रहलाद दास गुप्ता एवं श्री राधेश्याम शर्मा, हरी किशन चोखानी, श्री राजेंद्र गुप्ता, प. शेष नारायण त्रिवेदी, माधवी सेंगर, सरोज गुप्ता, शशि गुप्ता, सत्यनारायण नेवटिया का इस कार्य में सहयोग रहता है, लोग अपने मंगल अवसरों पर भी सहयोग राशि का दान करते रहते हैं, लेकिन मुख्य रूप से संचालन समिति ही करती है।

## सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन एंड अवेयरनेस ऑफ की डायबिटीज को लेकर हुई मासिक बैठक

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह




कानपुर। सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन एंड अवेयरनेस ऑफ डायबिटीज (एसपीएमडी) की मासिक बैठक गैंजिस क्लब, कानपुर में आयोजित की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज से जुडी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. मनीषा गुप्ता द्वारा टाइप-1 डायबिटीज से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि टाइप-1 डायबिटीज से पीडित लोगों में उच्च एचबीए1सी स्तर एक सामान्य समस्या है, जिसका मुख्य कारण है कि अधिकांश लोग नियमित रूप से ब्लड शुगर की जांच नहीं कराते और इंसुलिन की खुराक में आवश्यकतानुसार बदलाव नहीं करते।

डॉ. सौरभ मिश्रा ने टाइप-2 डायबिटीज की चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ति अनेक लोग नियमित रूप से अपनी शुगर, बी.पी., वजन और लिपिड प्रोफाइल की निगरानी नहीं करते, जिसके कारण इनका समुचित नियंत्रण नहीं हो पाता। इस विचारगोष्ठी में विशेषज्ञों और सदस्यों के बीच उपयोगी चर्चा हुई और निदान के संभावित उपायों पर भी मंथन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सीताराम खत्री तथा सचिव अशोक तनेजा एवं कोषाध्यक्ष डॉक्टर दीपक यागनिक के स्थान पर अब संस्था की अध्यक्षता डॉ. संगीता शुक्ला द्वारा एवं सचिव पद का दायित्व डॉ. भास्कर गांगुली और कोषाध्यक्ष प्रवीन सचदेवा द्वारा ग्रहण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्यों ने नए अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। बैठक में प्रमुख रूप से डॉक्टर ऋषि शुक्ला, अशोक तनेजा, सुमित गुप्ता, भोला नाथ गुप्ता, गुलशन चावला, एच० ऐस० कुशवाहा, ओ० पी० बदलानी, सीता राम खत्री, ऐस० के० श्रीवास्तवा, सुधा श्रीवास्तवा, रंजना सक्सेना विशाल शुक्ला मीना श्रीवास्तवा इंदू पांडेय उपस्थित रहे।

इसी तरह विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कैंप कार्यालय, किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने बर्रा मंडल के बूथ संख्या 194 , रघुनंदन भदौरिया ने बाबूपुरवा मंडल के बूथ संख्या 307 में मन की बात कार्यक्रम सुना।

प्रमुख रूप से राम बहादुर यादव, गणेश शुक्ला ,अर्जुन बेरिया, आलोक वर्मा, केपी सिंह चौहान, मानसिंह चौहान, एलबी सिंह पटेल, आरपी कटियार, राकेश सिंह, चिंता सिंह चंदेल, मोहन मिश्रा,आदि मौजूद रहे। इसी तरह बूथ -27 मे भाजपा साहित्य प्रचार विभाग के जिला संयोजक प्रकाश वीर आर्य,पार्षद नवीन पंडित ने अपने कैंप कार्यालय मे व 332 मे मंडल अध्यक्ष दीपू पासवान ने मन की बात कार्यक्रम सुना

# यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने पर बहन-भाई को किया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**



मुरादाबाद। यूपी बोर्ड परीक्षा में होनहार भाई-बहन का स्वागत मूंढापांडे भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत ठाकुर ने बूथ प्रभारी के घर पहुंचकर राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में वंश और उसकी बहन वंशिका ने इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

वंश के हाईस्कूल परीक्षा में 83.16 प्रतिशत तथा वंशिका के इंटरमीडिएट परीक्षा में 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। रविवार को सामाजिक तौर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दोनों बहन-भाई को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

दोनों बहन भाई ने इसका श्रेय अपने गुरुजनों और मां-बाप को दिया। कहा अगर मेहनत से कोई काम किया जाए तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रंजीत ठाकुर ने गणमान्य लोगों के साथ बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ब्लॉक में सामाजिक व सम्मानित लोगो द्वारा ब्लॉक के कक्षा 10वीं ओर 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी को सम्मान पत्र व मिठाई खिलाकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

बीजेपी के मंडल अध्यक्ष ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य व केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पहल की सराहना की। इस मौके पर वक्ताओं कहा कि बेटियां वर्तमान समय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन है। बेटी पढ़ेगी, तो वह अपने कुल का नाम रोशन करेगी। सरकार द्वारा भी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। अपने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए उनका मार्गदर्शन कर उच्च शिक्षा दिलायें। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत ठाकुर, प्रभारी अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या लोग शामिल रहे।

# जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया नि:शुल्क पौष्टिक भोजन



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। खत्री सभा रजि0 मुरादाबाद ने श्री हनुमान रसोई के माध्यम से गरीबों व जरूरतमन्द लोगों को अपनी संस्था की ओर से निःशुल्क पौष्टिक भरपेट भोजन उपलब्ध करवाया।

रविवार को भोजन वितरण का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित करने के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर साईं मन्दिर दीनदयाल नगर पर किया गया।

एक तरफ जहां महंगाई की मार से आम जनता त्रस्त है। तो दूसरी तरफ खत्री सभा रजि0 मुरादाबाद की ओर से जरूरतमंदों को भरपेट भोजन कर राहत प्रदान की जा रही हैं। और सिर्फ गरीब ही नहीं बाकी लोग भी यहां भोजन का आनंद उठा रहे हैं।

इस अवसर पर खत्री सभा रजि. के अध्यक्ष श्याम खन्ना, महासचिव कमल अरोरा, कोषाध्यक्ष दीपक कपूर, उपाध्यक्ष दिनेश कपूर,रवि मेहरोत्रा, सह सचिव शरद कपूर,पंकज टंडन, संजय मेहरोत्रा,राजीव अरोरा,अनूप मेहरोत्रा,सुमित तनेजा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरे चोरी कर रहे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी**

मैनाठेर। नूरपुर निवासी कय्यूम हुसैन पुत्र शमशाद ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम समय करीब पांच बजे मेरे दो बकरे घेर के पास चर रहे थे। और मैं किसी काम से घर चला गया था। कुछ समय बाद जब मैं वापस घेर की तरफ आया तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति मेरे दोनों बकरों को मोटरसाइकिल पर रखकर चोरी कर कर ले जा रहे थे। तभी मैंने शोरगुल मचाया तब आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और मोटरसाइकिल को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े कुछ आगे चलकर सड़क पर ऊंची पुलिया थी। जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दोनों युवकों को चोट भी लगी तभी लोगों की मदद से हमने मिलकर चोरों को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम रियासत हुसैन पुत्र मुस्ताक हुसैन निवासी अखबार फैक्ट्री धीमरी करुला मुरादाबाद व दूसरे ने समीर पुत्र नबी हसन निवासी धीमरी का बताया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरन पाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार की शाम दो मोटरसाइकिल सवार चोरों बकरे चोरी करते हुए पकड़े गए। जिस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### तीन तलाक व दहेज उत्पीड़न के खिलाफ नौ पर मुकदमा दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

भोजपुर। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति समेत नौ के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर तीन तालाक देकर घर से निकालने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव मंसूरपुर निवासी विवाहिता रूबीना ने कहा है कि उसका विवाह बारह अप्रैल 20 को बजरुद्दीन पुत्र आबिद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। पिता ने विवाह में खानपान और उपहारों में 12 लाख रुपए खर्च किए थे। भाई बहन, भाभी आदि के कहने में आकर पति विवाह से पहले के हंसी खुशी के बहन के देवर के साथ खिंचें हुए फोटो को दिखाकर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। पंद्रह अप्रैल को मारपीट कर तीन तालाक देकर कमरे में बंद कर दिया। पड़ोसियों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे से बाहर निकाल कर भाई को फोन करके बुलाया और उसके साथ मायके आकर रहने लगी। रविवार को पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति बदरूद्दीन, जेठ शाहिद व निजामुद्दीन, जेठानी मेहताब,ननद गुलनाज, ननदोई इरफान, फात्मा, गुड्डू और महरूम के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीड़न और तीन तालाक देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकबड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निदेर्शानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध शस्त्र निर्माण,तस्करी, अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रविवार को थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण विकास पुत्र नरेश निवासी बी-106 हरिजन बस्ती कोन्डली बसुन्धरा इन्कलेव थाना गाजीपुर पूर्वी दिल्ली,शिव कुमार उर्फ ललित पुत्र प्रेमचन्द हाल निवासी एनटीपीसी रोड दादरी थाना बादलपुर उत्तर प्रदेश स्थायी निवासी ग्राम नगला माल थाना केसूपुर जिला हाथरस को दो अवैध तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना पाकबड़ा पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# मिशन रोड सेफ्टी अंतर्गत वाहन चालकों को पम्पलैट वितरित कर किया जागरूक



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

मुरादाबाद। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अन्तर्गत रविवार को यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों,मार्गों पर आमजन,दो पहिया वाहन,तीन पहिया वाहन चालको को वाहन चलाते समय सीट,बेल्ट का प्रयोग करने व हेल्मेट लगाकर वाहन चलाने के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर दो पहिया,ऑटो,ई-रिक्शा आदि वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेल्मेट लगाने,सीट बेल्ट लगाने व मानक से अधिक सवारी न बैठाने आदि यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील की।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत किया जागरूक, आपातकालीन सेवाओं दी जानकारी

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 05 रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

मिशन-शक्ति फेज 05 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

# सार्वजनिक शौचालय का नवनिर्माण कार्य पूरा,खुले में शौच से मिलेगी मुक्ति महिलाओं और बच्चों को बड़ी राहत




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

भोजपुर। स्वच्छ भारत अभियान के तहत सार्वजनिक शौचालय का नवनिर्माण कार्य पूरा खुले में शौच से मिलेगी मुक्ति महिलाओं और बच्चों को बड़ी राहत नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के थाना चौराहे पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है। मुरादाबाद सदर तहसील की बड़ी नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के चैयरमैन प्रतिनिधि अर्शलान अंसारी ने बताया कि यह सार्वजनिक शौचालय जनता की लंबे समय से उठ रही मांग को देखते हुए नगर पंचायत की निधि से बनवाया गया है। इस शौचालय के निर्माण से न केवल इलाके के निवासियों को बल्कि बाजार में आने-जाने वाले दूर-दराज से आने वाले लोगों को भी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है। और नगर पंचायत के प्रयासों की सराहना की है। नगर के संजय कुमार, मौ0 सलीम, मनोज कुमार, फिरोज आलम, विजय सिंह, मौ0 कामरान और अन्य लोगों का कहना है कि थाना चौराहा क्षेत्र एक मुख्य स्थान है। तथा यहां सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होने से शौच के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह सुविधा बहुत महत्वपूर्ण होगी। शौचालय का निर्माण कार्य जमीनी स्तर से शुरू होकर निर्माण कार्य से स्वच्छ भारत अभियान ग्रीन भोजपुर, क्लीन भोजपुर का संकल्प पूरा हो रहा है। क्षेत्रवासियों सहित स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर जरीफ इदरीशी ने नगर पंचायत के इस कदम का आभार व्यक्त किया है। और उम्मीद जताई है। कि यह सार्वजनिक शौचालय बनने से राहगीरो और स्थानीय लोगों को खुले में शौच से मुक्ति मिल सकेगी।

# पहलगाम आतंकी हमले में शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर, सौंपा ज्ञापन



**नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी**

मैनाठेर। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में लोगो मे आक्रोश बढ़ता नजर आ रहा है इसी के चलते करणी सेना ने मुरादाबाद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में रविवार की शाम करणी सेना ने पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ गागन तिराहे पर आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध-प्रदर्शन किया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरन पाल को ज्ञापन दिया। इस दौरान करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह जिला अध्यक्ष अमित चौहान प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर कुनाल गौतम, ठाकुर अमित सिंह ठाकुर रणवीर सिंह दानवीर सिंह मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना मझोला का वार्षिक निरीक्षण

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों किया पुरस्कृत

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**





मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा थाना मझोला का वार्षिक निरीक्षण कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा थाना मझोला का वार्षिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स,अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया । शस्त्रो की स्थिति एवं साफ-सफाई तथा थाने पर खड़े वाहनो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ई-मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क,पीवीआर, [illegible] की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं थाना प्रभारी को करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस की विजिबिलटी में सुधार एवं महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। थाना पर [illegible], ढशफके निस्तारण एवं महिला हेल्प डेस्क पर कार्यरत महिला पुलिस कर्मी एवं सुदृढ कानून व्यवस्था एवं प्रभावी विवेचना करने वाले उपनिरीक्षकगण को उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर उत्साहवर्धन करते हुए पुरुष्कृत किया गया।

# बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन, राष्ट्र व धर्म की रक्षा का लिया गया संकल्प

## हिंदू समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता, बिखराव से होंगे भविष्य में घातक परिणाम : शैलेन्द्र अग्निहोत्री*

» नेशनल एक्सप्रेस









रायबरेली - आज विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा संकल्प का कार्यक्रम होटल सारस में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकताओं को त्रिशूल पूजन कर धारण करवाया गया और राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए अपना संकल्प दोहराया गया। सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं को संत गोविंद गिरि जी महाराज द्वारा आशिष वचन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रान्त संगठन मंत्री विजय प्रताप ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता राष्ट्र और धर्म के लिए त्रिशूल दीक्षा संकल्प लेते हैं। और उसे धारण करते हैं उन्होंने कहा किया कट्टरपंथी ताकतें अपना सर उठा रही हैं जिन्हें कुचलने की आज जरूरत आन पड़ी है।हमारे कार्यकर्ता ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए हरदम तैयार रहते हैं। हम उनके अन्दर संस्कारों का समावेश भी करते हैं। अगर हम शास्त्र का अध्ययन करते हैं तो समय आने पर देश धर्म के लिए हम शस्त्र भी धारण कर सकते हैं। मुख्य अतिथि समाज सेवी शैलेन्द्र अग्निहोत्री जी ने कहा कि हम सभी हिंदू समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता है। अगर हम एक नहीं हुए तो इसके परिणाम भविष्य में बहुत घातक होंगे। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रांत सहमंत्री विवेक सिंह द्वारा रखी गई। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी द्वारा कार्यक्रम में आए हुए समाजसेवियों व कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री धनंजय पांडेय द्वारा किया गया, इस अवसर पर जिला कार्याध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, विभाग संयोजक रमाशंकर त्रिपाठी, विभाग सह संयोजक पंकज मिश्रा, जिला संयोजक विनोद मौर्या, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख हरिश्चन्द्र शर्मा, प्रांत सह धमार्चार्य संपर्क प्रमुख दिनेश लोधी ,विभाग अध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी

जिला सह संयोजक आदर्श नगर अध्यक्ष आलोक जिला सह मंत्री संतोष सोनी, नगर संयोजक गौरव, समाजसेवी,महेंद्र अग्रवाल ,डॉ संजय रस्तोगी ,जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी, जिला संयोजिका ऐश्वर्या मिश्रा। जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश सिंह, जिला गौरक्षा प्रमुख दीप श्रीवास्तव। जिला धर्म प्रसार प्रमुख अरुण दास,राही मंत्री मनोरंजन राही अध्यक्ष रामदयाल। सतांव अध्यक्ष,प्रेमशंकर शुक्ला आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक सम्पन्न

## नरेश अग्रवाल ने व्यापारियों की भूमिका और सरकार की नीतियों की सराहना की

» नेशनल एक्सप्रेस



लखनऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक मैरियाड होटल में सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन के प्रदेश पदाधिकारी, जिला एवं शहर अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन राज्य का पहला ऐसा संगठन है, जो बीते 22 वर्षों से व्यापारियों के हितों की रक्षा कर रहा है और उन्हें राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग की एकता आज इतनी प्रभावशाली हो चुकी है कि सभी राजनीतिक दल अब उनके वोटों के महत्व को समझने लगे हैं।

नरेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारत की वैश्विक पहचान में व्यापारियों की अहम भूमिका है। व्यापारियों के योगदान से सरकार का राजस्व बढ़ा है, जिससे देश निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और एक देश, एक चुनाव तथा वक्फ बिल जैसे मुद्दों पर संगठन सरकार का समर्थन करता है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी मण्डलों में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों को निकाय, पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है ताकि वे अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकें। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने की, जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री व पूर्व राज्य मंत्री बृजेश शुक्ला ने किया। बैठक को अन्य प्रमुख नेताओं जैसे अमित अग्रवाल, सतनाम सेठी, कृष्ण गोपाल मित्तल, जगदीश अग्रहरि, भारत भूषण गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### रुची फार्मा में बिना बिल की संदिग्ध दवाएं पकड़ी गईं

रायबरेली। शहर के चरक हॉस्पिटल में संचालित रुची फार्मा में ड्रग इंस्पेक्टर ने दवाओं की गुणवत्ता की जांच की। मेडिकल स्टोर में दवाएं तो मिलीं, लेकिन बिल एक भी दवा का नहीं मिला। संचालक ने बताया कि सारे बिल लखनऊ में हैं। नशे से संबंधित चार दवाएं भी मिलीं, जिसके बिल न मिलने पर उनकी बिक्री पर रोक लगा दिया। गैस से संबंधित एक दवा का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। खामियां मिलने पर संचालक को नोटिस देकर जवाब मांगा है। शहर में फायर स्टेशन के सामने संचालित रुची फार्मा में ड्रग इंस्पेक्टर की जांच में एक्सपायरी दवाएं रखने के लिए रैक नहीं मिला। वहीं, विक्रय हुई दवाइयों के बिल की कॉपी सुरक्षित नहीं रखी जा रही थी। मंगवाई गईं दवाओं के बिल मांगे तो बताया गया कि सारे बिल लखनऊ में रखे हैं। ड्रग इंस्पेक्टर ने नोटिस देकर दवाओं के बिल उपलब्ध कराने के आदेश दिए। नशे से संबंधित चार दवाएं मिलीं, लेकिन उनके बिल न मिलने पर बिक्री के लिए प्रतिबंधित कर दिया। संदिग्ध प्रतीत होने पर गैस से संबंधित एक दवा का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि रुची फार्मा ने खामियां मिलने पर संचालक को नोटिस दिया गया है।

### अजय कुमार मिश्रा बने आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष



गोंडा। जिले में जन्म से ही सुषुप्तावस्था में रही आम आदमी पार्टी को गतिशील व आगामी वर्ष में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यकर्ता व छात्र नेता रहे अजय कुमार मिश्रा उर्फ अज्जू पंडित को जिला अध्यक्ष बनाया है। यह जानकारी संगठन के बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ ने दिया। अज्जू पंडित को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकताओं व शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

### वजीरगंज में चल रही मनरेगा पर जेसीबी, पीले ईंटों से हो रहा नाली का निर्माण

गोण्डा। जिले की आदर्श ग्राम पंचायत वजीरगंज में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसके क्रम में जिम्मेदार मनरेगा पर खुलेआम जेसीबी चलाते हुये पीले व अद्धे ईंटों से मानक विहीन नाली का निर्माण करा रहे हैं।





बताते चलें कि इस मानक विहीन नाली का निर्माण वजीरगंज के कर्बला रोड पर कराया जा रहा है। जिसकी खुदाई मनरेगा मजदूरों से न करवाते हुये पंचायत सचिव और प्रधान खुलेआम जेसीबी से करवा रहे हैं। इतना ही नहीं साथ में जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें मानक विहीन पीले अद्धे ईंटों से कराया जा रहा है।

जिसको न देखने वाला कोई है और न रोकने -टोकने वाला कोई है। लोगों की माने तो इस तरह के कई निर्माण कार्य इस नाम के आदर्श ग्राम पंचायत में और भी किये गये हैं, जिसपर जाँच टीम भी बैठी पर स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारों के उच्चाधिकारियों से संबंध और चढ़ावे के नीचे सारी जाँचें पता नहीं कहाँ गुम हो गईं।

हालांकि,जब इस संबंध में जब नवागत एडीओ पंचायत सतीश तिवारी से जानकारी चाही गई तो उन्होने बताया कि, उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है कि, निर्माण किसके निधि से हो रहा है। यदि यह निर्माण ग्राम पंचायत निधि से है और उसमे जेसीबी से कार्य कराया गया है तथा निर्माण कार्य पीली ईंट से कराया जा रहा है तो जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी वह इसके जिम्मेदारों पर कराई जायेगी।

# 29,30को रायबरेली, अमेठी आयेंगे राहुल गांधी

» नेशनल एक्सप्रेस

रायबरेली/अमेठीः रायबरेली सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संसदीय क्षेत्र-र-ायबरेली / अमेठी में 29.04.2025 एवं 30.04.2025 को भ्रमण कार्यक्रम घोषित किया गया है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के 2 दिवसीय दौरे की तैयारी को लेकर सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा आज सुबह से क्षेत्र के संबंधित लोगों व कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहें हैं।

कार्यक्रम निम्नवत बताया गया है कि दिनांकः 29.अप्रैल 09:30.02 मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट एवं एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन, विशाखा इन्डस्ट्री लिमिटेड, कुन्दनगंज, जनपद-रायबरेली में राहुल गांधी द्वारा किया जाएगा। इसके बाद 10:45 नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण सिविल लाइन्स में करने के बाद, 11:00 दिशा बैठक, बचत भवन, रायबरेली में हिस्सा लेंगे। बैठक के बाद 03:00 बजे रेल कोच फैक्ट्री, लालगंज का भ्रमण, 4:30 विधानसभा-सरेनी के बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक, मुराईबाग, डलमऊ में,

06:30 सांसद निवास, भुएमऊ, रायबरेली में विश्राम होगा।

### दूसरे दिन 30अप्रैल बुधवार को राहुल गांधी का

08:30-10:30 बजे

कार्यकताओं के साथ भेंट मुलाकात, भुएमऊ, रायबरेली,

12:15 गन फैक्ट्री एवं इण्डो-रसियन रायफलस प्रा०लि०, कोरवा, अमेठी का भ्रमण,

02:30 ओपेन हर्ट सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन एवं इन्दिरा गांधी नर्सिंग कालेज का भ्रमण, संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंज, अमेठी, 03:20 एयरपोर्ट लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बैसवारा महाविद्यालय में प्रवेश को लेकर छात्रों में उत्साह

» नेशनल एक्सप्रेस



लालगंज/रायबरेलीः जनपद के प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय, प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व एवं प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सत्र 2025 26 में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है।रायबरेली जनपद में एकमात्र महाविद्यालय नैक द्वारा मूल्यांकित ग्रेड - बी मे बी. ए. बीएससी एवं एम. ए. में प्रवेश को लेकर छात्रों में उत्साह देखने को मिल रहा है । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश के प्रथम दिन महाविद्यालय में एक दर्जन से अधिक छात्र एवं छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन (छवफ्ठ) करवाया । प्राचार्य महोदया एवं प्रबंधक महोदय ने सभी नव प्रवेशी छात्र एवं छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

महाविद्यालय पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा *रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया को नि :शुल्क* रखा है ।नि : शुल्क रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत छात्र एवं छात्राएं महाविद्यालय से *प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं*।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि इस समय महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए *एन .सी .सी .की 320 से अधिक* सीटें उपलब्ध हैं । महाविद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा, इंडोर और आउटडोर गेम्स की सुविधा, विशाल खेल का मैदान, सोलर की व्यवस्था, वाई-फाई की व्यवस्था, स्मार्ट क्लासरूम एवं छात्र एवं छात्राओं के लिए आर. ओ. वॉटर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था मौजूद है ।

डॉ. यादव ने आगे जानकारी देते हुए बताया की महाविद्यालय में एन. सी. सी. की ट्रेनिंग के साथ-साथ, पुलिस, आर्मी, नौसेना, मे सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष ट्रेनिंग की सुविधा महाविद्यालय में उपलब्ध है ।

इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय ,प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर कुंदन कुमार, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह प्रोफेसर बीके भारद्वाज डा अजय कुमार सिंहा, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा, डा सत्येंद्र सिंह, डा नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डॉ प्रवीण सिंह, डा सुरजन यादव, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा संदीप कनौजिया,डा. अतुल सिंह, डा नवीन कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा, डा मनोज कुमार त्रिपाठी, अंजू सिंह, नीलम शुक्ला, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता , विज्ञान संकाय से इंदु त्रिपाठी, रिया गुप्ता, कांची बाजपेई, पूजा श्रीवास्तव, प्रखर राज श्रीवास्तव, शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, विजय बहादुर सिंह , शिव शंकर वर्मा , विशाल आदि समस्त महाविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे ।

# हाईस्कूल परीक्षा में श्रेया सोनी व मानसी यादव अव्वल

## हनी सिंह और प्रिंस रावत ने भी बढ़ाया विद्यालय का गौरव

» नेशनल एक्सप्रेस









गोण्डा। विकास खंड परसपुर के राजा भगवती प्रसाद सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडेय और उप प्रधानाचार्य दर्शनानंद पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं। परीक्षा परिणामों के अनुसार चंदापुर गुरेटी खरथरी निवासी माधवराज यादव की पुत्री मानसी यादव जो राजकीय बालिका हाईस्कूल त्योरासी की छात्रा हैं उन्होंने विद्यालय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं परसपुर बाजार निवासी उमेश सोनी की पुत्री श्रेया सोनी ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। नगर पंचायत परसपुर के राजा टोला निवासी शैलेन्द्र सिंह की पुत्री हनी सिंह ने 84 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा प्रिंस रावत ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि छात्रों की इस सफलता का श्रेय उनकी कठिन मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन और स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल परसपुर में प्राप्त मजबूत शैक्षिक आधार को जाता है जहां से इन छात्र-छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण की थी। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कुंवर विजय बहादुर सिंह, आनंद राज सिंह, विजय प्रताप सिंह मंटू, दर्शनानंद पांडेय, ओम प्रकाश पांडेय, शत्रोहन यादव, मनोज तिवारी, नीरज कुमार सिंह, डीपी विश्वकर्मा, शैलेन्द्र सिंह, शिव मूर्ति सिंह, राम सुंदर पांडेय, अजय पांडेय समेत कई गणमान्य जनों ने छात्र-छात्राओं को शुभक-ामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मेहनत ही सफलता की कुंजी है, यह इन होनहार छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सिद्ध कर दिखाया।

# नगर पालिका की मनमानी से सकरौरा घाट पर कूड़ा डंपिंग, जनता त्रस्त , पर्यावरण को हो रहा नुकसान, फैल रहा प्रदूषण

» नेशनल एक्सप्रेस



गोंडा। नगर पालिका परिषद करनैलगंज की मनमानी कार्यशैली और लापरवाही ने कस्बे की जनता को गंभीर संकट में डाल दिया है। धार्मिक और पौराणिक महत्व के सकरौरा घाट पर कस्बे का कूड़ा-कचरा डंप किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों की आस्था और स्वास्थ्य पर भी गंभीर संकट मंडरा रहा है।

शासन और जिला प्रशासन के आदेशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए नगर पालिका नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को भी ताक पर रख रही है। कूड़े को खुले में जलाने की प्रक्रिया ने स्थिति को और भयावह बना दिया है। इससे उठने वाला जहरीला धुआँ हवा को प्रदूषित कर रहा है, जिसके कारण करनैलगंज की जनता को साँस लेने में तकलीफ, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2021 के अनुसार, कूड़े को जैविक, अजैविक और खतरनाक श्रेणियों में अलग करना और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करना अनिवार्य है। लेकिन करनैलगंज में इन नियमों का कोई पालन नहीं हो रहा।

कूड़ा जलाने पर एनजीटी की सख्त पाबंदी के बावजूद, नगर पालिका नियमों की धज्जियाँ उड़ा रही है, जिससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हो रही है। योगी सरकार धार्मिक स्थलों को संवारने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन करनैलगंज नगर पालिका इसके ठीक उलट कार्य कर रही है। यहाँ तक कि सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा भी प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कूड़ा प्रबंधन की कमी के कारण सड़कें और गलियाँ गंदगी से अटी पड़ी हैं। जहरीली हवा और गंदगी के ढेर के बीच जनता का जीना दूभर हो गया है। नगर पालिका के खिलाफ कई बार शिकायतें दर्ज की गईं,लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# मिशन निदेशक पिंकी जोवेल ने किया निरीक्षण, रायबरेली जिला अस्पताल की दुर्व्यवस्था आई सामने

यूपी के कुछ जिलों में अस्पतालों की ऐसी हालत हो रखी हैकि, आप यहां की व्यवस्था देख कर दंग रह जाओगे।ऐसा ही हाल रायबरेली से सामने आया है।सचिव पिंकी जोयल ने रायबरेली का किया दिवसीय दौरा

» नेशनल एक्सप्रेस



रायबरेलीः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक और स्वास्थ्य सचिव पिंकी जोयल ने आज रायबरेली का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक ने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और पाई गई कमियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

### मरीजों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

सबसे पहले मिशन निदेशक पिंकी जोयल बछरावां सीएचसी पहुंचीं। उन्होंने वहां विभिन्न वार्डों, प्रयोगशाला और अन्य सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कुछ कमियां नजर आईं, जिस पर उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. नवीन चंद्रा भी उनके साथ मौजूद रहे।

बछरावां सीएचसी के निरीक्षण के बाद मिशन निदेशक सीधे जिला अस्पताल पहुंचीं।

वहां उन्होंने सबसे पहले खून जांच करने वाली मशीनों के बारे में जानकारी ली और उनकी कार्यप्रणाली को समझा। इसके बाद उन्होंने इंजेक्शन रूम का निरीक्षण किया और वहां साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। टेलीमे-डिसिन सेंटर का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने मरीजों को दूरस्थ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने की व्यवस्था को देखा।

### वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की

मिशन निदेशक ने जिला अस्पताल के तीन नंबर वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान मरीजों ने उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आशीष पाठक नामक व्यक्ति से उनकी कुछ झड़प भी हुई।

गर्मी के मौसम को देखते हुए मिशन निदेशक ने हिट वेव को लेकर जिला अस्पताल प्रशासन को पहले ही जारी एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अस्पताल में जल्द से जल्द कूलर और पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने पर जोर दिया ताकि मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को गर्मी से राहत मिल सके।

### आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

अपने दौरे के अंतिम चरण में मिशन निदेशक पिंकी जोयल ने महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने महिला मरीजों को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मिशन निदेशक के इस औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। माना जा रहा है कि इस निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा

# जिला स्तरीय अधिकारियों की सांठ-गांठ से वृहद गौ संरक्षण केंद्र निर्माण में हुआ बड़ा घोटाला

## विकासखंड फिरोजाबाद के उसायनी में बने वृहद गौ संरक्षण केंद्र के अधूरे निर्माण पर अधिकारियों की सांठ-गांठ से कार्यदायी संस्था का पूरा हुआ भुगतान !

**प्रधान पर संचालन दबाव बनाने पर प्रधान ने की थी गौ संरक्षण केंद्र में अनियमितताओं व कार्य पूर्ण न होने तथा भ्रष्टाचार की शिकायत, गुस्साए अधिकारियों ने प्रधान के खिलाफ की कार्यवाही**

**गौ शाला के उद्घाटन में शामिल भाजपा सांसद, विधायक , दिग्गज नेताओं ने योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की व्यवस्थाओं का आखिर क्यों नहीं किया निरीक्षण ,क्या भ्रष्टाचार में नेता भी हैं शामिल**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। जहां एक और योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त होने का दावा करती है वहीं उनके अधिकारी और नेता भ्रष्टाचार होता देख आँखें बंद करते नजर आ रहे हैं ।ऐसा इसलिए बोला गया है कि क्योंकि सरकार के मुखिया व नेता गौ माता के नाम राजनीति करते हैं वहीं गौ माता को लेकर बड़ी बड़ी बातें करते हैं सरकार ने गौ वंश को लेकर एक महत्वपूर्ण योजना के तहत गौ शालाओं का निर्माण कराकर गौ वंश को सुरक्षित रखने का जो सपना देखा उसपर उनके ही नेता और अधिकारी पलीता लगाते नजर आ रहे हैं ।



निरीक्षण के समय अचेत गौवंश
बारिश के मौसम में गौशाला की स्थिति
गौशाला में भूसा स्थल / गौ संरक्षण स्थल तक नहीं रास्ते
निरीक्षण के समय अधूरी बाउंड्री बॉल व अनियमिताओं का निरीक्षण करते डीपीआरओ

जनपद में फिरोजाबाद ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत उसायनी में पशुपालन विभाग वृहद गौ संरक्षण केंद्र का निर्माण कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2020- 21 में सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि से कराना था । वहीं गौ संरक्षण केंद्र के संचालन का उद्घाटन करने जिला स्तरीय अधिकारी तथा भाजपा सांसद ,विधायक तथा अन्य भाजपा के दिग्गज नेता पहुंचे परन्तु किसी ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए की लागत से बनी बृहद गौशाला का निरीक्षण करना उचित नहीं समझा और अधूरे कार्य के साथ ही अनियमिताओं युक्त गौशाला का उद्घाटन कर दिया । गौ संरक्षण केंद्र में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर देखने को मिला कि अधिकारियों की मेहरबानी से बिना कार्य पूर्ण हुए कार्य संस्था को गौ संरक्षण केंद्र निर्माण कार्य का पूरा भुगतान भी कर दिया गया । यही नहीं गौशाला का संचालन भी एक संस्था द्वारा भी कराया गया ।

**बड़ा सवाल : - आखिर भ्रष्टाचार पर रोक लगाने वाली सरकार के जनप्रतिनिधि, नेता व अधिकारियों की सांठ गांठ से हुए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत गौ संरक्षण केंद्र निर्माण के पैसे के बंदरबांट पर हो सकेगी कार्यवाही या फिर अधिकारियों के भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले प्रधान को भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने की चुकानी पड़ेगी कीमत ?**

**ये लोग थे उद्घाटन में शामिल:** बृहद गौसंरक्षण केंद्र के उद्घाटन में भाजपा सांसद चंद्रसेन जादौन , टूंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर , भाजपा के अन्य जिला स्तरीय नेता , जनपद के जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे ।लेकिन बड़ा सवाल यह बनता है कि गौ माता पर बड़े बड़े भाषण देने वाली सरकार के जनप्रतिनिधि व दिग्गज नेता कैसे बिना कार्य पूर्ण हुए अनियमिताओं युक्त गौ शाला का संचालन कर दिया क्या भ्रष्टाचार में भाजपा के जनप्रतिनिधि और नेता भी शामिल हैं ?

**गौ संरक्षण केंद्र में ये नहीं हुए कार्य:** पशुपालन विभाग द्वारा बनाई गई वृहद को संरक्षण केंद्र में विद्युत कनेक्शन , विद्युतीकरण , पानी की व्यवस्था , चारों तरफ की पूर्ण बाउंड्री, गौ शाला के अंदर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य आदि के साथ साथ गौ शाला का सही ढलान नही कराया गया ।

**निर्माण के समय अधिकारियों ने किया था निरीक्षण:** गौ संरक्षण केंद्र के निर्माण के समय उस समय तैनात जिलाधिकारी ,मुख्य विकास अधिकारी तथा डीडीओ ने किया था निरीक्षण , सीडीओ ने निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी जताई थी नाराजगी ।

**जिला स्तरीय अधिकारियों की निगरानी में हुआ था निर्माण:** इस वृहद को संरक्षण केंद्र का निर्माण कार्य जिला स्तरीय अधिकारियों की निगरानी में किया गया तथा इसका भुगतान भी अधिकारियों की जानकारी में कराया गया लेकिन अधूरे कार्य का भुगतान आखिर कैसे हुआ यह अधिकारियों पर प्रश्न चिन्ह लगाता है साथ ही अधिकारियों पर भी भ्रष्टाचार में लिप्त होने की ओर इशारा करता है !

### वर्तमान डीपीआरओ ने निरीक्षण के दौरान सीडीओ को बताई कमियां

वर्तमान जिला पंचायत राज्य अधिकारी जगदीश राम गौतम ने 4 मार्च 2025 को पंचायत के कार्यों का निरीक्षण किया इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी प्रधान पर गौशाला संचालक करने का दबाव बनाते नजर आए तथा प्रधान द्वारा गौशाला का निरीक्षण करने की बात पर सहमति जताते हुए गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला की अनियमितताओं को देखा कर मौके पर पाया कि गौ संरक्षण केंद्र की बाउंड्री चारों तरफ पूर्ण नहीं थी , विद्युत कनेक्शन नहीं था , विद्युतीकरण भी नहीं कराया गया , पानी की व्यवस्था भी नहीं थी ,समर सेवल ,इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य अधूरा था वहीं एक तरफ बाउंड्री नहीं थी जिसके कारण गौ वंश किसान के खेत में घुस जाते हैं वहीं डीपीआरओ द्वारा अनियमितताओं के बारे में मौके से खड़े होकर फोन के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद को बताया गया उसके बाद भी कार्यदाई संस्था नहीं की गई बल्कि शिकायत करने पर प्रधान के खिलाफ कार्यवाही करते हुए वित्तीय अधिकार समाप्त का आदेश पारित कर दिया ।

### अनियमितताओं युक्त गौशाला का संचालन प्रधान को देने पर तुले अधिकारी

इतना ही नहीं अनियमिताएं अधिक होने के कारण गौशाला में काफी गोवंश की मृत्यु हो चुकी है तथा अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए डीएम से लेकर सीडीओ, डीपीआरओ तथा अन्य अधिकारी प्रधान को संचालन कार्य सौंपने पर इतने उतारू हो गए कि पहले प्रधान को संचालन करने के लिए कहा तो प्रधान ने अधूरे कार्य पूरे कराने , व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की बात कही जिसके बाद गुस्साए अधिकारियों ने प्रधान को संचालन न करने पर दबाव बनाने हेतु कारण बताओ जारी किया जिसमें प्रधान द्वारा स्पष्ट रूप से गौ संरक्षण केंद्र की कमियों को उजागर करते हुए अनियमिताओं तथा अधूरे कार्य की गौ शाला को संचालित करने से मना कर दिया जिसके बाद पुनः फिर नोटिस देते हुए दबाव बनाया गया और प्रधान के कार्यों की बार बार जांच कराई गई जिसमें कमियां न मिलने पर तथा प्रधान द्वारा अधूरे कार्य के कारण गौ संरक्षण केंद्र संचालन में होने वाली असुविधाओं को देखकर मना कर दिया तो गुस्साए अधिकारियों ने प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज करने का आदेश आनन फानन में बिना समिति बनाए दे डाला जिसका ग्रामीणों से लेकर प्रधान ने भी विरोध जाहिर किया लेकिन साहब जिला के कलेक्टर और अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी हैं ।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस मुठभेड़ में एक के पैर में लगी गोली**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। टूंडला कोतवाली क्षेत्र में बीते शनिवार दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। घायल आरोपी को पुलिस सुरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भेजा है। पूरा मामला फिरोजाबाद के टूंडला कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव का है। गौरतलब है कि शनिवार की सुबह दिन दहाड़े पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू कुशवाहा की हत्या कर दी गई थी जब वह दाढ़ी बनवाकर सैलून से बाहर निकल रहा था। पप्पू कुशवाहा के बाहर निकलते ही पहले से हत्या की साजिश रच कर बैठे युवक और बच्चों ने पप्पू कुशवाहा की कनपटी में गोली मार दी और इसके बाद चाकुओं से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने इस मामले में 18 घंटे में ही कार्यवाही करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी अंकित कुशवाहा को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान छितरई मोहम्मदाबाद रोड से गिरफ्तार किया है। जिसके पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा है। आरोपियों की पहचान रितिक पुत्र रमेश, मुकुल पुत्र सुभाष और उसका नाबालिग भाई, पंकज पुत्र केशव देव और उसके सगे भाई अंकित के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चाकू और तमंचे बरामद किए हैं। सभी मोहम्मदाबाद गांव के ही हैं। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा है। सूत्रों के मुताबिक हत्या के मुख्य आरोपी अंकित कुशवाहा के पिता सुभाष कुशवाहा की हत्या 2016 में मोहम्मदाबाद गांव के ही तालाब पर शराब पिलाने के बाद गोली मारकर की गई थी इस हत्या के आरोप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू कुशवाहा का बड़ा बेटा सूरज कुशवाहा मुख्य आरोपी के तौर पर नामजद किया गया था। लगभग 9 साल बाद सुभाष कुशवाहा के बेटे और भतीजों ने पुरानी रंजिश में सूरज कुशवाहा से बदला लेने के लिए उसके पिता पप्पू कुशवाहा की गोली मारकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि पप्पू कुशवाहा की हत्या के आरोप में वांछित पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ कर जेल भेजा है।

# अखिल भारतीय जाट महासभा प्रदेश समिति की मथुरा बैठक में फिरोजाबाद से पहुंचे सैकड़ों लोग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। अखिल भारतीय जाट महासभा प्रदेश कार्यसमिति की मथुरा में हुई बैठक में शामिल होने फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष दीपक चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में संगठन पदाधिकारी व जाट समाज के लोग रविवार को गाड़ियों के काफिले के साथ मथुरा पहुंचे। जहां अखिल भारतीय जाट महासभा कार्यसमिति बैठक केंद्र में जाट आरक्षण को लागू करने के मुख्य एजेंडे को लेकर आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सरदार सिंह ने की संचालन जिला अध्यक्ष मथुरा राजेश चौधरी ने किया। बैठक में सभी वक्ताओं ने केंद्र मे जाटों को आरक्षण लागू किए जाने को लेकर अपने अपने विचार रखे और सरकार से इसे केंद्र में लागू करने की मांग की गई। और यह भी तय हुआ कि अगर केंद्र में जाट आरक्षण लागू नहीं किया गया तो अखिल भारतीय जाट महासभा एक बड़ा आंदोलन करेगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रताप सिंह,आगरा जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी सहित प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष वा भारी संख्या में जाट समाज के लोग शामिल हुए।



## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा चला रही वक्फ सुधार जनजागरण अभियान



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर फिरोजाबाद द्वारा वक्फ बोर्ड संशोधित अधिनियम के जनजागरण अभियान के संबंध में जिला कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर की संयुक्त अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल चौधरी क्षेत्रीय मंत्री भाजपा ब्रज क्षेत्र ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में किए गए ऐतिहासिक संशोधनों को लेकर वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत गरीबों का हक, सिर्फ गरीबों को मिलेगा। यह अभियान जनता के बीच पारदर्शिता, न्याय और सबके लिए समान अधिकार के संकल्प को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। वक्फ बोर्ड पर भूमाफियाओं का कब्जा था, गरीब मुस्लिमों को कोई फायदा नहीं मिलता था। कार्यशाला के माध्यम से वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता, जनजागरण और न्यायपूर्ण व्यवस्था को लेकर कार्यकताओं से संवाद किया। वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियाँ आज भी आमजन की पहुँच से बाहर हैं। भाजपा 9 मई तक वक्फ सुधार जन जागरण अभियान चलाएगी। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में घर-घर जाकर वक़्फ कानून की सही जानकारी दी जाएगी ।इस दौरान प्रमुख रूप से नानक चंद्र अग्रवाल, डॉ राम कैलाश यादव, सुनील शर्मा, अरविंद पचौरी, जिला संयोजक राजेश चौहान, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन ने विचार वक्त किये। इस मौके पर डॉ अमित गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, आनन्द अग्रवाल, डॉ एस पी लहरी, हनुमन्त सिंह बघेल, मनप्रीत कीर, महानगर अध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा सुशील जैन, राघवेंद्र सिंह, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चकबंदी निरस्ती को लेकर किसानों ने किया हवन यज्ञ

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। तहसील सिरसागंज क्षेत्र के गांव गदोखर में किसान चकबंदी निरस्त को लेकर कई दिनों से धरने पर बैठे हैं। शुक्रवार दोपहर किसान भाई एकजुट होकर किसान यूनियन सिस्टम सुधार संगठन के पदाधिकारी के साथ तहसील सिरसागंज में पहुंचकर अपनी समस्या का निवारण के लिए प्रशासन अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन अधिकारियों ने अधिकारियों ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। किसानों का धरना लगातार जारी है। किसान यूनियन के पदाधिकारियो ने किसानों के साथ मिलकर रविवार 17 वे दिन हवन यज्ञ पूजन का आयोजन किया। किसानों ने माता मैया से गुहार लगाई है कि जिला प्रशासन को सद्बुद्धि दे, जिससे कि गलत तरीके से की गई चकबंदी को वापस ले, यदि ऐसा नहीं होता है तो धरना जारी रहेगा और किसान गांव जन जागरण अभियान चला कर जिला मुख्यालय दबरई का ट्रैक्टर मार्च करते हुए घेराव करेंगे। इस दौरान किसानों के साथ सिस्टम सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंशुमन ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर, जिला संरक्षक हुकुम सिंह चौहान, किसान नेता अवनीश सिकरवार, घनश्याम सिकरवार, श्रीकिशन दुबे, ओमप्रकाश दुबे, कुंअरपाल सिंह, रवि सिकरवार, राजबहादुर सिंह, रामनरेश सिंह, अरविंद सिंह, चंद्रपाल सिंह, गंभीर सिंह, राजेश सिंह, अशोक सिंह, सचिन दुबे, सन्तोष सिंह, ओमवीर सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# सांप ने किशोरी को काटा, अस्पताल में भर्ती

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद/टूंडला। थाना रजावली क्षेत्र के कस्बा नगला बीच में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक किशोरी को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों ने सांप को डिब्बे में बंद कर लिया। परिजन किशोरी को अस्पताल ले गए,जहां किशोरी का इलाज चल रहा है। शनिवार की रात नगला बीच की रहने वाली रीमा नाम की किशोरी को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों ने तुरंत किशोरी को सरकारी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सक हैरान रह गए जब मरीज के साथ परिजन जहरीले सांप को भी डिब्बे में बंद करके ले आए। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि जब किशोरी घर में काम कर रही थी उसी समय एक अंधेरे कोने में सांप छुपा बैठा था। जिसने किशोरी के हाथ में काट लिया उसके चीख पुकार मचाने पर घटना की जानकारी हुई। उन्होंने सांप को पकड़ कर डिब्बे में बंद कर लिया। किशोरी की हालत सामान्य बनी हुई है घायल किशोरी ने बताया कि उसे सांप के काटने की जानकारी उस समय हुई जब उन्होंने सांप को वहां से जाते हुए देखा। बाद में सांप को जंगल में छोड़ दिया गया।



# हत्या का प्रयास करने में तीन वांछित गिरफ्तार, कब्जे से दो अवैध तमंचे बरामद

**साथ ही एक लाइसेंसी डीबीबीएल एवं 16 जिंदा कारतूस बरामद**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



फिरोजाबाद। थाना जसराना पुलिस ने हत्या का प्रयास करने में वांछित तीन अभियुक्तों को 02 अवैध तमंचा, 01 लाइसेंसी डीबीबीएल एवं 16 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

पूरा मामला 15 अप्रैल 2025 का है। प्रमोद कुमार निवासी कल्हारी थाना जसराना ने अपने खेत में खडी गेहूँ की फसल को कम्बाइन मशीन से कटवाते समय अभियुक्त मन्दीप सहित 06 अभियुक्तगण ने अवैध व लाइसेन्सी शस्त्रों से एक राय होकर जान से मारने की नीयत से फायर करने, जान से मारने की धमकी देने तथा गेहूँ की फलस को ना काटने देने के सम्बन्ध मे थाना जसराना पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। इसी मुकदमा में वांछित मन्दीप पुत्र कृष्ण मुरारी को पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है एवं अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी पुलिस को सफलता तब मिली जब मुखबिर ने सूचना दी कि थाना जसराना पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित जसराना बाइपास के पास घूम रहे है पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मल्ल उर्फ कृष्णमुरारी पुत्र अतराज सिंह, शिवशंकर उर्फ पंछी पुत्र कृष्णमुरारी और रामशंकर पुत्र कृष्णमुरारी निवासीगण ग्राम कल्हारी थाना जसराना को जसराना बाइपास के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर और 04 जिन्दा कारतूस, 01 लाइसेन्सी डीबीबीएल गन सहित 12 जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा।

# ट्रेन की चपेट में आकर महिला की दर्दनाक मौत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



**मायका पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप**

फिरोजाबाद। जनपद में एक महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत का मामला सामने आया है इस महिला के मायका पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है महिला की मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पूरा मामला थाना शिकोहाबाद इलाके के नीम खेरिया गांव में ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे मायका पक्ष ने जमकर हंगामा काटा और महिला की हत्या का आरोप ससुराल पक्ष और महिला के पति पर लगाया है। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।परिजनों के मुताबिक विनीता उम्र 30 निवासी मोहनीपुर दखिनारा की शादी मिथुन कुमार जाटव पुत्र मेघसिंह निवासी नीम खेरिया के साथ 26 मार्च 2023 को शादी हुई थी। मृतक महिला के पिता रमेश चंद्र निवासी मोहिनीपुर दखिनारा का आरोप है कि उनकी बेटी की ससुरालियों ने मारपीट कर हत्या कर हादसा दिखाने का प्रयास किया है। मृतिका 25 अप्रैल को रिश्तेदारी में शादी समारोह में होकर शनिवार को ही ससुराल लौटी थी। उसके बाद महिला का पति जॉब करने नोएडा चला गया। पिता का आरोप है कि मिथुन नोएडा में किसी अन्य लड़की के सम्पर्क में है। इसलिए आए दिन झगड़ा होता था। रविवार की सुबह उसकी हत्या कर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्यों का संग्रह कराया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ पर पता चला है कि महिला की मौत ट्रेन की चपेट में आकर हुई है जबकि मायका पक्ष इस हत्या बता रहा है मायका पक्ष से तहरीर ले ली गई है महिला के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। महिला की मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लग सकेगा इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जदयू का बढ़ता कारवां नीतीश कुमार के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीकः उमेश सिंह कुशवाहा

## बसपा के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कई साथियों ने थामा जदयू का दामन

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास नीतियों तथा न्याय के साथ विकास की सोच से प्रभावित होकर रविवार को पटना स्थित जनता दल(यू)के प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सकलदेव दास के नेतृत्व में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने जदयू का दामन थामा।

इस अवसर पर जद(यू)के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभी नए साथियों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई।कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार सिंह,पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह,जमुई जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो तथा मीडिया पैनलिस्ट महेश दास सहित कई वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जद(यू)परिवार में शामिल हुए सभी नए साथी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में न्याय के साथ विकास की धारा को और सशक्त रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।साथ ही,उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव अब निकट हैं,ऐसे में जद(यू)परिवार का बढ़ता कारवां कई मायनों में विशेष महत्व रखता है।यह इस बात का भी स्पष्ट संकेत है कि हमारे नेता के प्रति प्रदेशवासियों का विश्वास अटूट और अडिग है।

श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि प्रदेश की उन्नति और प्रगति के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।आगामी चुनाव में एनडीए गठबंधन एकजुट होकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से बहुजन समाज पार्टी के जमुई जिला अध्यक्ष आदित्य प्रकाश रौशन,लोकसभा प्रभारी मनोज दास,उदय रविदास,संजय कुमार भारती,नागेश्वर रविदास,सुबोध कुमार,सुनील कुमार सुमन सहित कई वरिष्ठ नेतागण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत के मास्टरस्ट्रोक से बिलबिला रहा है पाकिस्तानः मंगल पाण्डेय,मंत्री

## कश्मीर को फिर से तबाह करने के लिए रची गई थी हमले की साजिश
## भारतीयों की एकजुटता आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की बनेगी आधार

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।**स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि आतंकियों को पालने-पोषने व संरक्षण देने में माहिर आंतकवाद का सरगना पाकिस्तान अब जमींदोज होने के कगार पर है।भारत में पहलगाम जैसी आतंकी घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तान की अब खैर नहीं।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के आगे पड़ोसी मुल्क घुटने टेकने लगा है।पीएम मोदी ने बिहार की धरती से खुला ऐलान कर दिया है कि आंतकी और आतंकियों के सरपरस्तों की बची हुई जमीं भी अब छीनने वाली है।उसी क्रम में भारत के द्वारा सिंधु जल सन्धि रद्द करने की घोषणा से ही पाकिस्तान हुक्मरा बिलबिलाने लगा है।श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत ने जैसे ही जल सन्धि स्थगित किया है।पाकिस्तान के कमोबेश सारे नेता हकलाने लगे हैं।असल में ऐसे ही निर्णय कुशल राजनीति का हिस्सा होता हैं।अब पाकिस्तानी मीडिया भारत द्वारा झेलम में ज्यादा पानी छोड़े जाने की भ्रामक खबर भी फैला रहा है।इस वजह से पाकिस्तान में डर के कारण बाढ़ का अलर्ट जारी हो चुका है।बावजूद इसके पाकिस्तान का हलक अब भी सूख रहा है।श्री पांडेय ने आगे कहा कि दरअसल भारत के लोगों में जो आक्रोश है,वो आक्रोश पूरी दुनिया में है।पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद भारत को लगातार दुनिया भर का समर्थन मिल रहा है।श्री पाण्डेय ने कहा है कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं,कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई में देश की एकता,140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता,भारत की सबसे बड़ी ताकत है।यही एकता,आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक लड़ाई का आधार होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भागलपुर के टॉप टेन कुख्यात अपराधी कन्बुचा यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)।** भागलपुर जिला के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के टॉप टेन कुख्यात अपराधी कन्बुचा यादव को पुलिस ने नाथनगर थाना क्षेत्र के कजरैली गांव से एसटीफ पुलिस ने गिरफ्तार गिरफ्तार कर लिया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भागलपुर जिले के वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर एक स्पेशल पुलिस टीम गठित कर गुप्त सुचना के आधार पर नाथनगर थाना क्षेत्र के कजरैली गांव से सुल्तानगंज के टॉप टैन कुख्यात अपराधी कन्बुचा यादव को एसटीएफ पुलिस ने गिरफ्तार कर सुल्तानगंज थाना लाया गया है।कुख्यात अपराधी कन्बुचा यादव से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# बांका में पचीस हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)।**बांका जिले के टॉप टेन एवं पचीस हजार का ईनामी अपराधी टिपिन यादव को बांका पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।गिरफ्तार अपराधी फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडीह गांव का रहने वाला है।

गिरफ्तार टिपिन यादव पर हत्या,लूट के दर्जनों मामले दर्ज है।बांका सदर,एसडीपीओ बिपिन बिहारी ने प्रेस वार्ता कर बताया की पुलिस को सूचना मिली की जिले के टॉप टेन में शामिल अपराधी टिपिन यादव अपने घर आया है।जिसे फुल्लीडुमर थाना के पुलिस और टेक्निकल टीम एवं बांका पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अपराधी पर हत्या लूट एवं पुलिस पर हमले के कई मामले दर्ज है।

# झारखंड के युवक का जमुई में अपहरण,पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर किया बरामद, तीन अपहर्ता गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**



**पटना(बिहार)।**जमुई पुलिस ने बरहट थाना क्षेत्र के सुगवा महुआ के जंगल से एक अपहृत को सकुशल बरामद करने के साथ अपहर्ता गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार लोगों में बरहट थाना क्षेत्र के सुगवा महुआ निवासी प्रताप कुमार दास,भंदरा निवासी सुबोध कुमार यादव तथा लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के चिनवेरिया निवासी विकास कुमार शामिल है।रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उक्त जानकारी एसडीपीओ सतीश सुमन ने दी।उन्होंने बताया कि 26अप्रैल शनिवार की शाम पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि बरहट थाना क्षेत्र के सुगवा महुआ गांव के आसपास के जंगली इलाके में अपराधकर्मियों द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति को अगवा कर रखा गया है और उसके स्वजन से लगातार फिरौती की मांग की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा मेरे नेतत्व में एसआइटी टीम का गठन किया गया।जिसमें लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार,बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव,लक्ष्मीपुर थाना के सब इंस्पेक्टर सावन कुमार,बरहट थाना के सब इंस्पेक्टर अनुप कुमार, डीआइयू टीम तथा सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया।

एसआइटी टीम ने सुगवा महुआ के इलाके में सघन सर्च अभियान चलाया।इस क्रम में घायलावस्था में अपहृत झारखंड प्रदेश के दुमका जिला अंतर्गत सरैयाहाट थाना के सलजोरा बंदरी निवासी स्व.चिंतामनी मंडल के पुत्र गौतम कुमार को सकुशल बरामद किया गया।पूछताछ में गौतम ने बताया कि वह साइबर अपराध में लिप्त है।इसी क्रम में उसकी मुलाकात पकड़े गए अपराधकर्मियों से हुई थी।अपराधकर्मियों के बुलावे पर ही वह उनसे मिलने बरहट आया था।जिसके बाद उसे अगवा कर स्वजन से 10 लाख की फिरौती मांगी जा रही थी।अपराधकर्मियों का भी साइबर अपराध से नाता रहा है।जिसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है।मौके से तीन अपराधकर्मियों को दबोचा गया जबकि पांच अन्य अपराधकर्मी जंगली इलाके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।फरार सभी अपराधकर्मी का सत्यापन किया जा रहा है।इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी जारी है।

# वैशाली में हथियार के साथ सोना लूट गिरोह के 4 अपराधकर्मी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**



**पटना(बिहार)।** वैशाली पुलिस और एसटीएफ पटना ने संयुक्त कार्रवाई में सोना लूट गिरोह को पकड़ा है।वैशाली पुलिस को आभूषण दुकानों में डकैती की योजना की सूचना मिली थी।जढुआ से आ रहे पांच संदिग्धों में से चार को पकड़ा गया।मोहित कुमार,लालु कुमार,अंशु सिंह और अमन कुमार उर्फ सत्या से तीन लोडेड देशी कट्टे,तीन जिंदा कारतूस और एक चाकू मिला।पूछताछ में सामने आया कि सभी आरोपी पटना के रहने वाले हैं।ये बिदुपुर के मोहम्मद साहिल के गिरोह से जुड़े हैं।इनकी योजना बिदुपुर,हाजीपुर और महनार की आभूषण दुकानों में लूट की थी।बताया जाता है कि इसके बाद भागलपुर,झारखंड के दुमका और साहेबगंज में वारदात करनी थी।चकसिकन्दर ओवरब्रिज पर छापेमारी में चार और अपराधी पकड़े गए।कुंदन कुमार,दीपु कुमार,आशीष कुमार और भूषण कुमार से दो लोडेड देशी कट्टे,दो जिंदा कारतूस और दो चाकू बरामद हुए।एक अपराधी भागने में सफल रहा।गैंग का सरगना मोहम्मद साहिल बिदुपुर का रहने वाला है।समस्तीपुर पुलिस ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।गिरोह के कुछ सदस्य बंगाल की जेल में बंद हैं।उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

# खेल

## संक्षिप्त समाचार

### लाहिड़ी एलआईवी गोल्फ मैक्सिको सिटी में संयुक्त 19वें स्थान पर



**मैक्सिको सिटी (एजेंसी)** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी को एलआईवी गोल्फ मैक्सिको सिटी के दूसरे दौर में ट्रिपल बोगी कर पार 71 का कार्ड खेल कर संयुक्त 19वें पायदान पर है। लाहिड़ी ने छह बर्डी लगायी लेकिन वह तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी कर बैठे। उन्होंने पार पांच के 12 वें होल को आठ शॉट में पूरा किया। उन्होंने इससे पहले शुरूआती दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला था। ब्रायसन डेचैम्बो (63-66) ने 18वें होल पर बर्डी की बदौलत कैमरून स्मिथ (64-66) पर एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली।

### इस्लामाबाद में होने वाले एशियाई वॉलीबॉल टूर्नामेंट से हटा भारत

**लाहौर (एजेंसी)** पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ (पीवीएफ) ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाले मध्य एशियाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता से अपना दल हटा लिया है। पीवीएफ के अधिकारी अब्दुल अहद ने कहा कि भारत ने 28 मई से जिन्ना परिसर में शुरू होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों सहित 30 सदस्यीय टीम भेजने की पुष्टि की थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे जिससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। अहद ने कहा, भारतीय वॉलीबॉल अधिकारियों ने क्षेत्रीय संस्था को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने पहलगाम में हुई घटना के बाद टूर्नामेंट के लिए उन्हें जारी किए गए एनओसी (अनापत्ति पत्र) को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा, यह जानकर निराशा हुई कि भारत ने चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है और उनकी जगह अफगानिस्तान या श्रीलंका की टीम लेगी। इस प्रतियोगिता में ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की टीमें हिस्सा लेंगी।

# भारत के 14 मुक्केबाज अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में

**अम्मान (जॉर्डन) (एजेंसी)** भारत के 14 मुक्केबाज यहां चल रही एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गये।अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में भाग ले रही भारत की 12 मुक्केबाजों में से 10 ने शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की, जबकि खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और तृषाना मोहिते (67 किग्रा) ने भी दमदार जीत दर्ज की।

मिल्की मीनम (43 किग्रा) को जीत के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया। स्वी (40 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल में बाई मिली थी।



पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले पहले खिलाड़ी बने।

उनके अलावा रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगाट (64 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाई। इन सभी ने अंकों के आधार पर जीत हासिल की। भारत इस प्रतियोगिता में 43 पदक पहले ही अपने नाम पर पक्का कर चुका है।

# बुमराह के चार विकेट, रिकलटन और सूर्यकुमार के अर्धशतक, मुंबई इंडियंस की लगातार पांचवीं जीत

मुंबई (भाषा) मुंबई इंडियंस विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकलटन (58 रन) और सूर्यकुमार यादव (54 रन) के अर्धशतकों के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (22 रन देकर चार विकेट) की अगुआई में शानदार गेंदबाजी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 54 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। आईपीएल में हमेशा की तरह धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ने वाली मुंबई इंडियंस 10 मैच में 12 अंक लेकर गुजरात टाइटन्स (आठ मैच में 12 अंक) से नीचे बनी हुई है। एलएसजी 10 अंक से छठे स्थान पर है। सूर्यकुमार 28 गेंदों में चार छक्के और इतने ही चौके जड़ लगातार रन बटोरते हुए इस



आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपने तीसरे अर्धशतक के साथ 400 रन का आंकड़ा पार किया। भारत के टी20 कप्तान ने आईपीएल में 4,000 रन भी पूरे किए।

रिकलटन ने भी 25 गेंद में आईपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 32 गेंद की पारी के दौरान छह चौके और चार छक्के जमाए। रिकलटन ने विल जैक्स (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई जिससे मुंबई ने इंडियंस ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 215 रन का स्कोर खड़ा किया।

जवाब में एलएसजी की टीम बुमराह (22 रन देकर चार विकेट), ट्रेंट बोल्ट(20 रन देकर तीन विकेट) और विल जैक्स (दो ओवर में 18 रन देकर दो विकेट) के झटकों से 20 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई। मुंबई इंडियंस ने लीग मैच में पहली दफा एलएसजी को हराया है।

एलएसजी ने पावरप्ले में ऐडन मारक्रम (09) का विकेट गंवाकर 60 रन बना लिए थे जिन्हें बुमराह ने अपना पहला शिकार बनाया।

लेकिन अगले ही ओवर में जैक्स ने कमाल कर दिया। उन्होंने अपने पहले ही ओवर की पहली गेंद पर फॉर्म में चल रहे निकोलस पूरन (27 रन) को लांग ऑफ पर सूर्यकुमार के हाथों कैच आउट कराया। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत (04) ने अगली गेंद पर चौका लगाया लेकिन जैक्स की तीसरी गेंद को रिवर्स स्वीप किया और शॉर्ट थर्ड मैन पर कर्ण शर्मा ने उनका कैच लपकने में कोई कोताही नहीं बरती।

उसके लिए मिचेल मार्श ने 34 रन, आयुष बदोनी ने 35 रन और डेविड मिलर ने 24 रन बनाए लेकिन मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों के सामने कोई मजबूत साझेदारी नहीं बनने के कारण टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गई।

# भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका पर शानदार जीत के साथ किया त्रिकोणीय श्रृंखला का आगाज

**कोलंबो (एजेंसी)** भारतीय महिला टीम ने तीन देशों की एकदिवसीय श्रृंखला के बारिश से प्रभावित शुरूआती मैच में रविवार को यहां श्रीलंका को नौ विकेट से शिकस्त दी।

बारिश के कारण यह मैच तीन घंटे की देरी से शुरू हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को 38.1 ओवर में 147 रन पर आउट करने के बाद 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने नाबाद 50 और हरलीन देओल ने नाबाद 48 की शानदरा पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 43 रन का योगदान दिया।

### पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के सम्मान में भारतीय खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी



**कोलंबो (एजेंसी)** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति शोक जताते हुए रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। कश्मीर घाटी के इस लोकप्रिय पर्यटक स्थल पर मंगलवार को आतंकवादियों ने कम से कम 26 लोगों की हत्या कर दी। इनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले की दुनिया भर में कड़ी निंदा की गई है। दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली तीसरी टीम है। बारिश के कारण तीन घंटे की देरी से शुरू हुए इस मैच में भारत पहले गेंदबाजी कर रहा है। मैच को 39 ओवर प्रति पारी कर दिया गया है।

# साइकिल पर रविवारः खेल मंत्रालय की मोटापे से लड़ने के लिए अनूठी पहल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत के खेलों के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बनने के प्रयासों पर देश की वह आबादी तुषारपात कर सकती है जो अगले दो दशकों में मोटापे के संकट का सामना करेगी।

खेल मंत्रालय इस खतरे से अच्छी तरह से वाकिफ है और इसलिए वह अपने फिट इंडिया अभियान को जन आंदोलन बनाने की कोशिश कर रहा है जिसकी भारत को स्वास्थ्य संकट से बचाने के लिए सख्त जरूरत है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्वस्थ जीवन शैली के महत्व को कम उपदेशात्मक और अधिक मनोरंजक तरीके से घर-घर पहुंचाया जाए, खेल मंत्री मनसुख मांडविया सक्रिय रूप से संडेज ऑन साइकिल (साइकिल पर रविवार) की पहल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसे पिछले साल दिसंबर में शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत आम आदमी,



खिलाड़ी और अपने क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां रविवार को सुबह-सुबह साइकिल चलाने, स्वस्थ जीवन शैली के लिए अभियान चलाने और कार्बन पदचिह्न में कमी लाने के लिए भारत के विभिन्न स्थानों पर एक साथ जुटते हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव ने पीटीआई से कहा, अब तक 5,000 स्थानों पर दो लाख से अधिक लोगों ने इस अभियान में भाग लिया है। हमारे भागीदारों में आईटीबीपी, भारतीय सेना, खेल क्लब, विशिष्ट साइक्लिंग क्लब और फिक्की शामिल हैं।

नई दिल्ली, सोमवार 28 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



“ निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का दौरा कर यूपीडा व निर्माण में जुटी एजेंसियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयसीमा में एक्सप्रेसवे को तैयार करने के निर्देश दिए।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने बांदा सर्किट हाउस पर विधायक प्रकाश द्विवेदी, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता बंधुओं से स्नेहिल भेंट किया।




## वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा कैंडिल मार्च में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंजा जंतर मंतर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

पहलगाम की घटनाके बाद दिल्ली के जंतर मंतर में वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के द्वारा आयोजित आज कैंडल मार्च में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारो तथा जो भारत से टकराएगा_ चूर चूर हो जाएगा के नारों से गूंज उठा, संगठन द्वारा आयोजित कैंडल मार्च में बैनर लेकर चल रहे हैं सैकड़ो लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए तथा अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल गुप्ता ने कहा कि हमारा संगठन इस वीभत्स नरसंहार की गणेश शब्दों में निंदा करता है तथा सरकार से मांग करता है कि पाकिस्तान के खिलाफ सीख रही कड़ी से कड़ी ऐसी कार्रवाई करें जिससे कि भविष्य में हमारे देश के 140 करोड़ नागरिक राहत की सांस ले सकें। कैंडल मार्च का नेतृत्व यशपाल गुप्ता के द्वारा किया गया साथ में नारे लगा कर लोगों में जोश भर रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से विपिन गुप्ता संस्थापक नेशनल एक्सप्रेस समूह ने कहा कि भारत सरकार को तत्काल ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि पास पाक अधिकृत कश्मीर पर हमारा कब्जा फिर से हो और 140 करोड़ जनता को इससे बड़ा तोहफा सरकार और कुछ नहीं दे सकती क्योंकि देश में भयंकर आक्रोश है और जो नंदिनीय कार्य और दुर्भाग्यपूर्ण घटना इन परिवारों के साथ हुई है, 140 करोड़ देश का भारतीय नागरिक उन परिवारों के साथ खड़ा है।

वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन, भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यशपाल गुप्ता जी ने कहा कि पहलगांव आतंकी हमले की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। ₹हम इस भयानक कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं। हम बस इतना कहना चाहते हैं कि आतंकवाद का कोई खास धर्म नहीं होता। ₹भारत सरकार जो भी उचित निर्णय लेती है उसके साथ पूरा देशएक साथ खड़ा है।




- पहलगाम की घटना देश ही नहीं सारे संसार के लिए शर्मनाक : यशपाल गुप्ता
- सरकार पाक अधिकृत कश्मीर को छीन पाक को कड़ा जवाब दे : विपिन गुप्ता
- मारे गए परिवारो के सदस्यों को सरकार शहीद का दर्जा,नौकरी दे : अनिल गुप्ता

वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन, भारत के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री अनिल गुप्ता जी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में *५६ वैश्य समाज के लोग कैंडल मार्च में आज साथ आए है। आतंकी हमले में पीड़ितों और घायलों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी एकजुटता सभी ने आज व्यक्त की है। वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन, भारत के राष्ट्रीय महामंत्री श्री विजय कुमार गुप्ता जी ने कहा की यह प्रतीकात्मक इशारा हमारे सामूहिक दुःख को दर्शाता है, लेकिन आतंक से मुक्त दुनिया के लिए हमारी अटूट आशा को भी दर्शाता है। अंधेरे में, हम प्रकाश लेकर आए - शांति के लिए, न्याय के लिए, मानवता के लिए। कार्यक्रम स्थल पर वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यशपाल गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री अनिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विपिन गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री श्री विजय कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष CA सतीश अग्रवाल, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष CA अतुल अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव श्री घनश्याम दास गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव श्री R K जैन, सलाहकार श्री पवन कंसल, ओवरसीज निर्देशक श्री शिशिर गुप्ता, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुधीर कंसल, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुशील जैन, दिल्ली प्रदेश सचिव श्री नवीन जैन, दिल्ली प्रदेश युवा महामंत्री श्री वेंकेटेश गुप्ता, दिल्ली प्रदेश सूचना सचिव श्री विनोद जैन, दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष श्री वरुण जैन, सदस्य संजय गुप्ता, सदस्य विशाल प्रसाद तथा अन्य सदस्य वहाँ उपस्थित थे।

## राम रोटी नि:शुल्क भोजन सेवा प्रकल्प की दसवीं वर्षगांठ सोलह लाख भोजन थालियां वितरित कर चुका है भोजनालय





पूज्य स्वामी जी महाराज की प्रेरणा से स्व संतोष भैया ने जिस राम रोटी की स्थापना की आज उसमें सोलह लाख भोजन थालियां वितरित की जा चुकी है, उच्चस्तरीय भोजन मरीजों को मिले इस बात की कड़ी निगरानी रहती हैस : **सुरेन्द्र कुमार गुप्ता**,महामंत्री समन्वय सेवा समिति कानपुर



संसार में हर व्यक्ति अपने भाग्य से भोजन प्राप्त करता है, हमें ईश्वर ने जगत में व्याप्त जगन्नाथ की सेवा करने का अवसर दिया, पूज्य संतोष भैया के स्वप्न को साकार करने में हमारा भी योगदान है यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है : **मनोज सेंगर** सहसंयोजक समन्वय सेवा समिति कानपुर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**कानपुर** समन्वय सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा जे. के. कैंसर संस्थान रावतपुर में वर्ष 2015 से संचालित ₹राम रोटी₹ इस 27अप्रैल 2025 में अपनी यात्रा के दस साल पूरे कर अपनी *दसवीं वर्षगांठ मना रही है, *आज मुख्य अतिथि विधायक बहन नीलिमा कटियार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में भूखे को भोजन कराने से पवित्र और कोई कार्य नहीं है इसीलिए अन्नदान को महादान कहा जाता है, उन्होंने अपने हाथों से मरीजों और तीमारदारों को भोजन वितरित किया, समिति के सह संयोजक मनोज सेंगर ने बताया कि स्व० सन्तोष अग्रवाल एडवोकेट' के अथक प्रयासों से वर्ष 2015 में अक्षय तृतीया के दिन ही इस भोजनालय का प्रारम्भ भारत माता मन्दिर हरिद्वार के संस्थापक बृह्मलीन पू.स्वामी सत्य मित्रा नन्द गिरिजी महाराज के हाथो हुआ था, कैंसर मरीजो की परेशानी को समझ कर स्वामी जी ने ही यह प्रेरणा प्रदान की थी, अब स्व० सन्तोष अग्रवाल जी के पुत्र मनोज अग्रवाल समिति के सहयोग से सम्पूर्ण व्यवस्था की देखरेख करते हैं, यहां पर भोजन की गुणवत्ता उच्च स्तरीय रखी जाती हैं दाल, चावल, रोटी, सब्जी, मिष्ठान्न और फल के अतिरिक्त दूध, मट्ठा, सत्तू, दलिया दोनों समय निशुल्क है, मरीजो के तीमारदार भी भोजन करते हैं, औसत चार सौ लोग रोज होते हैं, कोरोना काल में तो रोज हजार थालियां भी वितरित की जाती रही हैं। समिति के महामंत्री श्री सुरेन्द्र गुप्ता 'गोल्डी मसाले ने बताया कि रामरोटी प्रकल्प ब्रह्मलीन पद्मभूषण स्वामी सत्य मित्रा नन्द गिरि जी महराज के आशीर्वाद से एवम जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज एवं वेदाचार्य स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज की गरिमापूर्ण उपस्थिति में वर्ष 2015 की अक्षय तृतीया को प्रारम्भ हुआ था यह हमारा सौभाग्य है कि हम अब तक सोलह लाख भोजन थालियां निशुल्क वितरित कर सके हैं। प्रमुख रूप से श्री प्रहलाद दास गुप्ता एवं श्री राधेश्याम शर्मा, हरी किशन चोखानी, श्री राजेंद्र गुप्ता, प० शेष नारायण त्रिवेदी, माधवी सेंगर, सरोज गुप्ता, शशि गुप्ता, सत्यनारायण नेवटिया का इस कार्य में सहयोग रहता है, लोग अपने मंगल अवसरों पर भी सहयोग राशि का दान करते रहते हैं, लेकिन मुख्य रूप से संचालन समिति ही करती है,

## सलाह : जागरूकता ही लोगों को डिजिटल अपराधों से बचा सकती है: कर्नल विनोद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

ऑनलाइन धोखाधड़ी की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए डाक कर्मचारियों के लाभ के लिए आज सतर्कता शाखा वाराणसी क्षेत्र द्वारा साइबर सुरक्षा सत्र का आयोजन किया गया। कर्नल विनोद पीएमजी वाराणसी ने स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया और ऑनलाइन लेनदेन के दौरान होने वाले सभी खतरों और लॉटरी घोटाले, पुरस्कार धोखाधड़ी, रोजगार धोखाधड़ी और अन्य प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया।

कर्नल विनोद ने बताया कि प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा की जाने वाली सबसे आम धोखाधड़ी के बारे में जानने की जिज्ञासा थी, जिसमें वे स्वयं को पुलिस अधिकारी या प्रवर्तन विभाग के अधिकारी के रूप में पेश करते हैं। कर्नल विनोद ने स्टाफ




सदस्यों को धोखाधड़ी के तरीकों के बारे में जानकारी दी और सभी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या किसी अज्ञात वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने उनसे संभावित धोखाधड़ी के बारे में स्वयं को शिक्षित करने तथा ज्ञात व्यक्तियों के बीच जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि लालच ऐसी धोखाधड़ी के मामलों का मुख्य कारण है और यह स्पष्ट है कि यह बहुत सारा पैसा कमाने का शॉर्टकट है।

सुश्री पल्लवी एएसपी सतर्कता ने सरकारी कार्य के दौरान साइबर सुरक्षा के निहितार्थ के बारे में भी बताया, क्योंकि पासवर्ड और गुप्त जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा की जा सकती है जो किसी के खाते से पैसा निकालने का इरादा रखता है। श्री एम.एम. हुसैन ने एक धोखेबाज व्यक्ति से फोन पर बात करने का अपना अनुभव भी साझा किया, जो उनके खाते का ओटीपी पूछ रहा था। श्री राहुल ने बताया कि कई बार लोग अज्ञानता के कारण जानकारी साझा कर देते हैं और धोखा खा जाते हैं। इस अवसर पर सतर्कता शाखा के स्टाफ सदस्यों श्री पंकज एवं श्री शिव राम कृष्ण को सतर्कता कार्यों में उनके योगदान के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कर्नल विनोद ने साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और सलाह दी कि यदि ऐसा कोई अपराध होता है तो लोग www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें या 1930 टेलीफोन नंबर पर कॉल करें।

## मुख्यमंत्री योगी ने हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ जिलों में निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उच्च गुणवत्ता के साथ ही तय समयसीमा में गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार होना चाहिए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री रविवार को हरदोई जिले के बिलग्राम में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने हरदोई के बाद शाहजहांपुर (जलालाबाद) और हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर) में भी मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया।



यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने रविवार को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का दौरा किया और यूपीडा व निर्माण में जुटी एजेंसियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयसीमा में एक्सप्रेसवे को तैयार करने के निर्देश दिए। यूपीडा के एक अधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे चार समूहों में बन रहा है। तीन ग्रुप (2,3,4) को अडानी बना रहा है और ऐक ग्रुप को आईआरबी कंपनी द्वारा पीपीपी मॉडल पर बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे पर ग्रुप-1 और ग्रुप-2 के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया, जबकि ग्रुप-3 और ग्रुप-4 के तहत चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं एक्सप्रेसवे पर कार से सफर किया और निर्माणकार्य की गुणवत्ता पर खुशी जताई। उन्होंने पहली बार एक्सप्रेसवे में उपयोग में लाई जा रही जर्मन तकनीक को भी विस्तार से समझा। मुख्यमंत्री ने कार्य कर रहे श्रमिकों से भी मुलाकात की और उनके साथ फोटो भी खिंचवाए।

इसके बाद मुख्यमंत्री जलालाबाद, शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को देखने पहुंचे। यहां उन्होंने हवाई सर्वे के माध्यम से कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने 3.5 किमी. लंबी एयरस्ट्रिप का एरियल सर्वे भी किया। इस एयरस्ट्रिप पर 2 और 3 मई को एयरशो का आयोजन किया जाना है। अभी तक किसी भी एयरस्ट्रिप पर नाइट लैंडिंग नहीं की गयी है। गंगा एक्सप्रेसवे पर पहली बार मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नाइट लैंडिंग कराए जाने की योजना है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनाया जा रहा गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को आपस में जोड़ेगा।

एक्सप्रेसवे का भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18 दिसंबर 2021 को शाहजहांपुर में किया था जिसके जल्द पूरा होने की उम्मीद है।

## प्रयागराज की बेटियां जनपद का नाम पूरे देश और प्रदेश में रौशन कर रही हैं: नन्दी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा महक जायसवाल को फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के कनेहटी गांव स्थित उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। उत्साहवर्धन किया। सीमित संसाधन एवं अभावों के बाद भी अपने घर, परिवार और प्रयागराज का नाम रौशन करते हुए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।मंत्री नन्दी ने छात्रा महक जायसवाल का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे प्रतिभा का बहुत सम्मान करते हैं। पिछले करीब 18 वर्षों से प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते चले आ रहे हैं। मंत्री नन्दी ने



कहा कि जिस रास्ते पर चलने का प्रण किया है, उसी पर चलें। सफलता आपके कदम चूमेगी। मंत्री नन्दी छात्रा महक जायसवाल के कनेहटी स्थित आवास पर पहुंचे तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बड़ी संख्या में आस-पास के गांवों एवं क्षेत्रों के लोग उनके घर पहुंच गए। मंत्री नन्दी ने गांव में पहुंचते ही महक जायसवाल को ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शॉल ओढ़ा कर व उपहार देकर सम्मानित किया। मंत्री नन्दी ने महक जायसवाल के बड़े भाई आयुष जायसवाल एवं बड़ी बहन को भी सम्मानित किया। महक जायसवाल के पिता के बारे में पूछा तो परिजनों ने बताया कि वे जनपद कौशाम्बी के कोखराज थाना क्षेत्र में हैं, जहां पर वे चाय-पान की दुकान लगाते हैं। इसी दुकान से परिवार का गुजारा चलता है। मंत्री नन्दी ने कहा कि महक जायसवाल की यह सफलता उनकी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और अनुशासन का प्रमाण है। महक जायसवाल ने प्रयागराज के सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाते हुए समस्त प्रयागराजवासियों को गौरवान्वित किया है। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रयागराज की बेटियां जनपद का नाम पूरे देश और प्रदेश में रौशन कर रही हैं। अभी हाल ही में प्रयागराज के नैनी क्षेत्र की रहने वाली बिटिया शक्ति दुबे ने कठिन मेहनत एवं अटल इच्छा शक्ति के बल पर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं महक जायसवाल ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट की परीक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर प्रयागराज में रहकर संघर्ष कर रहे हजारों छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा की लौ जलाई है। इस अवसर पर भाजपा गंगापार कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी पप्पू नीमीथरिया, राकेश केसरवानी, नीरज जायसवाल, राजकुमार मोदनवाल, अशोक चौधरी, सुरेंद्र मौर्य, अविनाश प्रधान, मनीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पहलगाम की घटना हमें याद दिलाती है कि पर्यटकों को निशाना जाति के नहीं, धर्म के आधार पर बनाया गया: जय भगवान गोयल

**नई दिल्ली**। दिल्ली के संगम विहार में यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट द्वारा एक विशाल कैंडल मार्च, विरोध प्रदर्शन व आतंकवाद का पूतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद और पाकिस्तान प्रायोजित जिहादियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई तथा आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी शिवसेना माननीय श्री जय भगवान गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को उनकी जाति पूछकर नहीं, उनके धर्म के आधार पर मारा गया था। यह घटना न केवल मानवता पर हमला थी, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश देती है कि आतंकवाद का मकसद संप्रदाय विशेष को निशाना बनाना था। यह घटना हमें चेतावनी देती है कि जब




बात हमारे अस्तित्व और अस्मिता की हो, तब हमें एकजुट होकर अपने धर्म, संस्कृति और पहचान की रक्षा करनी चाहिए। हम सबका कर्तव्य है कि हम इन घटनाओं को केवल याद ही न रखें, बल्कि इनके पीछे छिपे षड्यंत्र को भी समझें और उसके खिलाफ आवाज बुलंद करें।

श्री गोयल ने कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत जी ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा है कि अपने देश की रक्षा के लिए अधर्मियों को मारना कोई हिंसा नहीं है और अब तो पूरा देश और पुरी दुनिया इस बात का इंतजार कर रही है कि कब और कैसे भारत पाकिस्तान और इनके पाले आतंकियों को नेस्तनाबूत करता है, पूरे देश के लोगों में पहलगाम की घटना को लेकर गहरा रोष है आज तो ऐसा लगता है कि जैसे देश का बच्चा-बच्चा भारत की सीमा पर जाकर पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध लड़ने को तैयार है।

उन्हांने कहा कि मैं सभी देशवासियों से अपील करता है कि वे सजग रहें, संगठित रहें और ऐसे कृत्यों के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हों। धर्म के नाम पर निर्दोषों का रक्त बहाने वालों को माफ नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए स्पष्ट नारे लगाए “धर्म पूछकर मारा है-नाम पूछकर ठोकेंगे !“

इस अवसर पर सर्वश्री ईश्वर चौधरी (राष्ट्रीय सचिव), महेन्द्र मनचंदा (अध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश), अवध कुमार (संगठन महामंत्री, दिल्ली), श्रीकांत यादव (सचिव, दिल्ली प्रदेश), कार्यक्रम आयोजक विनोद नाहल, सत्येंद्र तोमर, गिरधारी लाल मित्तल (जिला संयोजक आरएसएस), दिलबाग सिंह, सुशील गर्ग (अध्यक्ष कालकाजी विधानसभा), जेपी सिंह, बालकिशन आर्य, शिवकुमार (अध्यक्ष आरडब्ल्यूए देवली), ज्ञान प्रकाश गुप्ता (उपाध्यक्ष आर डब्ल्यू ए एल 1), हरवीर मान, बलवीर बल्ली, डा. जय सिंह, भगवान सिंह आदि उपस्थित थे।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।